श्रावण कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


मंगलवार, 23 जुलाई 2024
वर्ष 4, अंक 156, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com


न्यूट्रान तारे के जेट की तस्वीर कैमरे में कैद 14

सिंघम के प्रदर्शन के 13 साल सिंघम अगेन की शूटिंग पूरी 13


**नरेन्द्र मोदी ने कहा- विपक्ष ने स्वार्थ के लिए संसद का दुरुपयोग किया, कांग्रेस बोली- प्रधानमंत्री ने 10 साल तक देश का गला घोंटा**

# संसद सत्र के पहले ही दिन ठनी

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद के पहले दिन ही लोकसभा में भाजपा और विपक्षी दलों के बीच गहमागहमी देखने को मिली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर नकारात्मक राजनीति करने और अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए संसद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया तथा कहा कि संसद किसी दल के लिए नहीं बल्कि देश के लिए है। इस पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि मानसून सत्र की शुरुआत के मौके पर विपक्ष को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की गई है, जबकि उन्होंने 10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज दबाई जिसकी सजा जनता ने हालिया लोकसभा चुनाव में उन्हें दी।

संसद सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मंगलवार को पेश होने वाला केंद्रीय बजट अगले पांच वर्षों में सरकार की यात्रा की दिशा तय करेगा और 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने की नींव रखेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद के पिछले सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष ने ढाई घंटे तक देश के प्रधानमंत्री का गला घोंटने का प्रयास किया। मोदी ने कहा कि लोगों ने लोकसभा चुनाव में अपना फैसला दे दिया है और अब सभी राजनीतिक दलों को अगले पांच साल देश के लिए मिलकर लड़ना होगा। वहीं कांग्रेस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को मोदी सरकार शब्द के इस्तेमाल से भी बचना चाहिए और खुद को लोकतांत्रिक साबित करना चाहिए। संसद के मानसून सत्र से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए पवन खेड़ा ने कहा जिस व्यक्ति ने 10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज़ दबाई, वो आज प्रतिपक्ष के आवाज उठाने पर रुदन करता हुआ बेहद कमजोर दिख रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिपक्ष पर अशोभनीय टिप्पणी के साथ आज मानसून सत्र की शुरुआत की।



राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह व अमित शाह।

### बिहार के लिए विशेष दर्जे की मांग, सरकार ने नकारा

**नयी दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का मुद्दा उठाये जाने के बीच सरकार ने 2012 में तैयार एक अंतर-मंत्रालयी समूह की रिपोर्ट का हवाला देते हुए सोमवार को कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का कोई मामला नहीं बनता है। वहीं राज्यसभा में विशेष दर्जा और पैकेज की मांग उठाई।

### पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड न बनाए जाएं : अखिलेश

**नई दिल्ली।** लोकसभा में प्रश्न काल में सपा के अखिलेश यादव ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले पर कहा कि सरकार क्या पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड बनाएगी। यादव ने कहा कि अनेक परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं, पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड न बनाये जाएं। नीट पेपर लीक मामले को लेकर पूरे देश के विद्यार्थी आंदोलित हैं।



### नीट मुद्दे को लेकर राहुल और धर्मेंद्र प्रधान आमने-सामने

- शिक्षा मंत्री बोले- कोर्ट में है मामला, जो निर्देश होगा हम उसे मानेंगे

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान नीट मुद्दे पर बोलने की अनुमति न दिए जाने का विरोध करते हुए विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। प्रश्न काल की कार्यवाही के दौरान सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अपनी जगह पर खड़े होकर नीट पेपर लीक का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान अपने को छोड़कर इससे जुड़े प्रत्येक व्यक्ति पर आरोप लगा रहे हैं। परीक्षाओं को लेकर क्या चल रहा है, उसे मंत्री महोदय समझ नहीं रहे हैं। नौकरियों और प्रवेश परीक्षाओं के पेपर लीक होने से लाखों विद्यार्थी प्रभावित हो रहे हैं। विद्यार्थी बहुत चिंतित हैं कि यह क्या हो रहा है। विद्यार्थी मान बैठे हैं कि देश में परीक्षा प्रणाली में धोखाधड़ी होती है। इस पर प्रधान ने कहा कि उन्हें ओडिशा के उनके निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं ने चुनकर यहां भेजा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्री बनाया है। उन्हें किसी से प्रमाण-पत्र नहीं चाहिये। इसके बाद गांधी सहित अन्य विपक्षी सदस्य कुछ कहना चाहते थे, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अनुमति नहीं दी।

# आर्थिक सर्वेक्षण में जीडीपी ग्रोथ 7.0% रहने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद के मानसून सत्र के पहले दिन लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव को मजबूत और वैश्विक उठापटक को झेलने में सक्षम बताते हुए आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 की तस्वीर पेश की। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7 प्रतिशत तक रहने का अनुमान है। वहीं भारत में बढ़ते कार्यबल की रोजगार की जरूरत पूरी करने के लिए गैर कृषि क्षेत्र में 2030 तक प्रति वर्ष 78.5 लाख नौकरियों के अवसर बनाने की जरूरत है।

सीतारमण ने कहा कि आर्थिक दृष्टि के लिहाज से जोखिम काफी हद तक संतुलित हैं और बाजार में उम्मीदें काफी ज्यादा हैं। अनेक तरह की विदेशी चुनौतियों के बावजूद वित्त वर्ष 2022-23 में हासिल की गई भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की तेज गति वित्त वर्ष 2023-24 में भी बरकरार रही। वृहद आर्थिक स्थिरता पर फोकस करने से यह सुनिश्चित हुआ कि विदेशी चुनौतियों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर न्यूनतम प्रभाव पड़ा। वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत रही, वित्त वर्ष 2023-24 की चार तिमाहियों में से तीन तिमाहियों में विकास दर आठ प्रतिशत से अधिक रही।



- सर्वेक्षण में दिखी अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर, वित्त मंत्री आज पेश करेंगी बजट हर साल 78.5 लाख नौकरियों की जरूरत

### आर्थिक समीक्षा अर्थव्यवस्था की ताकत को दिखाती है : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि संसद में पेश किया गया आर्थिक सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था की मौजूदा ताकत को रेखांकित करता है और सरकार द्वारा लाए गए विभिन्न सुधारों के परिणामों को भी प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा यह आगे के विकास और प्रगति के क्षेत्रों की भी पहचान करता है क्योंकि हम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रह हैं।

## एक नजर

### मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 जुलाई तक बढ़ा दी। सिसोदिया को उनकी पूर्व में दी गई न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किया गया था, उस दौरान ही विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह आदेश पारित किया। 30 अप्रैल को जमानत याचिका खारिज की थी।

### निपाह : संपर्क में आए 350 लोगों में संक्रमण का खतरा

**कोझिकोड।** दुर्लभ संक्रमण से जान गंवाने वाले 14 वर्षीय लड़के के संपर्क में आने के कारण निपाह वायरस से संक्रमित होने के खतरे का सामना करने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 350 हो गई है, जिनमें से 101 से भी ज्यादा लोग उच्च जोखिम की श्रेणी में हैं। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने सोमवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग 13 लोगों के परीक्षण के परिणामों की प्रतीक्षा कर रहा है, जिनके नमूने परीक्षण के लिए कोझिकोड मेडिकल कॉलेज की विषाणु विज्ञान प्रयोगशाला और तिरुवनंतपुरम के एडवांस्ड वायरोलॉजी इंस्टीट्यूट में भेजे गए थे।

### आईएनएस ब्रह्मपुत्र में आग, नाविक लापता

**मुंबई।** पोतगाह में नौसेना के बहुउद्देशीय युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र में आग लगने के बाद एक नाविक लापता है। एक आधिकारिक ने जानकारी दी कि भारतीय नौसेना के बहुउद्देशीय युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र में 21 जुलाई की शाम उस समय आग लग गई थी, जब नौसेना के मुंबई स्थित पोतगाह में उसकी मरम्मत की जा रही थी। इसमें कहा जहाज के चालक दल ने अग्निशमनकर्मियों की मदद से 22 की सुबह तक आग पर काबू पा लिया।

# कांवड़ मार्गों पर नाम प्रदर्शित करने के आदेश पर रोक

**सुप्रीम कोर्ट ने उप्र, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस किया जारी**

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने भाजपा शासित उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों द्वारा जारी उन निर्देशों पर सोमवार को अंतरिम रोक लगा दी, जिनमें कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को अपने मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के लिए कहा गया है। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकारों के इन निर्देशों का उद्देश्य धार्मिक भेदभाव को बढ़ावा देना है।

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकारों को नोटिस जारी किया और उनसे निर्देश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब देने को कहा। मध्य प्रदेश में उज्जैन नगर निगम ने भी दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के बाहर नाम और मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने का शनिवार को निर्देश दिया था। पीठ ने राज्य सरकारों को नोटिस जारी करने के साथ ही कहा कि भोजनालयों के लिए यह प्रदर्शित करना आवश्यक किया जा सकता है कि वे किस प्रकार का भोजन परोस रहे हैं, जैसे कि वे शाकाहारी हैं या मांसाहारी। पीठ ने इस मामले पर आगे की सुनवाई शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी।



### सिंघवी ने कहा- परोक्ष रूप से आदेश पारित किया गया

पीठ ने सुनवाई की शुरुआत में महुआ मोइत्रा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से पूछा कि क्या इस मामले में कोई औपचारिक आदेश पारित किया गया है। सिंघवी ने कहा कि भोजनालयों के मालिकों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में एक परोक्ष आदेश पारित किया गया है। सिंघवी ने कहा कि भोजनालयों के मालिकों के नाम प्रदर्शित करने संबंधी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड का आदेश पहचान के आधार पर बहिष्कार है और यह संविधान के खिलाफ है। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर उदय सिंह ने कहा कि राज्य के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि आदेश का अनुपालन स्वैच्छिक है, लेकिन इसे बलपूर्वक लागू किया जा रहा है।

# नीट-यूजी: कोर्ट ने टीम बनाकर प्रश्न के सही उत्तर पर रिपोर्ट सौंपने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने विवादों में घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई शुरू की और आईआईटी-दिल्ली के निदेशक से तीन विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने को कहा, जो इस परीक्षा में पूछे गए एक विशेष प्रश्न पर विचार करेगी और मंगलवार दोपहर तक सही उत्तर पर एक रिपोर्ट पेश करेगी।

शीर्ष अदालत ने कुछ अभ्यर्थियों की उस दलील पर गौर किया कि परमाणु और उसकी विशेषताओं से संबंधित एक प्रश्न के दो सही उत्तर थे और परीक्षार्थियों के एक समूह, जिन्होंने दो सही उत्तरों में से एक विशेष उत्तर दिया था, उन्हें चार अंक दिए गए। याचिकाकर्ताओं ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष दलील दी कि इसका सफल उम्मीदवारों की अंतिम मेधा सूची पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।



### व्यापक स्तर पर पेपर लीक का रिकॉर्ड नहीं

पीठ ने नीट-यूजी 2024 को रद करने का अनुरोध कर रहे याचिकाकर्ताओं से यह दर्शाने को कहा कि परीक्षा आयोजित करने में व्यवस्थागत विफलता हुई थी। पीठ ने कहा कि अब तक रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है, जो यह दर्शाए कि प्रश्नपत्र लीक व्यापक स्तर पर हुआ था। उसने कहा कि पटना और हजारीबाग में कुछ गलत कृत्यों के उदाहरण हैं, लेकिन वे व्यवस्थागत विफलता को दर्शाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

# पूर्व सैनिक ने परिवार के छह सदस्यों की हत्या की

- वारदात को अंजाम देने के बाद शवों को जलाने की भी कोशिश

अंबाला, एजेंसी

हरियाणा में अंबाला जिले के नारायणगढ़ में एक पूर्व सैनिक ने भूमि विवाद के चलते अपनी मां और भतीजे-भतीजी समेत अपने परिवार के छह सदस्यों की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात नारायणगढ के रटोर गांव में हुई।

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने शवों को जलाने की भी कोशिश की। हमले में गंभीर रूप से घायल हुई पूर्व सैनिक की भतीजी की बाद में पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सेवानिवृत्त जवान भूषण कुमार ने परिवार के सदस्यों की कथित तौर पर कुल्हाड़ी से हत्या कर दी और अपने पिता को भी घायल कर दिया। वारदात के समय पीड़ित सो रहे थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दो भाइयों के बीच कथित भूमि विवाद के कारण यह घटना हुई। मृतकों की पहचान कुमार की मां सरूपी देवी (65), भाई हरीश कुमार (35), हरीश की पत्नी सोनिया (32) और उनके तीन बच्चों - सात वर्षीय परी, पांच वर्षीय यशिका और छह माह के मयंक के रूप में हुई है।

# बारिश की स्थिति पर नजर बनाए रखें 24 घंटे अलर्ट रहें अधिकारी : धामी

- मुख्यमंत्री ने किया आपदा परिचालन केंद्र का निरीक्षण कहा- समन्वय बनाकर रखें

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को आईटी पार्क देहरादून स्थित राज्य आपदा परिचालन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही बारिश की स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को हर समय अलर्ट मोड में रहने को कहा। मुख्यमंत्री ने सचिव आपदा प्रबंधन को निर्देश दिए कि वे निरंतर जिलाधिकारियों से समन्वय बना कर रखें। नदियों के जल स्तर पर नियमित निगरानी बनाए रखें।

मुख्यमंत्री ने राज्य आपदा परिचालन केंद्र से जिलाधिकारी नैनीताल, बागेश्वर, टिहरी, रुद्रप्रयाग, पौड़ी, देहरादून से फोन से वार्ता कर बारिश की स्थिति, सड़कों की स्थिति, विद्युत और पेयजल की उपलब्धता तथा जलभराव के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिवृष्टि के कारण यातायात बाधित न हो, सड़कों के क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में उन्हें शीघ्र खुलवाया जाए। जलभराव की स्थिति में निकासी की उचित व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नदियों का जल स्तर बढ़ने की स्थिति में नदी किनारे एवं अन्य संवेदनशील इलाकों में रहने वाले लोगों को जागरूक किया जाए।

मुख्यमंत्री ने सचिव आपदा प्रबंधन को हर जिले की अतिवृष्टि की स्थिति पर निरंतर नगर बनाए रखने के निर्देश दिए। ताकि किसी भी आपातकाल स्थिति से निपटा जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा को लेकर किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। रिस्पांस टाईम कम से कम रखा जाए।

**मिलक थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर हादसा**

# जनरथ व निजी बस भिड़ीं चार की मौत, 50 घायल



हादसे के बाद हाईवे से क्षतिग्रस्त बसें हटवाती पुलिस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/मिलक

- घायलों में पांच बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही
- मरने वालों में मेरठ, बरेली और श्रावस्ती के रहने वाले

**अमृत विचार:** मिलक थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर सोमवार तड़के रोडवेज की जनरथ बस और निजी वॉल्वो बस की भिड़ंत हो गई। हादसे में बस चालक और तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि 50 यात्री घायल हो गए। पांच बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जान गंवाने वालों में मेरठ,बरेली और श्रावस्ती के रहने वाले लोग हैं। इनके अलावा घायलों में श्रावस्ती, सीतापुर, बहराइच और दिल्ली के यात्री शामिल हैं।

बताया जाता है कि रविवार को गुरु पूर्णिमा पर जिला श्रावस्ती के लोग निजी वॉल्वो बस से शांतिकुंज ,हरिद्वार गए थे। रविवार तड़के साढ़े चार बजे बरेली की ओर से आ रही रोडवेज की जनरथ बस और वॉल्वो मिलक में हाईवे पर एक पेट्रोल पंप के सामने आमने- सामने टकरा गईं। दोनों बसों में 100 से ज्यादा यात्री सवार थे। हादसे के बाद बसों के यात्रियों में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। पुलिस और लोगों ने किसी तरह बसों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में मेरठ जिला के सरधना थाना क्षेत्र के गांव छुर्र निवासी रोडवेज बस चालक कवींद्र सिंह (55), यात्री जगदीश की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घायल यात्रियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद श्रावस्ती के गांव सुजानडीह निवासी हरिराम विश्कर्मा और बरेली के थाना मीरगंज निवासी राम मनोहर पुत्र स्वामी देवल ने भी दम तोड़ दिया। उधर, हादसे की सूचना के बाद जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ आरएस परिहार व पुलिस कर्मियों ने हाईवे से मलबा हटवाकर वाहनों का संचालन शुरू कराया।

**68 असिस्टेंट प्रोफेसर, 63 अधिशासी अधिकारी एवं 22 कर व राजस्व निरीक्षकों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र**

# मुख्यमंत्री ने प्रदान किए 153 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग में चयनित 68 असिस्टेंट प्रोफेसर, शहरी विकास विभाग में चयनित 63 अधिशासी अधिकारी एवं 22 कर व राजस्व निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में लोक सेवा आयोग से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री ने अभयर्थियों से कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिलने वाली है, उसका निर्वहन पूर्ण मनोयोग और ईमानदारी से करना है। जीवन के इस नए आयाम में नई शुरुआत करनी है, नौकरी के पहले दिन से ही संकल्प लेकर अनुशासित रहकर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के विश्वास पर खरा उतरना प्राथमिकता रहनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शहरी क्षेत्रों के विकास हेतु अनेक कार्य कर रही है। सभी छोटे बड़े शहरों को विकसित करने हेतु निरंतर कार्य जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सभी शहरों के नवीनीकरण का कार्य भी तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। राज्य में 20 मॉडल कॉलेज बनाए जा रहे हैं। राज्य सरकार ने देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून लागू करके इस समस्या को जड़ से खत्म किया है। आज योग्यता के आधार पर नौकरियां मिल रही हैं। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि लोक सेवा आयोग से चयनित सभी युवा, आने वाले समय में हमारे योग्य और सक्षम अधिकारीगण बनेंगे। आज प्रदेश में 105 निकाय हैं, शहरी विकास की योजनाओं को आगे बढ़ाने में युवा अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इन अभ्यर्थियों के आने से विभाग के कार्यों में तेजी आएगी। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में तीन वर्षों में 15 हजार 500 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी देने का कार्य किया गया है। इस वर्ष 4000 बेसिक शिक्षकों, 1600 एल.टी , 882 लेक्चरर, करीब 622 प्रधानाचार्य, बीआरपी सीआरपी में 1500, हर इंटर कालेज हेतु 2500 चतुर्थ श्रेणी की नियुक्ति करने वाले हैं। इस प्रकार से कुल 11 हज़ार लोगों की नियुक्तियां शिक्षा विभाग में होंगी।





देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोक सेवा आयोग से चयनित अभ्यर्थीयों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

## सार-संक्षेप


एनसीसी शिविर के दौरान बोट रेस को हरी झंडी दिखाते आयुक्त दीपक रावत।

### बोट रेस में राजपूत हाउस को मिला पहला स्थान

**नैनीताल** : पांच यूके नेवल यूनिट एनसीसी की ओर से नैनीझील में मोस्ट इंटरफेसिंग नेवल यूनिट मीनू कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस बीच नेवल यूनिट के कैडेटों ने रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किये। बोट रेस में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। अगले दस दिनों तक कैडेट नैनी झील में वैलर व सेलिंग बोट से 280 किमी बोटिंग का टारगेट पूरा करेंगे। सोमवार को नयना देवी मंदिर के समीप स्थित बोट स्टैंड में आयोजित कार्यक्रम में राजपूत हाउस ने पहला स्थान पाया। कैडेटों ने योगा, ताक्वावांडो व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान आयुक्त ने कहा कि कैडेटों का अनुशासन देख उन्हें स्वयं का बचपन याद आ गया। सब लेफ्टिनेंट डॉ रितेश साह ने बताया कि मीनू प्रतियोगिता में कैडेटों को 280 किमी की बोटिंग रेस पूरी करनी पड़ती है। इस दौरान कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन चंद्र विजय नेगी, तहसीलदार मनीषा मरकाना, चीफ प्रशिक्षक कौशिश मौर्य, रविंद्र गिरी, आरपी गुर्जर, अजीत, करमवीर सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### बारिश के रेड अलर्ट का सरोवर नगरी में असर नहीं

**नैनीताल।** सोमवार को मौसम विभाग की तेज बारिश के पूर्वानुमान को लेकर जिला प्रशासन ने स्कूलों में अवकाश घोषित किया था, लेकिन सुबह नगर में कोहरा छाया था और फिर अचानक गुनगुनी धूप खिल गई थी हालांकि देर शाम के बाद रुक-रुक कर हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई थी। मौसम केंद्र जीआईसी के अनुसार सोमवार को नगर में अधिकतम तापमान 19 डिग्री तो वही न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते शनिवार से नगर में एक बार फिर से सैलानियों की चल पहला तेज हो चुकी है। वीकेंड के बाद सोमवार को भी काफी संख्या में सैलानियों की मौजूदगी से नगर में रौनक देखने को मिली।

### निजी फर्म में तैनात सुरक्षा कर्मी का शव मिला

**भीमताल** : भीमताल विकासखंड के तल्ला तिरछाखेत निवासी एक सुरक्षा कर्मी का शव सातताल के गधेरे में मिलने से सनसनी फैल गई। वाईएमसीए में सुरक्षा कर्मी महेश नाथ गोस्वामी पुत्र तुला नाथ गोस्वामी का शव सोमवार को मिला। स्थानीय निवासियों से सूचना मिलने पर एसआई गगनदीप सिंह मौके पर पहुंचे और शव को भीमताल चिकित्सालय में रखा। खबर लिखे जाने तक परिवाजनों के द्वारा किसी प्रकार की तहरीर नहीं दी गई थी।

### युवक ने किया जहर का सेवन, हल्द्वानी में भर्ती

**भीमताल** : धारी विकासखंड के सरना में दो व्यक्तियों से परेशान युवक ने कीटनाशक पी लिया। मदन सिंह (31) ने 20 जुलाई को धारी पुलिस को एक युवक के खिलाफ 16 जुलाई को मारपीट और 20 जुलाई को अन्य व्यक्ति पर एक लाख रुपये मांगने और राजीनामे का दबाव डालने को लेकर तहरीर दी थी, लेकिन सोमवार को उसने कीटनाशक पी लिया। मदन सिंह को हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### 158 शिक्षकों को दुर्गम से दुर्गम श्रेणी में विद्यालय आवंटित

**नैनीताल** : माध्यमिक शिक्षा कुमाऊं मंडल के अंतर्गत सहायक अध्यापक एलटी के स्थानांतरण में पद स्थापना को लेकर सोमवार को अनुरोध के आधार पर 158 शिक्षकों को दुर्गम से दुर्गम श्रेणी में काउंसिलिंग के माध्यम से विद्यालय आवंटित किए गए। अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा लीलाधर व्यास ने बताया कि सोमवार को तीसरे दिन की काउंसिलिंग में अनुरोध के आधार पर दुर्गम से दुर्गम श्रेणी में स्थानांतरण चाहने वाले 500 शिक्षकों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें से कुल 158 शिक्षकों को विद्यालय आवंटित किए गए। इस मौके पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज कुमार भट्ट, निधि रावत, जगमोहन रौतेला, ललित उपाध्याय, मनोज भट्ट, संजय रौतेला, अनुपम दूबे आदि मौजूद रहे।

### उत्कृष्ट कार्य करने पर कई अधिकारी सम्मानित


ईओ पूजा आर्या को सम्मानित करते मुख्य विकास अधिकारी।

**नैनीताल** : लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान जागरुकता अभियान व अन्य चुनाव संबंधी कार्यों का बखूबी निर्वहन करने पर सोमवार को विकास भवन भीमताल में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पूजा आर्या सहित, नगर आयुक्त हल्द्वानी, महाप्रबंधक उद्योग विभाग, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, सहायक परियोजना निदेशक ग्राम विकास, सचिव महाप्रबंधक नैनीताल डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक, खंड विकास अधिकारी रामनगर जगदीश पंत, सहायक खंड विकास अधिकारी धारी उमाकांत पंत, प्रधानाचार्य ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल, हलद्वनी, प्रधानाचार्य बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ एंप्लॉय साइंसेज भीमताल, प्रधानाचार्य आम्रपाली ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट हल्द्वानी को मुख्य विकास अधिकारी की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### पालिका को जू शटल सेवा के लिए नहीं मिला आवेदक

**नैनीताल** : नगर पालिका की ओर से जू शटल सेवा की निविदा जारी की गई थी, जिसकी 20 जुलाई को निविदा खोली जानी थी, लेकिन निविदा खोलने पर एक भी टेंडर नहीं पड़ा। पालिका ने शटल सेवा के लिए इलेक्ट्रिक कार का ही विकल्प रखा है। शटल सेवा में अधिकतम 10 कारों का ही संचालन किया जाएगा। इस कारण टेंडर नहीं पड़ा, हालांकि पालिका ने टेंडर की समय सीमा एक साल से बढ़ाकर दो साल की है। अब पालिका की ओर से दोबारा जू शटल के लिए टेंडर अपलोड कर दिया गया है। अगर दोबारा भी किसी की ओर से टेंडर नहीं डाला गया तो टेंडर में बदलाव किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी पूजा चन्द्रा ने बताया कि जू शटल सेवा का एक बार टेंडर जारी करने के बाद कोई इच्छुक ठेकेदार नहीं मिला। जिस कारण दोबारा टेंडर अपलोड किया गया है। दोबारा भी टेंडर नहीं पड़ा तो टेंडर में बदलाव किया जाएगा।

# सावन के पहले सोमवार को मंदिरों में उमड़े शिव भक्त

## शिवालयों में गंगाजल और दूध के साथ बेलपत्र भी चढ़ाए, मां नैना देवी मंदिर में स्थानीय लोगों के साथ सैलानियों ने भी किया जलाभिषेक

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार** : सावन माह के पहले सोमवार पर नगर के विभिन्न मंदिरों में सुबह से भक्तों की कतार देखने को मिली। इस दौरान भक्तों ने विश्व विख्यात मां नयना देवी मंदिर स्थित शिवालय सहित ठंडी सड़क के पाषाण देवी मंदिर, गुफा महादेव मंदिर, हनुमानगढ़ मंदिर, माल रोड, मां वैष्णो देवी मंदिर, मनसा देवी मंदिर सहित नगर व आसपास के मंदिरों में भक्तजनों की सुबह से भीड़ जुटी रही।

भक्तजनों ने शिवालयों में गंगाजल, दूध व जल के साथ बेलपत्र भी चढ़ाए। नगर के मां नैना देवी मंदिर में स्थानीय लोगों सहित सैलानियों ने शिवलिंग का


नयना देवी मंदिर में जलाभिषेक करते भक्त। ● अमृत विचार

जलाभिषेक किया। बता दें कि उत्तराखंड के कुमाऊं व गढ़वाल क्षेत्र में हरेले के बाद से ही सावन माह का शुभारंभ होता है। इस बार सोमवार को हरेला होने के चलते भी मंदिरों में भक्तों का जमावड़ा लगा रहा।

### भीमताल के मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**भीमताल** : नगर और आसपास के मंदिरों में सावन के प्रथम सोमवार को पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। नल दमयंती शिव मंदिर, हर की पैड़ी, भीमताल के पौराणिक द्वापर युगीन श्री भीमेश्वर मंदिर में सवेरे से ही श्रद्धालुओं का आना प्रारंभ हुआ, जो दोपहर तक जारी था।

### हर-हर महादेव की गूंज

**कालाढूंगी** : भगवान शिव के प्रिय सावन माह के पहले सोमवार पर कालाढूंगी, कोटाबाग, बैलपड़ाव क्षेत्र शिव के रंग में रंग गई। शिवालयों में हर तरफ भगवान के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। सुबह से शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भीड़ लगने लगी।

### शिव मंदिर में किया भंडारे का आयोजन


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त। ● अमृत विचार

नैनीताल : सावन के पहले सोमवार को माल रोड स्थित शिव मंदिर में प्रात: काल शुभ मुहूर्त पर श्वांग कर्म, रुद्राभिषेक, धर्मार्थ काम, मोक्ष, कर्मयोग आदि के विषय में संक्षिप्त रूप से बताया गया, जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मुख्य जजमान पूरन सिंह बोरा, नीतू बोरा, आचार्य बीबी जोशी, अंकित, मनोज, लखन आदि लोग मौजूद रहे।

# हल्द्वानी के सभी शिवालयों में तड़के 4 बजे से पहुंचे श्रद्धालु

▸▸ **गंगाजल, बेलपत्र, दूध और शहद से भगवान शिव का किया अभिषेक**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : सावन के पहले सोमवार पर शहर के सभी शिवालयों में तड़के 4 बजे से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की।

शहर के बेलबाबा मंदिर, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, पटेल चौक स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर, रामलीला मैदान स्थित आंवलेश्वर मंदिर, मंगलपड़ाव स्थित प्राचीन शिव मंदिर सहित सभी प्रमुख मंदिरों में लोगों ने दिनभर पूजा-अर्चना की। भक्तों ने गंगाजल, बेलपत्र, दूध और शहद आदि से भगवान शिव का अभिषेक किया। सुबह बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गया था दिनभर लोगों का शिवालयों में पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। उन्होंने अपनी मनोकामनाएं पूरी करने


बेलबाबा मंदिर में शिवलिंग पर जल चढ़ाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


पहले सोमवार को बेलबाबा मंदिर में कतार में खड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

के लिए भगवान शंकर से प्रार्थना की। शिवालयों में पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किये गये थे।

# पर्यटन के साथ व्यवसाय को नई दृष्टि देगा होटल नमः नैनीताल

▸▸ **मनुमहारानी को मिला नया नाम, विश्व स्तरीय अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ होटल का शुभारंभ 14 अगस्त को होगा**

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार** : नगर का प्रतिष्ठित होटल मनुमहारानी अब नए नाम नमः नैनीताल के अवतार में नजर आएगा। व्यवसाय ही नहीं बल्कि क्षेत्र के पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से होटल का जीर्णोद्धार किया गया है।

विश्व स्तरीय अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ होटल का शुभारंभ 14 अगस्त को होगा। महाप्रबंधक



नरेश गुप्ता ने बताया कि देश के प्रमुख पर्वतीय पर्यटन नगर होने के नाते पर्यटकों की सुविधाओं के मांग के अनुरूप होटल को नए अंदाज में सुसज्जित किया गया है।

कुमाउनी संस्कृति के साथ विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ जीर्णोद्धार किया गया है, जिसमें डेढ़ वर्ष से अधिक समय लगा है। होटल का स्वामित्व देश के प्रतिष्ठित डीएस ग्रुप का है, जबकि प्रबंधन मशहूर होटल समूह रेडिसन इंडिविजुअल रिट्रीट का रहेगा। डीएस ग्रुप के देश के विभिन्न प्रान्तों में आधा दर्जन होटल हैं। नमः के नाम से पहला होटल कॉर्बेट पार्क, रामनगर में स्थित है। जिसकी स्थापना डेढ़ दशक पहले हुई थी। नमः नैनीताल पूर्णतः सेंट्रल वातानुकूलित है, जिसमें हीटिंग व कूलिंग की व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त नवीनतम सुविधाएं प्रदान की गई हैं। इससे निश्चित ही विदेशी सैलानियों की आमद बढ़ेगी। साथ ही देश के नामचीन लोग ठहर सकेंगे। होटल की तैयारियां इन दिनों अंतिम चरण में हैं।

## प्रोफेसर की फेक आईडी से मांगे पैसे

**नैनीताल** : नैनीताल के डीएसबी कॉलेज में एक प्रोफेसर की इंस्टाग्राम में फेक आईडी बनाकर लोगों से पैसे की मांग की गई है। डीएसबी में कार्यरत डॉ. पंकज सिंह नेगी ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा कि सोमवार की सुबह किसी व्यक्ति की ओर से उनकी इंस्टाग्राम की फेक आईडी बनाई है। जिसमें उसकी फोटो भी अपलोड की गई है। उक्त आईडी से उसकी भांजी से भी बात की गई है। आईडी से उनके परिचितों को मैसेज कर पैसे की मांग की गई है। जब कई लोगों ने इस बात की जानकारी उनको दी तो उनको फर्जी आईडी होने का पता चला, जिसके बाद उन्होंने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में चली गई एक और जान

▸▸ **16 जुलाई को ओखलकांडा तल्ला ईजर में पैर फिसलने से घायल हो गया था ग्रामीण**

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार** : सरकार व स्थानीय जनप्रतिनिधि चाहे मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के कितने भी दावे कर लें, पर धरातल में जो स्थिति है उससे ना केवल लोगों की जान जा रही है बल्कि लोग अब पहाड़ों से पलायन भी कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला नैनीताल जनपद के विकासखंड ओखलकांडा


किशन सिंह।

में प्रकाश में आया है, यहां एक ग्रामीण किशन सिंह को नैनीताल जनपद में कहीं भी इलाज नहीं मिल सका। हद तो तब हो गई कि उस ग्रामीण को एम्स ऋषिकेश में भी इलाज नहीं मिला। थक हारकर परिवारजनों ने ऋषिकेश में निजी चिकित्सालय में उसको भर्ती किया, वहां भी उसकी जान नहीं बच सकी और चार दिन बाद निजी चिकित्सालय में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

## वाहन चोरी में वांछित गिरफ्तार

**नैनीताल** : शहर के मंगोली क्षेत्र से दो वर्ष पूर्व वाहन चोरी करने के मामले में वांछित चल रहे वारंटी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर आरोपित को न्यायालय मे पेश किया। जानकारी के मुताबिक 2022 में मंगोली क्षेत्र से तीन युवक वाहन चोरी कर फरार हो गए थे। पुलिस ने खैरना में तीनों को मय वाहन गिरफ्तार कर लिया था। मामले में आईपीसी की धारा 379 और 411 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को जेल भेज दिया गया था। मगर शेरवानी क्षेत्र निवासी एक आरोपित शुभम कुमार जमानत पर बाहर आने के बाद दोबारा कोर्ट में पेश नहीं हुआ। न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद कोतवाली पुलिस ने सोमवार को उसके घर के समीप से गिरफ्तार कर लिया।

# वार्ड एक गंगा विहार का सार्वजनिक मार्ग जर्जर

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार** : जब विभाग और प्रशासनिक अधिकारी लोगों की मांगों को दर किनार कर देते हैं तो लोगों के पास अपनी मांगों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का सूचना का अधिकार ही माध्यम रह जाता है। ऐसा ही एक मामला नगर पालिका के अन्तर्गत वार्ड संख्या एक से संबंधित है।

यहां के लोगों की मांग को जब विभागीय अधिकारियों ने नहीं सुना तो उन्होंने विभाग से ही मांग पूरी नहीं होने की जानकारी मांग ली। इसके लिए उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता पूरन वृजवासी से गुहार


गंगा विहार का जर्जर मार्ग।

लगाई है। सामाजिक कार्यकर्ता ने बताया कि गंगा विहार कालोनी के लोग कई सालों से अपने सार्वजनिक मार्ग की जर्जर हालत को ठीक कराने, सीसी टाइल्स निर्माण कराने की मांग करते आ रहे हैं, स्थानीय करीब 2 दर्जन से अधिक परिवार रोज परेशान रहते हैं।

# मेले में बांटे कागज के लिफाफे

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार** : हरमन माइनर डिग्री कॉलेज के छात्रों की ओर से रविवार को हरेला मेले में पर्यावरण को साफ रखने की मुहिम के तहत कागज के लिफाफे वितरित किए गए। इन लिफाफों को संस्थान में बीए एवं बीएससी के छात्रों की ओर से तैयार किया गया।

इन लिफाफों के माध्यम से पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त करने का प्रयास किया गया। मेले में छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक व कुमाउनी नृत्य आदि में पुरस्कार प्राप्त किए गए। नाटक के माध्यम से पहाड़ की विशेष संस्कृति को उजागर किया गया और संदेश दिया कि हम भारत के किसी भी राज्य में रहें या विदेशों


भीमताल में हरेला मेले में मंच पर मौजूद हरमन माइनर डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राएं।

में रहें पहाड़ी संस्कृति को नहीं छोड़ते हैं और हमेशा अपनी विशेष संस्कृति के लिए जाने जाते हैं।

प्राचार्या डॉ. मुक्ता ने छात्रों के उत्साहवर्धन के लिए बताया कि संस्थान के छात्रों ने हमेशा ही भीमताल नगर के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया है। कार्यक्रम में राम कृष्ण आर्या व शालिनी भारती ने संस्थान की बारीकियों से अवगत कराया। बताया कि संस्थान में अनेक कोर्स जैसे कम्प्यूटर, प्रतियोगिताओं की तैयारी व कम्यूनिकेशन की कक्षाएं छात्रों को अतिरिक्त रूप से दी जा रही हैं। पुरस्कार प्राप्ति के लिए समस्त कॉलेज स्टाफ ने छात्रों को बधाई दी।

# बताएं, कितने बुजुर्गों ने किया सुविधाओं के लिए आवेदन

**हाईकोर्ट ने पूछा**

▸▸ **हाईकोर्ट ने दूरस्थ गांवों के बुजुर्गों को सहूलियत देने वाली याचिका पर मांगा डाटा**

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार** : हाईकोर्ट ने प्रदेश के दुर्गम और अतिदुर्गम क्षेत्रों में वीरान हो रहे गांवों में अकेले रह रहे बुजुर्गों को मूलभूत सुविधाएं देने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता से छह सप्ताह के भीतर शपथ पत्र पेश करने को कहा है।

जिसमें इन सुविधाओं के लिए आवेदन करने वाले बुजुर्गों का आंकड़ा बताना होगा। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि उनके पास मदद के लिए आवेदन नहीं आए, हालांकि सरकार इस पर काम कर रही है। अब मामले की अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद होगी।

बागेश्वर निवासी अधिवक्ता दीपा आर्या ने हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की। याचिका में कहा गया कि प्रदेश के दुर्गम और अति दुर्गम क्षेत्रों में जिन परिवारों के लोग नौकरी व अन्य कारणों से पलायन कर चुके हैं, उन परिवारों के बुजुर्ग अकेले ही गांवों में मुश्किलों भरा जीवन यापन कर रहे हैं। देखभाल से विरत इन बुजुर्गों का जीवन बारिश व सर्दियों में बदतर हो जाता है। इन रिमोट इलाकों में एनजीओ भी नहीं पहुंच पाते हैं, जिससे इन्हें समाज की तरफ से किसी भी तरह की कोई मदद नहीं मिल पाती है। याची ने इन वरिष्ठ नागरिकों को केंद्रीय सोशल वेलफेयर एक्ट-2007 के तहत सहायता दिलाने की प्रार्थना की है। प्रार्थना में यह भी कहा कि सरकार की आंगनबाड़ी व आशा बहनों के माध्यम से ऐसे लोगों का डाटा तैयार किया जाए और सरकार इन्हें नियमों के तहत तत्काल मदद पहुंचाए। वर्तमान में इन वरिष्ठ नागरिकों को इसकी जानकारी नहीं है, इसलिए सरकार उन्हें समय-समय पर जागरूक भी करें। याचिका में कुमाऊं व गढ़वाल के आयुक्तों समेत सभी जिलाधिकारियों को पक्षकार बनाया गया है।

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY
STAFF REQUIRED
Computer Operators
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge & good Typing Speed (Exp. Min. one year)
Salesman (For Medical Stores)
Qualification: Min. D.Pharma (Exp. Min. One year)
Receptionist-2
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge good Typing Speed (Female Candidate)
PRO
Qualification: Graduation
Accountant
Qualification: B.Com., M.Com. Exp. 1 year
Salary No Bar for Deserving Candidates
How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.
HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क करें।
पढ़ते रहिए अपना अखबार
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

| | | | |
|---|---|---|---|
| हल्द्वानी | कार्यालय | : | 7830460114 |
| हल्द्वानी | कृष्णानंद जोशी | : | 9759658008 |
| हल्द्वानी | चंदन सिंह राणा | : | 9719437755 |
| हल्द्वानी | बाला दत्त नैनवाल | : | 9759749932 |
| काठगोदाम | शहजादे आलम | : | 9627035285 |
| नैनीताल | गणेश काण्डपाल | : | 9412017422 |
| रामनगर | सिद्धार्थ पपनै | : | 7983376222 |
| रुद्रपुर | कार्यालय | : | 8476843488 |
| काशीपुर | राहुल पाल | : | 82181 00208 |
| जसपुर | सुखवीर | : | 9536211111 |
| बरेली रोड ITI | कमल आसरा | : | 9917106359 |
| कमलुवागांजा | श्याम भोज | : | 9012803251 |
| ब्लॉक (हल्द्वानी) | पूरन बृजवासी | : | 9927780770 |
| लामाचौड़ (हल्द्वानी) | नन्दा बल्लभ जोशी | : | 9568591773 |
| पनचक्की, हल्द्वानी | मनोज डालाकोटी | : | 8923661000 |
| पंचायत घर, हल्द्वानी | हरीश जोशी | : | 8218899134 |
| गौलापार | मनोज शर्मा | : | 9759921464 |
| हल्दूचौड़ | गौतम भट्ट | : | 7248505100 |
| हल्दूचौड़ | पूनम पाण्डे | : | 9412134705 |
| लालकुआं | दीपू पांडेय | : | 6399832290 |
| सितारगंज | अतुल शर्मा | : | 7017941901 |
| बाजपुर | सैनी न्यूज़ एजेंसी | : | 8445072215 |
| बाजपुर | अकील अहमद | : | 9837146215 |
| खटीमा | ओम प्रकाश मौर्य | : | 7500981690 |
| टनकपुर | आबिद हुसैन | : | 6398415199 |
| अल्मोड़ा | टी.डी. गुरु | : | 9410183487 |
| रानीखेत | हेम चन्द्र पांडेय | : | 9758833254 |
| किच्छा | राजू सहगल | : | 9837777817 |
| मालधन (रामनगर) | जितेन्द्र कुमार | : | 9917303031 |
| चकरपुर, बाजपुर | जितेन्द्र पाल | : | 9837135170 |
| कालाढूंगी | गोपाल सिंह बिष्ट | : | 9634222693 |
| गदरपुर | रमेश कुमार | : | 7351388930 |
| दिनेशपुर | केवल चंद्र पाठक | : | 7055150050 |
| गूलरभोज | ऋतिक न्यूज एजेन्सी | : | 9917089411 |

**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप के साथ बारिश की भी आशंका

| 32.0° | 27.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.27 | सूर्यास्त 07.09 |

## एक नजर

### मां ने डांटा तो बेटे ने जहर खाकर दे दी जान

**हल्द्वानी :** मां के डांटने पर बेटे ने जहर खाकर जान दे दी। चंद्र प्रकाश (26 वर्ष) पुत्र स्व. दया शंकर निवासी बड़ा पचपेड़ा हरिदासपुर अमरिया पीलीभीत में रहता था और बेरोजगार था। रविवार की सुबह उसकी मां ने उसे बेरोजगारी को लेकर काफी कुछ सुना दिया। गुस्सा होकर वह बाइक लेकर घर से निकल गया। दो घंटे बाद घर लौटा तो उसके मुंह से झाग निकल रहा था। परिजन उसे पहले सितारगंज ले गए। इसके बाद रुद्रपुर ले गए। यहां से उसे एसटीएच रेफर कर दिया गया। सोमवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले पर मुकदमा

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा पुलिस ने रविवार रात मनोज जोशी नामक व्यक्ति के खिलाफ साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि समुदाय विशेष की भावनाओं को ठेस पहुंचाने की नीयत से आरोपी ने व्हाट्सएप ग्रुप में एक वीडियो प्रसारित की थी। बनभूलपुरा निवासी मोहम्मद शुजाउद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि संगठन मित्रों के नाम से उनका एक सामाजिक संगठन है। मनोज ने रविवार रात करीब साढ़े 10 बजे व्हाट्सएप ग्रुप में एक वीडियो वायरल की। वीडियो में उनके धर्मगुरुओं को लेकर आपत्तिजनक बातें थीं। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### कार और ट्रक की भिड़ंत

**हल्द्वानी :** गौलापार में ट्रक और कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में किसी को चोट नहीं आई। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि एक खाली ट्रक बनभूलपुरा से काठगोदाम की तरफ आ रहा था। जबकि कार काठगोदाम से हल्द्वानी की तरफ जा रही थी। अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के पास सड़क में बने गड्ढे से बचने के लिए कार चालक ने गाड़ी को दूसरी तरफ मोड़ दी और ट्रक से भिड़ गई। इस मामले में दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

### ड्रग लाइसेंस नवीनीकरण न होने पर 13 मई को प्रशासन ने कराया था बंद, बिना अनुमति के खोल दी दुकान

# एसटीएच में बिना लाइसेंस के चल रहा मेडिकल स्टोर

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** एक तरफ प्रदेश की धामी सरकार आम जन को बेहतर उपचार की सुविधा देने का दावा करती है। दूसरी तरफ सरकार और अधिकारियों की आंखों में धूल झोंककर सरकारी अस्पताल में खुलेआम लोगों की जान से खिलवाड़ हो रहा है। जी हां कुमाऊं के सबसे बड़े डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल (एसटीएच) में एक मेडिकल स्टोर बिना ड्रग लाइसेंस के संचालित हो रहा है। यहां से रोजाना सैकड़ों की संख्या में मरीजों और तीमारदारों को दवाएं भी दी जा रही हैं।

राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने वर्ष 2019 में निविदा के जरिये बरेली की मैसर्स वान्टेल बॉयोटैक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को मेडिकल स्टोर के लिए एसटीएच के मुख्य गेट के समीप दुकान आवंटित की थी। वास फार्मेसी के नाम से संचालित इस मेडिकल स्टोर के स्वामी और कॉलेज प्रशासन के बीच एक नवंबर 2018 से 31 अक्टूबर 2021 तीन वर्ष का अनुबंध हुआ था। इसका प्रतिवर्ष किराया पांच करोड़ 66 लाख 40 हजार रुपये था। कोरोना काल के बाद दुकान स्वामी ने किराया देना बंद कर दिया। उसने किराया माफ कराने के लिए प्रशासन से लेकर शासन तक अधिकारियों गुहार लगाई, लेकिन बात नहीं बनी।



एसटीएच के मुख्य गेट के समीप बिना लाइसेंस के संचालित मेडिकल स्टोर।



> सिटी मजिस्ट्रेट और औषधि अनुज्ञापन/नियंत्रण प्राधिकारी को पत्र भेजकर मेडिकल स्टोर परिसर को खाली कराने का अनुरोध किया गया है। बिना किसी सूचना के दुकान खोली गई है। दुकान स्वामी न्यायालय का आदेश होने की बात कह रहा है पर अभी तक कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है।
> **-डॉ. अरुण जोशी,** प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी

बताया जाता है कि बीती 13 मई 2024 को प्रशासन ने मेडिकल स्टोर का ड्रग लाइसेंस नवीनीकरण न होने पर दुकान को पूर्णतया बंद करवा दिया था। हालांकि दुकान के अंदर दवाएं होने के कारण शटर डाउन कर दिये गये थे। दुकान में कार्यरत कर्मचारी पीछे के रास्ते आते-जाते थे।

वर्तमान में दुकान स्वामी ने दुकान के शटर पहले की तरह खोल दिए हैं और दवाओं की बिक्री शुरू कर दी है। कॉलेज प्रशासन को जब इसकी भनक लगी तो हड़कंप मच गया। पता चला कि बिना ड्रग लाइसेंस के मेडिकल स्टोर का संचालन किया जा रहा है।

# सल्ट निवासी युवक की सड़क हादसे में हुई मौत

**संवाददाता, रामनगर**

- दो दोस्तों के साथ बाइक से मालधन चौड़ आ रहा था विजेंद्र
- बैरियर से टकराकर हुए घायल साथियों को आई मामूली चोट

**अमृत विचार :** रविवार की रात सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।



ग्राम टोटाम सल्ट (अल्मोड़ा) निवासी विजेंद्र सिंह (21 वर्ष) सावल्दे स्थित एक होम स्टे में नौकरी करता था। रविवार की रात वह अपने दो अन्य दोस्तों के साथ बाइक से मालधन चौड़ किसी दोस्त का बर्थडे मनाने जा रहे थे। इसी बीच उनकी बाइक एक बैरियर से टकरा गई। जिसमें तीनों घायल हो गए। आनन-फानन में तीनों को उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने बृजेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके दो अन्य साथियों को मामूली चोट लगी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# हल्द्वानी प्राधिकरण में तैनात तीन जेई का होगा तबादला

### जिला विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

**आदेश**

- जनपद या अन्य स्थानों पर किया जाएगा स्थानांतरण
- बिना नक्शे के निर्माण करने वालों पर होगी कार्रवाई

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** डीएम/जिला विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष वंदना सिंह ने सोमवार को झील विकास प्राधिकरण सभागार में समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्राधिकरण में रिक्त पदों, विभागीय कार्यों, प्रवर्तन कार्यवाही, अवैध निर्माण एवं चालान, ध्वस्तीकरण आदि की जानकारी ली और जरूरी दिशा निर्देश दिए। कहा कि हल्द्वानी प्राधिकरण में तैनात कर्मचारियों का तबादला नैनीताल या अन्यत्र किया जाए। ऐसे में यहां दो वर्षों से अधिक समय से तैनात तीन जेई का तबादला हो सकता है।

बैठक में डीएम ने प्राधिकरण सचिव विजयनाथ शुक्ला को लंबे से एक ही स्थान पर डटे अधिकारियों का ट्रांसफर करने के निर्देश दिए। ताकि बदलाव होने से बेहतर ढंग से काम हो सके। उन्होंने पिछले दो वर्षों में जनपद में मल्टी स्टोरी, आवासीय कॉलोनियों में हुई सीलिंग की कार्रवाई की भी जानकारी ली। डीएम ने कहा कि जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण क्षेत्र में बिना नक्शे के निर्माण करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जाए। नैनीताल के आसपास असुरक्षित स्थानों पर बिना अनुमति के कोई भी पुनर्निर्माण या नया निर्माण नहीं होना चाहिए। यह सचिव की जिम्मेदारी है कि जहां भी स्वीकृत नक्शे के बिना या नक्शे को ताक पर रखकर निर्माण हो रहा है उस पर भी रोक लगनी चाहिए। डीएम ने कहा कि 150 से अधिक आर्किटेक्ट हैं, कार्यशाला आयोजित कर इन्हें नियमों की जानकारी दी जाए, ताकि नक्शों पर बार-बार लगने वाली आपत्तियों का निस्तारण सुलभता से हो सके। उन्होंने सूखाताल, सातताल, खुर्पाताल प्राधिकरण के प्रोजेक्ट्स की जानकारी ली। सहायक अभियंता को जिले में चल रहे प्रोजेक्ट्स का सर्वे करने व रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। इस दौरान विजय नाथ शुक्ला मौजूद रहे।



जिला विकास प्राधिकरण की बैठक लेतीं डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

## मेडिकल कॉलेज को संविदा पर मिले चिकित्सक

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में लंबे समय से फैकल्टी (चिकित्सक) की कमी चल रही है। इसको लेकर चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग ने करीब एक दर्जन चिकित्सकों को यहां संविदा पर नियुक्ति दी है। जिससे मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों और डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में मरीजों को लाभ मिलेगा।

मेडिकल कॉलेज में संविदा के आधार पर फार्माकोलॉजी विभाग के अंतर्गत असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर डॉ. अंकिता बिष्ट, माइक्रोबायोलॉजी में डॉ. प्रियंका टम्टा, डॉ. रितिका, नेत्र रोग विभाग में डॉ. हिमानी जेलखानी, यूरोलॉजी में डॉ. असित कुमार चौधरी, सर्जिकल ऑकोलॉजी में डॉ. शिवांगी सुंदरम, रेडियेशन फिजीक्स/मेडिकल फिजीसस्ट में डॉ. शुभम दास शामिल हैं। इसी प्रकार जनरल सर्जरी में एसोसिएट प्रोफेसर पद पर डॉ. श्वेता प्रधान और अस्थि रोग विभाग में डॉ. दिवाकर प्रताप को नियुक्ति दी गई है। इन सभी संकाय सदस्यों का चयन हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में गठित समिति ने वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से किया है।

# अनियंत्रित होकर पलटी बस, मची चीख-पुकार



कालाढूंगी-हल्द्वानी हाईवे पर सड़क किनारे पलटी यात्री बस। ● अमृत विचार

**संवाददाता, कालाढूंगी**

- कार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर खेत में गई
- बस में 27 यात्री थे सवार, तीन को आई मामूली चोट

**अमृत विचार :** कालाढूंगी-हल्द्वानी हाईवे पर चकलुवा के पास एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में तीन यात्रियों को मामूली चोट आई। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी कालाढूंगी लाया गया। जबकि अन्य यात्री सकुशल बच गये।

सोमवार की सुबह करीब 11 बजे कालाढूंगी से एक निजी बस यात्रियों को लेकर हल्द्वानी की ओर आ रही थी। गुलजारपुर बंकी के पास कार को बचाने के प्रयास में चालक ने बस पर नियंत्रण खो दिया और बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। बस के पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। सभी बस से बाहर निकालने का प्रयास करने लगे। राहगीरों और ग्रामीणों ने यात्रियों को बस से बाहर निकाला। बस चालक शाहिद ने बताया कि कार चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिये, कार को बचाने के प्रयास में बस पलट गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

थानाध्यक्ष भगवान महर ने बताया कि बस में 27 यात्री सवार थे। हादसे में तीन यात्रियों को मामूली चोट गई। जिन्हें सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। क्रेन की मदद से बस को सीधा कर निकाला गया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

## बेटी से अश्लीलता पिता से की मारपीट

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बेटी से अश्लील इशारे करने का विरोध करने पर डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों ने लड़की के पिता को बुरी तरह पीट डाला। वह मेडिकल कराने सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल पहुंचा तो आरोपियों ने वहां भी उनके साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी है।

टीपीनगर इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने मंगलवार को कोतवाली में तहरीर सौंपते हुए 15 से 20 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने बताया कि मंगलवार की शाम उनकी नाबालिग बेटी घर के बाहर खड़ी थी। उनके पड़ोस में ही रहने वाला एक युवक अश्लील इशारे करने लगा। जब युवती ने परिजनों से उसकी शिकायत की तो आरोपियों ने एकत्र होकर उनसे बुरी तरह मारपीट की। वह मेडिकल जांच कराने बेस अस्पताल पहुंचे तो वहां भी आरोपियों ने हाथापाई की। पीड़ित ने जान का खतरा बताते हुए मुकदमा दर्ज करने व आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि मामले में अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# हरियाणवी गैंग के दो गुर्गे दबोचे, ट्रेन में करते थे चोरी

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** ट्रेन में चोरी करने वाले हरियाणवी गैंग के दो गुर्गे जीआरपी के हत्थे चढ़ गए। दोनों को कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। जीआरपी ने गैंग के अन्य गुर्गों की तलाश शुरू कर दी है।

पकड़े गए दोनों आरोपी ट्रेन में यात्रियों का सामान चोरी कर हरियाणा ले जाकर बेचते थे। मंगलवार को दोनों आरोपी कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिए गए। वहीं जीआरपी की टीम ने गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश भी शुरू कर दी है। जीआरपी थाना प्रभारी नरेश कोहली ने बताया कि ट्रेन में चोरी करने के आरोप में हरियाणा के भिवानी स्थित पपोसा निवासी सुनील कुमार और भवानी खेड़ा निवासी संजीव कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि करीब सप्ताह भर पहले एक यात्री नीरज गर्ग ने चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। बताया था कि उनका एक बैग, नकदी और जेवरात ट्रेन से चोरी हो गए थे।

जीआरपी काठगोदाम की टीम सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए लालकुआं से हरियाणा पहुंच गई, जहां से दोनों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से 35 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। चोरी के आभूषण आरोपी हरियाणा और उत्तर प्रदेश में बेचते थे। टीम में उप निरीक्षक नीरज जोशी, एएसआई निरी सुमन, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, सिपाही प्रताप नाथ और मनोज लिंगवाल शामिल रहे।

# महिला तस्कर की गिरफ्तारी को कोतवाली घेरी

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** एक दुकान में चरस रखकर फरार हुई महिला का मामला तूल पकड़ रहा है। आरोपी महिला की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को कुल्यालपुरा के लोगों ने कोतवाली में जमकर नारेबाजी की। इधर, मामले में एसपी सिटी ने एक बार फिर कार्रवाई का भरोसा देकर नाराज लोगों को शांत किया।

दुकान में चरस रखने की घटना बीती 28 जून की है। सलवार-सूट पहने एक महिला हाथ में थैला लिए नवाबी रोड कुल्यालपुरा गली नंबर तीन निवासी पूनम देवी पत्नी सूरज टम्टा की दुकान में पहुंची। एक साथ बनी परचून और कॉस्मेटिक की दुकान के परचून वाले हिस्से में सूरज टम्टा बैठे थे। तभी हाथ में थैला लिए महिला पहुंची और लिपस्टिक खरीदने के बहाने कॉस्मेटिक की दुकान में थैला रखकर बाहर निकल आई। तभी कुछ लोग खुद को नारकोटिक्स विभाग का बता कर दुकान में घुसे। उन्होंने सूरज टम्टा को गिरफ्तार करने की कोशिश, लेकिन पूनम ने पुलिस को बुला लिया।

पूनम का आरोप है कि इस हरकत के पीछे उनसे चल रही दो भाइयों की रंजिश है। इस मामले को लेकर कुछ दिन पहले ही उत्तराखंड क्रांति दल के पदाधिकारियों ने पूनम के साथ एसपी सिटी से मुलाकात की थी। एसपी सिटी के आश्वासन के बाद भी जब कार्रवाई नहीं हुई तो सोमवार को पदाधिकारियों ने कोतवाली पहुंच कर नारेबाजी शुरू कर दी। जिसके बाद एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने फिर उन्हें बातचीत के लिए बुलाया। एसपी सिटी ने मौके पर सीओ और कोतवाल को बुलाया और एक बार फिर महिला की गिरफ्तारी का भरोसा दिया है। इस दौरान यूकेडी के केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल, सूरज टम्टा, पूनम देवी, जीवंती देवी, वर्षा रानी, आशीष, सुरेश चंद्र आर्या, जीवन आर्या, किशोर कुमार, सीमा देवी, धीरज कुमार, हरीश चंद्र, कमल आर्या, मदन आर्य आदि थे।



पुलिस बहुउद्देशीय भवन के बाहर नारेबाजी करते कुल्यालपुरा के लोग। ● अमृत विचार

# रंजिश के चलते घर के बाहर खड़ी कार में लगा दी आग

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने घर के बाहर खड़ी कार को आग के हवाले कर दिया। कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित ने मुखानी पुलिस को तहरीर सौंपी है।

पीपल पोखरा फतेहपुर मुखानी निवासी नवनीत बिष्ट ने पुलिस को बताया कि 20 जुलाई की रात करीब पौने तीन बजे कुछ लोगों ने घर के बाहर खड़ी उनकी कार में आग लगा दी। आरोप है कि वर्ष 2021 में बिठौरिया निवासी दो लोगों ने थल सेना से सेवानिवृत्त उनके ससुर नंदन सिंह राणा को अपमानजनक और आत्महत्या के लिए उकसाने वाले पत्र डाक से भेजे थे। इस बात को लेकर आरोपियों से विवाद चल रहा है। रंजिश के चलते आरोपियों ने उनकी कार में आग लगा दी। पीड़ित के ससुर ने भी तहरीर दी है। कहा है कि उन्हें भी मारने की धमकी दी जा रही है।

मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



मुखानी में घर के बाहर खड़ी जली कार।

**प्रकरण** तराई पूर्वी वन डिवीजन की रनसाली रेंज का मामला, सीसीएफ कुमाऊं ने दिए जांच के आदेश


# प्लॉट सफाई के नाम पर खैर पर चला दी आरी

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** तराई पूर्वी वन डिवीजन की रनसाली रेंज में प्लॉट सफाई की आड़ में खैर के पेड़ों को काटने का मामला सामने आया है। कुमाऊं के मुख्य वन संरक्षक ने इस प्रकरण में जांच के आदेश दिए है। हालांकि डिवीजन स्तर पर अधिकारियों को इसकी कोई जानकारी नहीं है।

रनसाली रेंज में रहने वाले गुर्जरों ने बताया कि प्लॉट सफाई की आड़ में वन तस्कर बेशकीमती खैर के पेड़ काट रहे हैं। अब तक 15 पेड़ काट कर छोटे-छोटे टुकड़े कर ठिकाने लगा दिये गये हैं। आरोप लगाया कि जब उन्होंने तस्करों को रोकने की कोशिश की तो वे ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर चले गए और लकड़ी मौके पर छोड़कर भाग गए। यह भी आरोप लगाया कि कई बार वन विभाग के अधिकारियों से इसकी शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उल्टा उनके ही खिलाफ केस दर्ज करने की धमकी दी गई।

इस पूरे प्रकरण में उप प्रभागीय वनाधिकारी संतोष कुमार पंत का कहना है कि रनसाली रेंज में खैर के 15 पेड़ काटे जाने का मामला उनके संज्ञान में नहीं है। न ही ऐसे कोई साक्ष्य मिले हैं, जिससे पुख्ता हो सके कि जंगल में पेड़ काटे गए हैं।



खैर के कटे हुए पेड़ दिखाता वन गुर्जर। ● अमृत विचार

**दुस्साहस**

- डिवीजन स्तर पर अधिकारियों को कोई जानकारी नहीं
- वन गुर्जर की शिकायत के बाद भी नहीं की गई कार्रवाई

> रनसाली रेंज में पेड़ काटने का मामला संज्ञान में आया है। प्रकरण की जांच तराई पूर्वी वन डिवीजन के डीएफओ को सौंपी गई है।
> **-डॉ. धीरज पांडेय,** मुख्य वन संरक्षक, कुमाऊं

## आज भी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जुलाई माह की शुरुआत से ही जिले में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। इसके बावजूद पिछले कुछ दिनों से तापमान सामान्य से ज्यादा दर्ज किया गया है। सोमवार को जिले में भारी बारिश का रेड अलर्ट था, लेकिन मध्यम बारिश ही हुई।

नैनीताल स्नो व्यू में तीन मिमी, काठगोदाम में 12 मिमी, कैंचीधाम में 4.1 मिमी, धारी में पांच मिमी, मुक्तेश्वर में 15.3 मिमी और कालाढूंगी में एक मिमी बारिश हुई। हल्द्वानी में सुबह हल्के बादल छाए रहे। दोपहर के समय तेज धूप निकली। अधिकतम तापमान 35.3 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

# पोस्टमार्टम हाउस की बिजली गुल डीप फ्रीजर में सड़ने लगे शव, हंगामा

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** लापरवाही से पोस्टमार्टम हाउस के डीप फ्रीजर में रखे शव सड़ने लगे। रविवार को शिनाख्त के लिए पहुंचे मृतकों के परिजनों को जब दुर्गंध आई तो उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया।

जिन शवों की शिनाख्त नहीं हो पाती उन्हें सुरक्षित रखने के लिए पोस्टमार्टम हाउस के डीप फ्रीजर में रखा जाता है। 72 घंटे बाद भी यदि शिनाख्त नहीं होती तो नियमतः शव का पोस्टमार्टम कराया जाता है। बरसात के सीजन में लगातार कई घंटे बिजली गुल रहती है। बावजूद इसके पोस्टमार्टम हाउस के जनरेटर का उपयोग नहीं किया जा रहा। जिससे डीप फ्रीजर में रखे शव भी सड़ने लगे। रविवार को कुछ लोग शवों की शिनाख्त के लिए पहुंचे तो शवों से उठ रही तेज दुर्गंध से परेशान हो गए। डीप फ्रीजर खोल कर जब परिजनों को शिनाख्त के लिए ले जाया गया तो वह शवों से उठती दुर्गंध से बौखला गए। उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। वहां चिकित्सकों व स्टाफ के लोगों ने बमुश्किल उन्हें शांत कराया। पता लगा कि बिजली जाने के दौरान पोस्टमार्टम हाउस में जनरेटर नहीं चलाया जाता है। इस कारण शव खराब हो रहे हैं। पोस्टमार्टम के दौरान जब चिकित्सक फोन करते हैं तब जनरेटर चलाया जाता है।

सोमवार को जब पोस्टमार्टम के दौरान भी जरनेटर नहीं चला तो फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के ऑफिस इंचार्ज प्रताप सिंह बोरा ने जनरेटर चलाने वाले कर्मचारी को फोन किया। बोरा ने बताया कि कर्मचारी ने पहले तो डीजल नहीं होने का बहाना बनाया। फिर वह अभ्रदता में उतर आया। इसके बाद प्राचार्य से शिकायत की गई। तब जाकर जनरेटर चलाया गया।

> पोस्टमार्टम हाउस में जनरेटर न चलाने की शिकायत मिली है। जनरेटर चलाने वाले कर्मी को सख्त हिदायद दी गई है। यदि अब भी ड्यूटी में लापरवाही पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> **- डॉ. अरुण जोशी,** प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज

# बैक परीक्षा में फेल करने पर छात्रों ने किया हंगामा

## एमबीपीजी कॉलेज में तालाबंदी कर प्राचार्य कक्ष में दिया धरना, पुलिस ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया, गुस्साए छात्र नहीं माने

संवाददाता, हल्द्वानी



प्राचार्य कक्ष के बाहर नारेबाजी करते छात्र। ● अमृत विचार


कापी जांच में गड़बड़ी का आरोप लगाकर तालाबंदी करते छात्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज में सोमवार को छात्रों ने चौथे सेमेस्टर के छात्रों को बैक परीक्षा में फेल करने पर जमकर हंगामा किया। छात्रों ने कहा कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं हुई तो पीजी कक्षाओं में प्रवेश शुरू नहीं होने दिए जाएंगे। छात्रों ने प्रवेश कक्ष, कॉलेज के मुख्य कार्यालय, परीक्षा हॉल और प्राचार्य कक्ष में तालाबंदी की। साथ ही प्राचार्य का घेराव कर धरने पर बैठ गए।

हंगााम बढ़ने पर कॉलेज प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। आक्रोशित छात्र सबसे पहले कक्षाओं का पठन-पाठन देखने पहुंचे। इसके बाद उन्होंने प्राचार्य कक्ष में पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर हंगामा किया। प्राचार्य और प्रोफेसरों के समझाने के बाद छात्र वहां से चले गए। कॉलेज में पुस्तकालय के बाहर छात्र-छात्राओं की लंबी लाइन कतार लगी थी। उन्होंने बताया कि किताबें लेने के लिए लाइब्रेरी कार्ड बनाया जा रहा है, लेकिन यहां आने पर उन्हें जानकारी मिल रही है कि कार्ड नहीं बन पाएगा। यहां कार्ड बनाने के लिए तीन काउंटर बनाए गए हैं, लेकिन दो ही काउंटरों में काम किया जा रहा है। छात्रों ने इसका विरोध शुरू कर दिया और फिर से धरने पर बैठ गए। प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी के छात्रों की मांगों को लेकर विश्वविद्यालय को पत्र भेजने के बाद शाम 4 बजे छात्र धरने से उठे। फीस जमा करने की तिथि बढ़ाकर 27 जुलाई करने को लेकर भी शासन से पत्राचार किया गया है।

### कॉपी जांचने में गड़बड़ी का लगाया आरोप

**हल्द्वानी :** आक्रोशित छात्रों का कहना था कि माइनर, मेजर के पेपर के साथ ही उन्हें बैक के पेपर कब देने हैं, इसकी जानकारी नहीं है। कॉपी जांचने में विश्वविद्यालय की ओर से गड़बड़ियां हुई हैं, जिसका खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। छात्र उमाशंकर तिवारी ने बताया कि एमए में 80 छात्रों में से 30 छात्र फेल हुए हैं। कॉपियों को जांचने में बहुत गड़बड़ियां हुई हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय से फेल होने वाले छात्रों को ऑटोप्रमोट करने की मांग की है।

> छात्रों की मांगों को लेकर विश्वविद्यालय को पत्र भेजा गया है। छात्रों की मांग है कि उन्हें ऑटोप्रमोट किया जाए, इस पर विश्वविद्यालय निर्णय लेगा। फीस जमा करने की तिथि बढ़ाने के लिए भी शासन से अनुरोध किया गया है।
> **-एनएस बनकोटी**, प्राचार्य, एमबीपीजी कॉलेज

# मानव वन्यजीव संघर्ष रोकने के होंगे प्रयास

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट नेशनल पार्क के निदेशक का कार्यभार सोमवार को संभालते ही साकेत बडोला ने पत्रकार वार्ता में कहा कि मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस रणनीति तैयार करने के साथ ही कार्बेट से सटे गांवों के ग्रामीणों से रायशुमारी कर मकनव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने का प्रयास करेंगे।


साकेत बडोला।

उन्होंने कहा कि मानसून सत्र को लेकर कॉर्बेट पार्क की सुरक्षा एवं वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। कहा कि पार्क में वन कर्मचारियों द्वारा पैदल गश्त के साथ ही हाथी गश्त भी की जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कॉर्बेट के नाम पर धोखाधड़ी एवं पर्यटकों के साथ की जाने वाली धोखाधड़ी को रोकने के लिए भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि रामनगर में पर्यटन कारोबार कैसे और अधिक बढ़ाया जा सके इसको लेकर भी इससे जुड़े होम स्टे होल्डरों के साथ सीक्रेट बैठक आयोजित कर उनसे भी सुझाव लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की की सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# शेर नाले पर पुल निर्माण के लिए प्रदर्शन

**रोष**

- लोगों की बरसों पुरानी मांगों को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन
- दोनों बरसाती नालों पर जल्द से जल्द पुल का निर्माण हो

संवाददाता, चोरगलिया


शेर नाले के पास प्रदर्शन करते चोरगलिया और गौलापार के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोगों की बरसों पुरानी मांगों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चोर गलिया-हल्द्वानी नेशनल हाईवे पर पढ़ने वाले शेर नाले पर प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ हल्ला बोला। कांग्रेस नेता हरेंद्र बोरा ने आरोप लगाया कि दो बार से डबल इंजन की सरकार लगातार सत्ता में बने हुए है, मगर वह फिर भी शेर नाले पर पुल का निर्माण नहीं करवा सकी है। पिछले वर्षों में इस नाले पर कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के घर जाने का रास्ता भी यही से होकर जाता है।

उन्होंने सरकार से मांग रखी कि सूखी नदी में दोनों बरसाती नालों पर जल्द से जल्द पुल का निर्माण करवाया जाए। दूसरा लाखन मंडी चोर गलियां दुबेलबेरा पहाड़ी के पास पहाड़ी चट्टान में गांव की ओर हो रहे भू-कटाव को रोका जाए। तीसरा सुखी नदी से क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनर्निर्माण कराया जाए। धरना प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस नेता हरेंद्र सिंह बोरा, हेमंत बगड़वाल, राजेंद्र खनवाल हरेंद्र क्वीरा, कैलाश थुवाल, बहादुर राम, सुरेश बजेठा, अर्जुन बिष्ट आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

संवाददाता, लालकुआं


विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में गरीबों के लिए बनाए गए 100 मकानों में से आवंटित अपात्र लोगों का आवंटन रद्द करने, उक्त क्षेत्र में अवांछित तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने समेत 7 सूत्रीय मांगों को लेकर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी और तहसीलदार लालकुआं को ज्ञापन सौंपा।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष भुवन पांडे के नेतृत्व में नगर पंचायत कार्यालय एवं नगर स्थित तहसील कार्यालय में गए कांग्रेसियों ने दोनों को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि सरकार द्वारा नगर में गरीबों के लिए बनाए गए 100 आवासों में कुछ मकान ऐसे लोगों को आवंटित कर दिए गए हैं जो कि उक्त मकान के दायरे में नहीं आते हैं, ऐसे अपात्र लोगों का आवंटन तत्काल रद्द कर पात्र परिवारों को आवंटित किया जाए, ज्ञापन में कहा गया है कि कुछ मकानों में बरसात के समय पानी टपकने प्लास्टर गिरने समेत अन्य समस्याएं आ रही है जिसे दुरुस्त किया जाए तथा यहां स्थित ग्रीन पार्क को पूरे दिन के लिए खोला जाए। ज्ञापन देने वालों में नगर कांग्रेस अध्यक्ष भुवन पांडे, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा, पूजा देवी, माया देवी, माजिद अली, हाजी अयूब अली, कमलेश यादव आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सुन्दरकांड पाठ व रुद्राभिषेक किया

**हल्दूचौड़, अमृत विचार :** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अष्टादश भुजा महालक्ष्मी मंदिर, गौर राधा कृष्णा मंदिर और गायत्री शक्ति पीठ में तमाम अनुष्ठानों के साथ गुरु पूजा का आयोजन किया गया। सभी मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत हुए भंडारे लगे।

यहां अष्टादश भुजा महालक्ष्मी मंदिर बेरी पड़ाव में रविवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रातः साढ़े.8 बजे से 11 बजे तक शिव रुद्राभिषेक, सुन्दर काण्ड का आयोजन किया गया उसके उपरांत 11 से 12 बजे तक चले गुरु पूजा महोत्सव के दौरान अष्टादश भुजा महालक्ष्मी मंदिर के व्यवस्थापक महामंडलेश्वर स्वामी सोमेश्वर यति महाराज ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्रवासियों को गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला।

# दो कारों की भिड़ंत में युवक की मौत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** शहर के मंगोली क्षेत्र में दो कारों की भिड़ंत में नैनीताल की ओर आ रहा तल्लीताल निवासी अवनीश साह बुरी तरह जख्मी हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाढूंगी में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के मुताबिक तल्लीताल निवासी अवनीश साह सोमवार शाम अपने वाहन से कालाढूंगी से नैनीताल की ओर आ रहा था। वह मंगोली के समीप पहुंचा ही था कि बैंड में सामने से आ रहे पर्यटकों के वाहन से उसकी कार की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में अवनीश बुरी तरह जख्मी हो गया। हादसे के बाद मौके पर रुके राहगीरों ने किसी तरह घायल अवनीश को कार से बाहर निकाला। दूसरे वाहन में सवार पर्यटक उसे तत्काल कालाढूंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगोली चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह मेहता ने बताया कि दूसरी कार को हरिनगर दिल्ली निवासी करन मलिक चला रहे थे, जिसमें अन्य तीन लोग सवार थे। अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं। कालाढूंगी पुलिस द्वारा शव के पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी।

# अतिक्रमणकारियों को एक सप्ताह की मोहलत

- अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट
- ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख ने भी एसडीएम से मुलाकात की

संवाददाता, रामनगर


रामनगर मंडी समिति के बाहर किया गया अतिक्रमण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मंडी समिति के बाहर किये गए अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो चुका है। बता दें कि अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण हटाने की एवज में अन्यत्र विस्थापन किए जाने का प्रशासन से अनुरोध किया था मगर प्रशासन के सख्त रवैये के चलते अब अतिक्रमण किए बैठे लोग भी हताश हैं।

ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख ने भी एसडीएम से मुलाकात कर अतिक्रमण किये लोगों को बरसात तक का समय दिए जाने की मांग थी मगर एसडीएम ने उन्हें एक समय की मोहलत दी है। बताते चलें कि मंडी समिति की दीवार से सटाकर लगभग 28 अतिक्रमणकारी परिवार रह रहे हैं। जिस वजह से मंडी समिति का किसान बाजार का प्रस्तावित प्लान अभी अधर में लटका हुआ है समिति के सचिव साहिल अहमद ने बताया कि जिस स्थान पर अतिक्रमण किया गया है वहां पर मंडी समिति रामनगर द्वारा किसान बाजार बनाया जाना प्रस्तावित है जिसमें 40 दुकानों का निर्माण होना है। अतिक्रमण हटने के बाद किसान बाजार की प्रस्तावित योजना पर कार्य किया जाएगा।

> मंडी समिति के बाहर अतिक्रमण जिन लोगो द्वारा किया गया है। उनको पूर्व में ही नोटिस जारी कर दिए गए है। अब फिर से अनुरोध किए जाने पर उनको एक सप्ताह की मोहलत अतिक्रमण हटाने के लिए उन्हें दी गयी है। उसके बाद किसी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी।
> **-राहुल शाह**, एसडीएम रामनगर


लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय हल्दूचौड़ में पौधरोपण करते डॉ. हेम चंद पांडे।

### पौधरोपण एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

**हल्दूचौड़ :** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ में हरेला सप्ताह के अवसर पर उच्च शिक्षा निदेशालय उत्तराखंड के निर्देशानुसार प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर ललित मोहन पाण्डे के दिशा निर्देशन में पौधरोपण एवं स्वच्छता कार्यक्रम के साथ ही महाविद्यालय नोडल अधिकारी युवा संसद डॉ. गीता तिवारी पाण्डे द्वारा युवा संसद का आयोजन तरुण सभा के रूप में संसदीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देशों में उल्लेखित विषयों में से आगामी माह में किए जाने की भी जानकारी दी गई। पौधरोपण एवं स्वच्छता कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार वृक्षों, फूलों, सदाबहार हरे-भरे पौधों की निराई-गुड़ाई का कार्य किया गया। इस अवसर पर डॉ. हेम चन्द्र पाण्डे, हरीश चन्द्र जोशी, राकेश कुमार, जयपाल आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप


पूर्व निदेशक को विदाई देते कार्बेट के वर्तमान निदेशक साकेत बडोला ( बाएं )।

### कार्बेट के पूर्व निदेशक डॉ. धीरज को दी भावभीनी विदाई

**रामनगर :** कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक रहे डॉ. धीरज पांडे को नव नियुक्त निदेशक साकेत बडोला ने विदाई दी। बता दें कि डॉ. धीरज पांडे का कुमाऊं चीफ के पद पर तैनाती हुई है। वन विश्राम गृह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कार्बेट के नए निदेशक साकेत बडोला एवं पूर्व निदेशक डॉ. धीरज पांडे दोनों के उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि डॉ धीरज पांडे ने अपने कार्यकाल में कार्बेट के लिए उल्लेखनीय कार्य किये है उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। इस दौरान उपनिदेशक दिगंत नाथ, पर वार्डन अमित ग्वासीकोटी, पशु चिकित्साधिकारी डॉ दुष्यन्त कुमार, संजय पांडे, ललित आर्य, निर्मल पांडे रेंजर, हंसा पांगती, भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र रावत, रिसोर्ट एवं होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरि सिंह मान, पूर्व पालिकाध्यक्ष मो. अकरम के अलावा योगेंद्र मनराल, गिरीश धस्माना समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

### विभिन्न योजनाओं में आवेदन स्वीकृत

**भीमताल :** विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अशोक पांडेय की अध्यक्षता में दीन दयाल उपाध्याय गृह आवास योजना और वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना की जिला चयन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में दीन दयाल उपाध्याय गृह आवास योजना में 17 आवेदकों और वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली योजना के वाहन मद में 13 तथा गैर वाहन मद में 20 आवेदकों का चयन किया गया। जिन्हें वित्त पोषित करने वाले बैंकों को प्रेषित किया जाएगा। जिला चयन समिति में जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरि जिला अग्रणी प्रबंधक केआर आर्या आदि मौजूद रहे।

### लेखपाल संघ का आज से होने वाला आंदोलन स्थगित

**रामनगर :** लेखपाल संघ का प्रदेश स्तर पर 23 जुलाई से होने वाला आंदोलन स्थगित कर दिया है। यह जानकारी लेखपाल संघ के प्रांतीय महामंत्री ताराचन्द्र घिल्डियाल द्वारा दी गयी। बताते चलें कि तहसील लक्सर जनपद हरिद्वार में तैनात लेखपाल अंजु काम्बोज के साथ ग्राम प्रधान रौनिक व साथियों की ओर से 26 जून को की गयी अभद्रता व मारपीट के प्रकरण पर अभी तक गिरफ्तारी न होने से प्रदेश के लेखपाल खफा थे। उन्होंने प्रधान की गिरफ्तारी न होने पर मंगलवार से आंदोलन की घोषणा कर दी गयी थी। प्रदेश महामंत्री ताराचंद्र घिल्डियाल ने बताया कि मारपीट के आरोपी प्रधान की लक्सर में गिरप्तारी हो जाने के बाद आंदोलन स्थगित कर दिया।

### बाला जी की प्रतिमा के दर्शन किए

**रामनगर :** सिद्धपीठ श्री बालाजी मंदिर कोसी घाट में सोमवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सुबह से बाबा ( श्री बालाजी महाराज) को गुरु स्वरूप में स्वीकारने हेतु सुबह से ही भक्त भक्ति में सराबोर दिखे। भक्तों द्वारा हवन आहुति देकर बाबा से मनोकामना पूर्ति हेतु विनती की गयी। उसके पश्चात महन्त डॉ शुभम गर्ग द्वारा बाबा की दिव्य आरती के साथ उन्हें सवामनी का भोग लगाया गया। इसके उपरांत बाबा को गुरु स्वरूप में तिलक लगाने का क्रम शुरू किया गया। जिसके साथ ही मंदिर के सेवक कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति ने भक्तों को झूमने के लिए विवश कर दिया। मन्दिर के महंत द्वारा भक्तों को बाबा का गुरुमंत्र प्रदान कर उसे अपने जीवन में धारण करते हुए इस भव सागर से पार करने वाला बताया। इस दौरान पर अंकित अग्रवाल, विष्णु शरण देवल, देवेंद्र सिंह बिष्ट,आयुष अग्रवाल, मनोज पुजारी, नीरज जोशी,अरुण डोर्वी, प्रशांत प्रजापति, मुदित अग्रवाल,देवेंद्र कुमार, राकेश चंद्रा, अतुल टर्र, प्रवीण मित्तल आदि मौजूद रहे।


थाना परिसर काठगोदाम में पौधरोपण किया गया। ● अमृत विचार

### श्रावण के पहले सोमवार पर जगह-जगह पौधरोपण

**हल्द्वानी :** भाजपा मुखानी मंडल की ओर से एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत मुखानी में पौधरोपण किया गया। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी व दर्जा मंत्री दीपक मेहरा के नेतृत्व में फलदार व छायादार पौधे लगाए। इस दौरान देवकी नन्दन जोशी, त्रिलोक निगाल्टिया, निर्मल बिष्ट, कंचन कश्यप, मोहन पाठक, भुवन आर्या, ललित नेगी, दीपू नेगी, कमल बेलवाल, खुशाल परगाई, नरेश बजवाल, नकुल कुमार, नवीन उपाध्याय, सुरेश सुयाल, चंद्र प्रकाश उपाध्याय मौजूद रहे। इधर, हरेला पर्व के अवसर पर पुलिस योगा पार्क हीरा नगर में फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। इस दौरान चंद्रशेखर पंत, संजय त्यागी, दीपा जोशी, पूर्व पार्षद मनोज जोशी, दीपांशु मौजूद रहे। इस अवसर पर तीनपानी, डी क्लास, वार्ड-58 के लोगों को पौधे वितरित किए गए। उधर, श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर विकास एवं पर्यावरण सुरक्षा समिति जज फार्म की ओर से काठगोदाम पुलिस थाने में पौधरोपण किया गया।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

व्यापारी एकता जिन्दाबाद
जय उद्योग-जय व्यापार
प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल किच्छा से आपके अपने जाने पहचाने
अध्यक्ष
पद के उम्मीदवार
युवा, शिक्षित, लोकप्रिय एवं ईमानदार प्रत्याशी
पुनः आपके आशीर्वाद का अभिलाषी
गुलशन सिन्धी
मो. 9927037300, 7500017300
प्रतिष्ठान - होटल प्राईम, पन्त मार्केट, किच्छा



निवेदक : समस्त व्यापारीगण

# बाजार में शौचालय बनाने की मांग को लेकर नगर निगम में गरजे व्यापारी

## अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल ने उप नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के सदस्यों ने बाजार क्षेत्र में शौचालय बनाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर नगर निगम में प्रदर्शन किया। उन्होंने मांगों को लेकर नगर आयुक्त को ज्ञापन भी सौंपा।

महानगर अध्यक्ष डिंपल पांडे एवं महामंत्री परविंदर नागपाल के नेतृत्व में व्यापारी सोमवार को नगर निगम कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि शहर के मुख्य बाजारों में शौचालय नहीं होने से महिला ग्राहकों और दुकानदारों को काफी परेशानियां होती हैं। सड़क चौड़ीकरण की आड़ में ओके होटल के समीप और मंगलपड़ाव सब्जी मंडी के समीप बना शौचालय नगर निगम ने ध्वस्त करवा दिया है। अभी तक सड़क चौड़ीकरण का काम मूर्तरूप नहीं ले सका है। जो शौचालय रह गए हैं देखरेख नहीं होने से बदतर हालत में है। ऐसे शौचालयों को भी हाईटेक कराया जाए। उन्होंने मुखानी, कुसुमखेड़ा, सिंधी चौराहे पर एक-एक हाईटैक शौचालय का निर्माण कराने की मांग की।

अंत में उप नगर आयुक्त तुषार सैनी को ज्ञापन सौंपा। वहीं मान सिंह का ई-रिक्शा चोरी होने पर एसपी सिटी से मुलाकात कर रिक्शा दिलवाने की मांग की गई। इस दौरान भुवन भट्ट, नफीस चौधरी, जसपाल सिंह, विकास शर्मा, अतुल प्रताप सिंह, मंजू साह, ज्योति अवस्थी, मोहम्मद इकबाल, इरशाद हुसैन, उमेश राणा, दीपक मेहरा, दिगंबर भोजक, बीसी जोशी, विक्रम बर्गली आदि मौजूद रहे।



नगर निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के सदस्य। ● अमृत विचार

# नुमाइश में चले चाकू और तलवार, युवक लहूलुहान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**घटना**
- आईटीआई गैंग व दूसरे गुट में पार्किंग शुल्क को लेकर मारपीट
- पुलिस ने दोनों गुटों के खिलाफ गंभीर धाराओं में लिखा मुकदमा

**अमृत विचार :** नुमाइश में पार्किंग शुल्क को लेकर आईटीआई गैंग व एक और गुट में भिड़ंत हो गई। खुलेआम चाकू और तलवार चल गए। इस घटना में सिर पर तलवार लगने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तलवार से हमला आईटीआई गैंग के एक सदस्य ने किया। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

एबीएम स्कूल गांधी आश्रम हल्द्वानी में रहने वाले अजीत सिंह बगड़वाल ने पुलिस को बताया कि 20 जुलाई को वह अपने चार दोस्तों के साथ कार से नुमाइश देखने गए थे। रात को 12 बजे वह वापस लौट रहे थे। पार्किंग शुल्क को लेकर देवेंद्र सिंह बिष्ट, राजा व 15 से 20 पार्किंग कर्मचारियों ने उनके साथ धक्का-मुक्की की। इसके बाद तलवार और चाकू निकालकर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में उन्हें गंभीर चोट आई। बाकी साथी भी घायल हुए। उनके साथी लक्ष्मण की तीन तोले की सोने की चेन व एक ब्रेसलेट गिर गया। मारपीट करने वाले आइटीआई गैंग के हैं। दूसरे पक्ष के गैस गोदाम रोड निवासी देवेंद्र सिंह बिष्ट ने पुलिस को बताया कि उसने नुमाइश में पार्किंग का ठेका लिया है। 20 जुलाई को गांधी आश्रम निवासी करन कबड़वाल, अजय कबड़वाल, जीतपुर नेगी निवासी लक्ष्मण मंगोलिया, पारस बिष्ट व लामाचौड़ निवासी पीयूष बिष्ट पार्किंग शुल्क दिए बगैर जाने लगे। रोका तो करन बगड़वाल ने चाकू से हमला कर दिया, जिसमें अभिलाष माहेश्वरी का हाथ कट गया। बाकी युवकों ने भी हमला किया और अभिलाष की जेब से रुपये निकालकर फरार हो गए। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि दोनों गुटों से पांच-छह नामजद व अज्ञात युवकों पर बलवा, मारपीट, धमकी, जानलेवा हमले की कोशिश व लूट की धाराएं लगी हैं।

## सार-संक्षेप


एसडीएम परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार

### दलित उत्पीड़न के दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**हल्द्वानी :** चमोली जिले के जोशीमठ के एक गांव में हुई दलित उत्पीड़न की घटना का मूल निवासी संघ ने विरोध जताया है। साथ ही एसडीएम परितोष वर्मा के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में कहा कि एक अनूसूचित जाति के व्यक्ति के ढोल न बजाने से जातिवादी लोगों ने उसके ऊपर जुर्माना लगाया। साथ ही अनूसूचित जाति के लोगों का गांव से बहिष्कार करने का भी निर्णय लिया है। पुलिस ने 28 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर भी दर्ज की है। इसके बावजूद प्रकरण में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। संगठन ने मांग की कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश महासचिव दीपक चनियाल, जिलाध्यक्ष आरपी गंगोला, जीआर टम्टा, नफीस अहमद खान, एडवोकेट गंगा प्रसाद, गजेंद्र पाल सिंह शामिल रहे।

### भुवन कुमाऊं अध्यक्ष और अनिल उपाध्यक्ष बने

**हल्द्वानी :** अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए भुवन भट्ट को कुमाऊं मंडल का अध्यक्ष एवं जनता पार्वती ट्रांसपोर्ट के निदेशक अनिल बेलवाल को मंडल का उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि दोनों नवनियुक्त पदाधिकारी व्यापारी हित के लिए हमेशा व्यापारियों के साथ खड़े रहेंगे। उनकी नियुक्ति पर महानगर अध्यक्ष डिंपल पांडे, परविंदर सिंह, दिगंबर भोजक, बृजेश जोशी, अमित चौहान, विकास शर्मा, नारायण दत्त बडोला, अतुल प्रताप सिंह, मुकेश जोशी, विक्रम बरगली, नफीस अहमद, भूपेंद्र सिंह बिष्ट ने शुभकामनाएं दीं।


भुवन भट्ट और अनिल बेलवाल।

### विधायक सुमित हृदयेश ने भेंट की ट्राई साइकिल

**हल्द्वानी :** बीमारी की वजह से चलने-फिरने से मोहताज हुए एक व्यक्ति को विधायक सुमित हृदयेश ने ट्राई साइकिल भेंट की। सामाजिक कार्यकर्ता मन्नू गोस्वामी ने बताया कि तोक पनियाली वार्ड 38 निवासी कृष्णा राम की चार वर्ष पूर्व पैर की नसें ब्लॉक हो गई थीं। नसों में इन्फेक्शन से पैर अंदर से सड़ने लगा। माली हालात खराब होने से इलाज नहीं मिल सका। उनका सीधा पैर को काटना पड़ा। वह पिछले चार वर्ष एक कमरे रहकर ही अपनी ज़िन्दगी गुजार रहे थे। विधायक सुमित हृदयेश को समस्या बताई तो उन्होंने पीड़ित को ट्राई साइकिल भेंट की।

### पीजी कक्षाओं में आज से होंगे प्रवेश

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में पीजी कक्षाओं में प्रवेश के लिए मेरिट सूची सोमवार को कॉलेज की वेबसाइट में अपलोड कर दी गई है। प्रवेशार्थी कॉलेज की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश के लिए अपनी मेरिट वरीयता देख सकते हैं। मेरिट सूची में चयनित होने पर छात्र-छात्राएं कॉलेज का ऑनलाइन आवेदन पत्र भरकर डाउनलोड करते हुए समर्थ पोर्टल पर किए गए आवेदन पत्र के साथ एंटी रैगिंग, एंटी ड्रग और गैप ईयर एफिडेविट के साथ टीसी, सीसी और समस्त मूल अभिलेख लेकर सुबह 11 बजे से 3 बजे तक कॉलेज में पहुंचकर प्रवेश ले सकते हैं।

### मंजू वार्ष्णेय अध्यक्ष, स्नेहलता गुप्ता महामंत्री बनीं

**हल्द्वानी :** वैश्य महासभा की महिला कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हो गया। इसमें सर्वसम्मति से मंजू वार्ष्णेय को अध्यक्ष और स्नेहलता गुप्ता को महामंत्री मनोनीत किया गया। महासभा ने उम्मीद जताई है कि दोनों नव मनोनीत पदाधिकारी समाज के सभी घटकों को साथ लेकर चलेंगी और महिला उत्थान एवं सामाजिक समरसता के लिए काम करेंगी। इस दौरान सुशील अग्रवाल, विनय लाहोटी, श्रीकांत खंडेलवाल, रामबाबू जायसवाल, तनुज गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, अतुल जायसवाल, कपिल अग्रवाल, भवानी शंकर नीरज, सुमित केसरवानी, सुनील अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


मंजू वार्ष्णेय और स्नेहलता गुप्ता।

# सस्ती लोकप्रियता के लिए बयानबाजी कर रहे माहरा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति बनाने को लेकर विवाद थम नहीं रहा है। कांग्रेस के वार के बाद भाजपा ने पलटवार किया है। प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत ने कहा कि कांग्रेस सनातनी होने का जिस प्रकार से ढोंग कर रही है, जनता इस नाटक को भलीभांति समझती है।


प्रकाश रावत

रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बयान दिया कि उत्तराखंड के किसी भी धाम और मंदिरों के नाम, उनकी प्रतिकृति का कोई भी व्यक्ति या संस्था उपयोग नहीं कर सकता है। इसके बाद से कांग्रेस बैकफुट पर है, अब चर्चा में बने रहने के लिए नए-नए पैंतरे अपना रही है। जब कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने सनातन के खिलाफ बयानबाजी की तो उत्तराखंड कांग्रेस के किसी भी पदाधिकारी ने इसका विरोध नहीं किया। राम को काल्पनिक बताने वाले अब नैपथ्य में हैं।

राज्य में गंगा को नहर घोषित करने वाले किस स्थिति में हैं, यह जनता के साथ ही कांग्रेस भी बेहतर जानती है। रावत ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए केदारनाथ प्रकरण पर लगातार गलत बयानबाजी कर जनता को गुमराह कर रहे हैं, जबकि मुख्यमंत्री ने प्रेस वार्ता कर केदारनाथ प्रकरण की संपूर्ण जानकारी जनता के सामने रख दी है।

# दैनिक व मासिक रिपोर्ट देने के निर्देश


**हल्द्वानी, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत समस्त विकासखंडों को अपने स्कूलों की मासिक व दैनिक रिपोर्ट देनी है। मगर नैनीताल जिले में अभी भी कई स्कूल अपना डाटा उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। राज्य परियोजना कार्यालय देहरादून ने सोमवार को ऑनलाइन बैठक कर जिले के समस्त विकासखंडों के स्कूलों की मासिक व दैनिक रिपोर्ट पर चर्चा की। बैठक में जिले के कई स्कूलों की ओर से रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराने पर परियोजना कार्यालय की ओर से नाराजगी व्यक्त की गई। प्राथमिक शिक्षा के जिला शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टम्टा ने जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने विकासखंड स्तर पर स्कूलों से शत-प्रतिशत एसएमएस कराए जाने के लिए प्रयास करेंगे।

# सीएम से सस्ता गल्ला विक्रेताओं को लाभांश दिलवाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सोर घाटी सरकारी सस्ता गल्ला कल्याण समिति ने लाभांश के बकाया भुगतान को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपा। इस पर सीएम ने प्रमुख सचिव एवं खाद्य आयुक्त को जरूरी निर्देश दिए।

विधायक बंशीधर भगत के नेतृत्व में समिति के शिष्टमंडल ने राजधानी देहरादून में मुख्यमंत्री धामी से मुलाकात की। उन्होंने सीएम को ज्ञापन सौंप कर बताया कि वर्ष 2021-22 में कोविड-19 महामारी के दौरान सात माह का लाभांश नहीं मिला है। इसके अलावा वर्ष 2024 में भी जनवरी से जुलाई तक का लाभांश नहीं मिला है। कारोबारियों को लाभांश हासिल करने के लिए क्षेत्रीय प्रधान से प्रमाणित कराने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि उनका कहना है कि जब कार्डधारकों को बायोमैट्रिक एंट्री से राशन देते हैं तो प्रधान से प्रमाणित बिल की जरूरत नहीं होनी चाहिए। खाद्य पूर्ति विभाग पर शोषण का आरोप लगाते हुए कहा कि समय से राशन नहीं मिलने, किसी माह दाल तो किसी माह नमक मिलने की शिकायत की। उन्होंने केंद्र व राज्य में एक समान दर पर ही लाभांश देने की मांग की। इस पर सीएम ने प्रमुख सचिव एल फैनई एवं खाद्य आयुक्त हरीश सेमवाल को लाभांश भुगतान समेत अन्य समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान देवीदयाल उपाध्याय, दिनेश पांडे, रमेश चंद्र पांडे आदि मौजूद रहे।


मुख्यमंत्री धामी को ज्ञापन सौंपते विधायक भगत व समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

# भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने श्रमिकों को टूल किट का वितरण किया

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने सोमवार को कोटाबाग में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड की ओर से श्रमिकों को टूल किट वितरित कीं।

भगत ने कहा की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार में श्रमिकों के कल्याण के लिए कर्मकार बोर्ड एवं श्रम विभाग अनेकों योजनाएं संचालित कर रहा है, जिसमें श्रमिकों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति, बालिकाओं के विवाह के लिए आर्थिक मदद, प्रसूताओं को आर्थिक सहायता एवं श्रमिक की मृत्यु के पश्चात उसके आश्रितों को आर्थिक मदद प्रमुख रूप से शामिल हैं। बताया कि श्रमिकों के निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्त जांच की भी व्यवस्था की गई है।

कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत के प्रयासों से आयोजित इस कैंप में अधिकाधिक श्रमिकों को लाभ दिलाना लक्ष्य है। इस दौरान श्रम प्रवर्तन निरीक्षक संजीव कंडारी, जोगा सिंह मेहरा, विनोद, डूंगर मेहरा, महेश पंत, चंद्रशेखर बुडलाकोटी, यशपाल ताड़ियाल, शोभा टम्टा, पूरन बुडलाकोटी, चंदू सनवाल एवं अनमोल पुजारी आदि मौजूद रहे।


श्रमिकों को टूल किट बांटते प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत। ● अमृत विचार

# जैव प्रौद्योगिकी की दी जानकारी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) एमएससी पर्यावरण के शिक्षार्थियों ने उत्तराखंड काउंसिल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी हल्दी पंतनगर का भ्रमण किया है। जिसमें 30 शिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया।

यूओयू पर्यावरण विज्ञान की सहायक प्राध्यापक डॉ. बीना तिवारी फुलरा ने बताया कि शिक्षार्थियों को माइक्रोबायोलॉजी, जेनेटिक इंजीनियरिंग, पर्यावरण तथा प्लांट टिशू कल्चर तकनीकी की जानकारी दी गई। उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद के निदेशक डॉ. संजय कुमार ने जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान के रूप में परिषद की भूमिका और क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर इसके प्रभाव पर प्रकाश डाला। इस दौरान डॉ. कृष्ण कुमार टम्टा, डॉ. नेहा तिवारी, डॉ. आजाद, मेधा मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीते पदक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता शुरू हो गई है। इस प्रतियोगिता में 13 जनपदों के 375 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

कैडेट बॉयज में अंडर 148 सेमीं में गोल्ड मेडल ऋषभ गोस्वामी (अल्मोड़ा), सिल्वर मेडल समीर चन्द पिथौरागढ़, ब्रॉन्ज मेडल अभ्युदय रावत (देहरादून) और तेजस बिष्ट (नैनीताल) को मिला। अंडर 152 सेमी में गोल्ड मेडल श्रेय किमोठी (चम्पावत), सिल्वर मेडल वरुण बहुगुणा (देहरादून), ब्रॉन्ज मेडल गोकुल गिरी गोस्वामी (बागेश्वर) और ब्रॉन्ज मेडल राहुल खाती (चम्पावत) को मिला। वहीं अंडर 156 सेमी में गोल्ड मेडल अमन खेमका (पिथौरागढ़), सिल्वर मेडल आकाश (देहरादून) और ब्रॉन्ज मेडल लक्ष्य अधिकारी (नैनीताल) व तनुज दानू (बागेश्वर) को मिला। अंडर 160 सेमी में गोल्ड मेडल हर्षित बोहरा (पिथौरागढ़), सिल्वर मेडल रौशन दानू (बागेश्वर) और ब्रॉन्ज मेडल हर्षवर्धन (देहरादून) व पियूष जोशी (अल्मोड़ा) को मिला। मुख्य अतिथि शिवालिक स्कूल के चेयरमैन रमेश शर्मा, विशिष्ट अतिथि सिंथिया स्कूल के चेयरमैन डॉ. प्रवींद्र रौतेला, संदीप जायसवाल, सुरेश भंडारी, हरिओम कांडपाल, गिरीश पांडे, डॉ. संजय पंत रहे। एसोसिएशन के सचिव कमलेश तिवारी ने बताया प्रतियोगिता कल भी जारी रहेगी।



प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ कवयित्री शोभा थरूर व स्कूल प्रबंधक समित टिक्कू।

### दीक्षांत स्कूल में पहुंची प्रसिद्ध कवयित्री शोभा थरूर

**हल्द्वानी :** दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को प्रसिद्ध कवयित्री शोभा थरूर श्रीनिवासन का आगमन हुआ। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए शोभा थरूर ने स्वरचित पुस्तक इट्स टाइम टू राइम की कविताओं को छात्रों को सुनाया। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्रों को कवयित्री के साथ सीधे जुड़ने की अनुमति दी गई। जिसमें छात्रों ने कवयित्री से उनके लेखन क्षेत्र से जुड़ी कई जानकारियां प्राप्त कीं। शोभा ने कहा कि लेखक अगर तू भी हो गया मौन, तो इस दौर की कहानी लिखेगा कौन? तू करम अपना कर, अब उपेक्षित होने से बचाने वाली पीढ़ी के सामने रख सच से भावी लेखक कवि होने की प्रेरणा दी। अवकाश पुस्तक पठन प्रतियोगिता के विजेताओं का अभिनंदन कर उन्हें प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी के पुरस्कार व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रबंधक समित टिक्कू के भाषण से हुआ। जिसमें उन्होंने आज के डिजिटल युग में पढ़ने के महत्व और पुस्तकों के प्रति प्रेम को बढ़ावा दिया। कार्यक्रम में शैक्षणिक निर्देशिका स्मृति टिक्कू, प्रधानाचार्य रूपक पांडे, प्रभलीन वर्मा सलूजा, समन्वयिकाएं चारु भट्ट, वत्सला पांडे व समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

# कार्ड बदल कर खाली किया सेवानिवृत्त कैप्टन का खाता

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- केआरसी के युद्ध संग्रहालय का प्रभारी है पीड़ित
- हल्द्वानी, बाजपुर व अलीगढ़ में निकाले 87 हजार

**अमृत विचार :** डेबिट कार्ड बदल कर एक जालसाज ने पूर्व सैनिक का बैंक खाता खाली कर दिया। पैसे अलग-अलग शहरों से निकाले गए। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गोलूछीना मुझोली रानीखेत निवासी पूरन राम ने पुलिस को बताया कि वह भारतीय सेना में कैप्टन के पद से सेवानिवृत्त हैं और कुमाऊं रेजीमेंट सेंटर रानीखेत के युद्ध संग्रहालय के प्रभारी हैं। दो जुलाई को वह भवन निर्माण के लिए बेटे विपिन के साथ हल्द्वानी आए थे। वह एटीएम से रुपये निकालने पहुंचे तो तीन-चार लोग पहले से खड़े थे। उन्हीं में से एक ने मदद के नाम पर उनका डेबिट कार्ड बदल लिया। इसके बाद हल्द्वानी के एटीएम से चार बार, बाजपुर के एटीएम से तीन बार और अलीगढ़ के जीटी रोड स्थित एटीएम से दो बार में 87 हजार रुपये निकाल लिए। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल वीडियो के आधार पर जालसाजों की तलाश की जा रही है।

बदहाल व्यवस्था

नगर निगम क्षेत्र में मच्छरों के पनपने से बढ़ेंगी बीमारी, अभियान पर लग रहा पलीता

# शहर में जलभराव, डेंगू-मलेरिया का खतरा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बारिश के दिनों में शहर में जगह-जगह जलभराव हो रहा है। नगर निगम क्षेत्र में कई जगह यह समस्या है। जलभराव की वजह से मच्छरों को पनपने में मदद मिल रही है। स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम मच्छरों की रोकथाम के लिए अभियान चला रहा है, लेकिन जलभराव से अभियान पर पलीता लग रहा है।

स्वामी राम कैंसर संस्थान के पास जलभराव की स्थिति बनी हुई है। जिसमें मच्छर पनप रहे हैं। मानपुर पश्चिम में प्रीतमपुरी कॉलोनी में भी यही हाल है। करीब 100 मीटर के हिस्से में सड़क पर जलभराव है। मल्ली बमौरी में खाली पड़े प्लॉटों में जलभराव बना हुआ है। बिठौरिया के पास आनंद विहार कॉलोनी में भी जलभराव बना हुआ है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि बारिश के दिनों में जलभराव की स्थिति हो जाती है। इधर, स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम फॉगिंग और सर्वे जैसे अभियान चला रहे हैं, लेकिन शहर में हुए जलभराव की वजह से अभियान पर पलीता लग रहा है।


कैंसर अस्पताल के सामने जमा गंदा पानी। ● अमृत विचार

### बेस अस्पताल में 19 की जगह नौ बेड बने



**हल्द्वानी :** बेस अस्पताल में डेंगू और मलेरिया वार्ड बना दिया गया है। फिलहाल नौ बेड का वार्ड बनाया गया है। पिछले वर्ष 10 बेड का वार्ड था। अस्पताल के पास 19 बेड का वार्ड बनाने की अनुमति है। विगत वर्ष डेंगू के बढ़े मामले को देखते हुए अनुमान था कि इस वर्ष ज्यादा बेड का मलेरिया और डेंगू वार्ड बनाया जाएगा, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने एक बेड कम कर दिया है। पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि अभी डेंगू का कोई मरीज नहीं मिला है। मरीज आना शुरू होंगे तो बेडों की संख्या बढ़ा दी जाएगी।

प्रवेश सूचना
ITDA CALC
* I.I.T. Roorkee Validated Course
* IT Department उत्तराखण्ड सरकार
Formerly
HILTRON CALC
Certificate, Diploma, Advance Diploma & PGDCA
• Software • Hardware & Networking • Accounting & Finance
Special Batches for Polytechnic, B.Tech, MCA, BCA Students
TIKONIA CENTRE
Sakhawat Ganj, Behind Mandir, Tikonia, Haldwani. Ph. 220950, 9359490696


# एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल में अव्यवस्थाओं का बोलबाला

## कहीं बैठने को जगह नहीं तो कहीं उगी हैं बड़ी-बड़ी झाड़ियां, अस्पताल में घूमते मिले आवारा पशु, एंबुलेंस को भी पहुंचने में होती हैं दिक्कतें

अमृत विचार लाइव

कुंदन बिष्ट/अजीत गोस्वामी

**काशीपुर।** सरकारी व्यवस्थाएं कितनी दुरुस्त हैं इसका नजारा एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल में आसानी से देखने को मिल जाएगा। अस्पताल में अव्यवस्थाओं का इतना बोलबाला है कि जहां मरीजों के बैठने के लिए बेंच कम पड़ जाती हैं तो वहीं अस्पताल में आवारा पशु घूमते आसानी से दिख जाते हैं। इतना ही नहीं पार्किंग का ठेका नहीं होने से अब अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के पास तक लोग अपने वाहन खड़ा कर रहे हैं। अस्पताल गेट के पास भी ई-रिक्शा खड़े रहते हैं। ऐसे में गंभीर मरीजों को लाने वाली एंबुलेंस को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।


सरकारी अस्पताल परिसर में घूमता कुत्ता।


खराब पड़ा वाटर कूलर।


सरकारी अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड के सामने खड़ी बाइकें। ● अमृत विचार


हार्ट सेंटर के बाहर खुले आसमान के नीचे पड़े बेड। ● अमृत विचार


बेंच नहीं होने पर हड्डी रोग विशेषज्ञ के गेट के बाहर खड़े मरीज। ● अमृत विचार


अस्पताल के परिसर में उगी झाड़ियां और घास। ● अमृत विचार

अस्पताल में समय-समय पर झाड़ियों को काटने का कार्य कराया जाता है। मौजूदा समय में झाड़ियों को काटने का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही सभी स्थानों से झाड़ियों को काटने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही मरीजों के बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की गई। जिन स्थानों पर मरीज अधिक हैं ऐसे स्थानों पर और कुर्सियों को लगाने का कार्य किया जाएगा। पार्किंग के लिए संबंधित ठेकेदार को फटकार लगाई जाएगी। -**डॉ .खेमपाल**, सीएमएस, एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल

## सार-संक्षेप



काशीपुर के कृष्णा अस्पताल में आग पर काबू पाते दमकल कर्मी।

### कृष्णा अस्पताल के डायलिसिस वार्ड में लगी आग

**काशीपुर :** शार्ट सर्किट के चलते गिरिताल रोड स्थित कृष्णा अस्पताल के डायलिसिस वार्ड में आग लग गई। इससे हजारों रुपये के उपकरण जल गए। घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई। दमकल कर्मियों के पहुंचने से पहले ही अस्पताल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। उधर सूचना पर दमकल विभाग के कर्मी व पुलिस कर्मी पहुंच गए। आग से हजारों रुपये के नुकसान का अंदाजा लगाया जा रहा है। अभी अस्पताल ने दमकल कर्मियों को नुकसान ब्योरा नहीं दिया है। इस दौरान कोतवाल एके सिंह, कटोराताल चौकी प्रभारी विपुल जोशी, टीएसआई यशवंत पाल समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने पर 12 के चालान

**काशीपुर :** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण प्रोग्राम के तहत रुद्रपुर से काउंसलर टीम ने पुलिस के साथ मिलकर अभियान चलाया। सार्वजनिक रूप से धूम्रपान करते व नियम विरुद्ध तंबाकू बेचने पर 12 लोगों के चालान काटे हैं। सोमवार को तीन लोगों की टीम कोतवाली पहुंची। जहां उन्होंने पुलिस कर्मियों के साथ नगर के चीमा चौराहा, महाराणा प्रताप चौक, स्टेशन रोड, माता मंदिर रोड, मुख्य बाजार में सार्वजनिक रूप से धूम्रपान करते तीन लोगों का चालान किया। इसके अलावा 9 लोगों का नियम विरुद्ध तंबाकू उत्पाद बेचने के आरोप में चालान किया गया। जिला अस्पताल में काउंसलर माया ककरियाल ने बताया कि तंबाकू उत्पाद बेचने के कुछ नियम हैं। उसका पालन करना जरूरी है। जो नियमों का पालन नहीं करेगा, उसके खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। साथ ही दुकानदार के द्वारा तंबाकू के प्रति चेतावनी बोर्ड लगाना भी अति आवश्यक है। इस दौरान टीम में एसआई कंचन पलडिया, टीना रावत, शहनाज आदि मौजूद रहे।

### कूड़ा हटाने के बाद मिट्टी भरान से करें समतलीकरण

**रुद्रपुर :** जिलाधिकारी व प्रशासक नगर निगम उदयराज सिंह ने ट्रंचिंग ग्राउंड में लिगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था को लिगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट में गति लाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि लिगेसी वेस्ट को ट्रीटमेंट कर आरडीएफ व वायोसायल को शीघ्र हटाया जाए। सोमवार को ट्रंचिंग ग्राउंड के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर निगम की उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी को निर्देश देते हुए कहा कि जिस स्थान से कूड़ा हटा दिया गया है, वहां मिट्टी भरान कर समतलीकरण करें। साथ ही दवाइयों का छिड़काव भी करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को लिगेसी ट्रीटमेंट कार्य व उसका डिस्पोजल एनजीटी के मानकों के अनुसार वैज्ञानिक तरीके से करने और ट्रीटमेंट व डिस्पोजल कार्य की फोटोग्राफी अनिवार्य रूप से करायी जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी आदि मौजूद रहे।

### निझड़ा व रम्पुरा में किया दवाओं का छिड़काव

**काशीपुर :** मानसून सीजन को देखते हुए नगर निगम ने शहर में कीटनाशक दवाओं व फॉगिंग का कार्य शुरू कर दिया है। सोमवार को निझड़ा व रम्पुरा क्षेत्र की नालियों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया गया। नगर आयुक्त विवेक राय ने बताया कि ऊधम सिंह नगर जिला डेंगू, मलेरिया की बीमारियों को लेकर अति संवेदनशील माना जाता है। इसके लिए नगर निगम के सभी वार्डों में मानसून सीजन को लेकर पूर्व तैयारियां शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि सोमवार को काशीपुर के निझड़ा व रम्पुरा वार्ड में नगर निगम कर्मियों ने मशीनों की मदद से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया।



जीजीआईसी की छात्राओं के साथ प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन।

### छात्राओं को गुड टच-बैड टच की जानकारी दी

**पंतनगर :** महिला कल्याण विभाग की ओर से जीजीआईसी पंतनगर में सोमवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन ने छात्राओं को गुड टच-बैड टच, पॉक्सो एक्ट, किशोर न्याय अधिनियम, जिला बाल संरक्षण इकाई और स्वयं को सुरक्षित रखने के तरीकों सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098, 113, 1930 आदि के संबंध में जानकारी दी। बताया कि बच्चों को यदि कोई परेशानी, शिकायत या मदद चाहिए तो 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर नि :शुल्क सेवा ले सकते हैं। बाल कल्याण समिति की अध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने सभी को बाल कल्याण समिति व उसके दायित्वों सहित किशोर न्याय अधिनियम संबंधी विधिक जानकारी भी दी। इस दौरान प्रधानाचार्या शाइस्ता जमाल अंसारी, अध्यापिका चांदनी रावत, चाइल्ड लाइन कॉर्डिनेटर रेखा ( चाइल्ड हेल्पलाइन ) व आउटरीच वर्कर हरेंद्र आदि मौजूद थे।

# दिल्ली मार्ग पर बसों का किराया 80 रुपये बढ़ा

**कांवड़ यात्रा**

- रामपुर-बुलंदशहर होते हुए बसों को भेजा जा रहा है दिल्ली
- तीन से चार घंटे देरी से पहुंच रही हैं रोडवेज बसें

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** दिल्ली मार्ग पर गजरौला के पास गढ़ गंगा से पवित्र जल लेने के लिए कांवड़ियों के आने-जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस कारण इस मार्ग पर काफी जाम लगता है। इसको देखते हुए उत्तराखंड परिवहन निगम के रुद्रपुर डिपो ने भी दिल्ली जाने वाली बसों का रूट बदल दिया है। इससे यात्रियों को 60 किमी से अधिक दूरी की यात्रा करनी पड़ रही है। इसमें यात्रियों को 80 रुपये अतिरिक्त देना पड़ रहा है।

सावन का महीना शिव भक्तों के लिए खास माना जाता है। इस महिने कांवड़िए भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए घर से पैदल चलकर पवित्र नदियों से जल लेकर आते हैं और फिर भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। इस कारण पवित्र स्थलों के आसपास जाम की समस्या पैदा हो जाती है। इसको देखते हुए परिवहन निगम को भी मार्गों का रूट डायवर्ट करना पड़ रहा है। रुद्रपुर डिपो के अधिकारियों के अनुसार डिपो से दिल्ली से संचालित बसों को रामपुर, बुलंदशहर होते हुए दिल्ली भेजा जा रहा है और इसी मार्ग से ही बसें अपने गंतव्य में पहुंच रही हैं। सामान्य दिनों में रामपुर, मुरादाबाद, हापुड़ होते हुए दिल्ली तक बसों का संचालन किया जाता है। उन्होंने बताया कि रूट डायवर्ट होने से यात्रियों को 60 किमी से अधिक का अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा है। इस कारण यात्रियों को अतिरिक्त पैसा भी देना पड़ रहा है। वहीं बसें भी तीन से चार घंटे देरी से अपने गंतव्य स्थान पर पहुंच रही हैं।

### हरिद्वार मार्ग पर रूट बदला, किराए में बढ़ोतरी नहीं

रुद्रपुर डिपो के अधिकारियों के अनुसार हरिद्वार मार्ग पर भी कांवड़ियों के आने-जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस मार्ग पर भी बसों को जसपुर, रुड़की होते हुए हरिद्वार और देहरादून भेजा जा रहा है। जबकि सामान्य दिनों में बसें धामपुर, नगीना, हरिद्वार होते हुए संचालित होती है। अधिकारियों के अनुसार इस मार्ग पर किमी . में ज्यादा अंतर नहीं पड़ा है। इस कारण इस मार्ग पर टिकट का किराया नहीं बढ़ाया गया है।

कांवड़ के चलते दिल्ली और हरिद्वार मार्ग पर बसों का रूट डायवर्ट कर भेजा रहा है। दिल्ली मार्ग पर यात्रियों से 80 रुपया अतिरिक्त किराया लिया जा रहा है, जबकि हरिद्वार मार्ग पर किमी में ज्यादा अंतर नहीं होने के कारण किराये में वृद्धि नहीं की जा रही है। वहीं कांवड़ के चलते बसें तीन से चार घंटे देरी से पहुंच रही है। -**केएस राणा**, सहायक महाप्रबंधक, रुद्रपुर डिपो

# भू-कटाव को लेकर किसानों में रोष

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार:** कैलाश नदी से हो रहे भू-कटाव के चलते कृषि भूमि को हो रहे नुकसान से किसानों में रोष है।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन की अगुवाई में पहुंचे दर्जनों किसानों ने तहसील कार्यालय में एसडीएम को ज्ञापन दिया। इसमें बताया कि गांव एंजनिया, पथरिया फार्म डोहरा में सिंचाई विभाग की ओर से नदी के किनारों पर बनाई गईं ठोकरें नदी में समा चुकी हैं। बारिश के दिनों में नदी के उफान आने के चलते करीब 25 एकड़ कृषि भूमि नष्ट हो चुकी है, जिससे स्थानीय किसान चिंतित हैं। किसानों की मांग है कि भू-कटाव को रोकने के लिए पिचिंग व बाढ़ सुरक्षा दीवार का निर्माण कराया जाए। उन्होंने भू-कटाव रोकने की मांग की है। इस मौके पर अध्यक्ष बलजिन्दर सिंह मान, लखविंदर सिंह, प्रेम सिंह, प्रकाश सिंह, शंकर सिंह, मेजर सिंह, भगवान सिंह आदि मौजूद रहे।


तहसील कार्यालय में एसडीएम को ज्ञापन देते किसान। ● अमृत विचार

### जलभराव से नाराज किसानों ने दिया ज्ञापन

**सितारगंज :** बरसात के कारण खेतों में होने वाले जलभराव को लेकर किसानों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। भाजपा नेता मुकेश सनवाल के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने समस्या का निराकरण न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से गोपाल सिंह, पविन्दर कुमार, सुमन सिंह, ब्रजमोहन सिंह, हैरी सिंह, समीर सिंह, रमेशवर सिंह, अमृत सिंह आदि शामिल रहे।

### स्कूलों में कर दी छुट्टी, दिन भर खिली रही धूप

**काशीपुर :** बारिश के रेड अलर्ट पर सोमवार को सरकारी व निजी स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। लेकिन सोमवार को दिनभर हल्की धूप निकली रही। जिससे लोगों को उमस ने परेशान किया। हालांकि सोमवार सुबह तड़के थोड़ी बहुत बारिश हुई थी। मौसम वैज्ञानिकों ने अभी भी चार दिन और हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने के आसार भी है। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ . आरके सिंह ने बताया कि अभी चार दिन और हल्की से मध्यम बारिश के आसार बन रहे हैं। जिनमें कुछ स्थानों पर भारी बारिश भी हो सकती है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

मेरा पुत्र पुत्र मुख्तार आलम खाँ पिछले कई वर्षों से मेरे परिवार के साथ नहीं रहता है। वह गलत संगत में पड़ गया है। आत्महत्या कर हमें केस में फंसाने की धमकी देता है। जिससे तंग आकर मैं अपने पुत्र को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए उससे अपने सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में अपने द्वारा किये गये गलत कृत्यों एवं लेन-देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। जिससे मेरा या मेरे परिवार का कोई वास्ता, सरोकार नहीं होगा।
**- मोहम्मद यूसूफ पुत्र तिमूर खाँ, निवासी टनकपुर रोड, गौला गेट वार्ड नम्बर 4/14, टनकपुर रोड, हल्द्वानी, जिला-नैनीताल**

# व्यापारी से हाथापाई कर लूटी 11 हजार की नगदी

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** काशीपुर हाईवे पर कार सवार बदमाशों ने व्यापारी को रोक कर हाथापाई की और 11 हजार रुपये की नगदी लूट कर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

भूतबंगला निवासी अनीश मियां ने बताया कि वह रुद्रपुर में व्यापार करते हैं और अक्सर कारोबार के सिलसिले में बाहर आना-जाना पड़ता रहता है। बताया कि सोमवार की दोपहर 12 बजे वह काशीपुर हाईवे स्थित लंबाखेड़ा के समीप पेट्रोल पंप पर जाने के लिए कार मोड़ रहे थे। इस बीच अचानक कार संख्या यूके-06एए-0013 में सवार दो युवक आए और हाथापाई शुरू कर लगे। आरोप था कि हमलावरों ने जेब में रखी 11 हजार रुपये की नगदी भी लूट ली और फरार हो गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है।

# शराब के नशे में ड्यूटी पर आए लिपिक का कराया मेडिकल

**खटीमा, अमृत विचार :** शराब के नशे में रेंज में आए प्रभारी लिपिक एवं फॉरेस्टर का प्रशिक्षु आईएफएस राहुल मिश्रा ने नागरिक अस्पताल में मेडिकल कराया। इस दौरान प्रभारी लिपिक ने घंटे भर तक हंगामा काटा।

सोमवार को खटीमा रेंज में तैनात हाल ही में आए प्रशिक्षु आईएफएस राहुल मिश्रा ने जब कार्यालय का औचक निरीक्षण किया तो कार्यालय में ऑन ड्यूटी तैनात प्रभारी लिपिक महेश चंद्र मठपाल को शराब के नशे में पाया। इससे पहले भी प्रभारी लिपिक ऑन ड्यूटी नशे में पाया गया था। आईएफएस राहुल मिश्रा ने नशे में धुत्त प्रभारी लिपिक की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी और प्रभारी लिपिक का अस्पताल में मेडिकल कराया।
जहां उसने काफी समय तक हंगामा काटा और ब्लड सैंपल व हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया।
आईएफएस की सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस को अस्पताल प्रशाशन ने ब्लड सैंपल रिसीव कराया। जिसे फॉरेंसिक लैब भेजा जाएगा।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड, नैनीताल रोड़, तिकोनिया हल्द्वानी (नैनीताल)-263139,
फोन एवं फैक्स: 05946-220172, E-mail: eddhld@yahoo.com

**पेड़ों के स्थानान्तरण/कटान कार्य के कारण विद्युत बाधित होने की सूचना**

हल्द्वानी नगर क्षेत्र के अन्तर्गत सिन्धी चौराहा से मंगल पड़ाव तक व उसके समीप निवास करने वाले समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित करना है कि सिन्धी चौराहा से मंगल पड़ाव, हल्द्वानी तक सड़क चौढ़ीकरण हेतु वन विभाग द्वारा वृक्षों का पातन/कटान के साथ-साथ कुछ वृक्षों के स्थानान्तरण का कार्य किया जाना है, जिस कारण निम्न सूची के अनुसार शट-डाउन प्रस्तावित है। उक्त कार्य के दौरान निम्न सूची के अनुसार सम्बन्धित पोषकों से पोषित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पूर्ण/आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

| क्र0 सं0 | दिनांक एवं दिन | उप-संस्थान का नाम | पोषक का नाम | प्रभावित क्षेत्र | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 23.07.2024 (मंगलवार) | 33/11 केवी0 उपसंस्थान, के0डी0 चौराहा, हल्द्वानी | 1. रामपुर रोड 2. बरेली रोड 3. गाँधी नगर पोषक 4. आजाद नगर | रामपुर रोड, मेडिकल कॉलेज, हीरा नगर, शीशमबाग, जेल परिसर, बरेली रोड, गाँधी स्कूल, FTI, आजाद नगर, गाँधी नगर, बनभूलपुरा, मंगल पड़ाव आदि क्षेत्र | प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक |

अतः समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।
"विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें"
पत्रांक: Camp-05/वि0न0वि0ख0 दिनांक 22/07/2024 अधिशासी अभियन्ता
"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" कस्टमर केयर टोल फ्री नं0 1800-419-0405

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

**150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल**

RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC

यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।



BRACHYTHERAPY
24 Channel



PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन



FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)

द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है

Immunotherapy & Chemotherapy

Dedicated Cancer Modular OT's

आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज

हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## एक नजर

### सीटें बढ़ाने की मांग को लेकर छात्रों की भूख हड़ताल शुरू

**बाजपुर :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए, बीकाम, बीएससी प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए सीटें बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलित विद्यार्थियों ने सोमवार को महाविद्यालय गेट पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। इसमें छात्रसंघ अध्यक्ष प्रशांत भट्ट, उपाध्यक्ष पंकज पाल, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि विशाल सिंह, महिंदर बोरा, अनुज, अभिषेक दीक्षित भूख हड़ताल पर बैठे हैं। इस दौरान विद्यार्थियों ने विश्विद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं दोपहर बाद महाविद्यालय पहुंची सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने अनशनकारी विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया।

### बाइक सवार घायल

**बाजपुर :** अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। ग्राम महेशपुरा निवासी संग्राम सैनी रविवार की देर रात बाइक पर बाजपुर से घर जा रहा था। इसी बीच बाजपुर-दोराहा मुख्यमार्ग पर एक पेट्रोल पंप के सामने अज्ञात वाहन चालक ने उसे चपेट में ले लिया। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है।

### गुम हुआ मोबाइल खोजा

**काशीपुर :** पुलिस गुम हुए मोबाइल फोनों को बरामद कर उनके स्वामियों को लौटाने के प्रयास में लगी हुई है। सोमवार को मानपुर रोड, राजपुरम कॉलोनी निवासी संजय यादव का 19 हजार रुपये कीमत का पूर्व में गुम हुआ मोबाइल फोन बरामद कर पुलिस ने उनके सुपुर्द किया। जिसे पाकर उन्होंने पुलिस का आभार जताया।

# हंगामा, हाईवे जाम और तालाबंदी के साथ छात्रों ने उठाए कई मुद्दे

## हाईवे पर किया धरना-प्रदर्शन, पुलिस से नोकझोंक, सीटें बढ़ाने और सांध्यकालीन कक्षाओं को चलाने की उठाई मांग, आश्वासन मिला

लामबंद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सांध्यकालीन कक्षाएं प्रारंभ करने और बीएससी बीकॉम की सीटें बढ़ाने को लेकर पिछले कुछ दिनों से सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थी संघर्षरत थे, लेकिन समाधान नहीं होने पर अचानक छात्र नेताओं का गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साए छात्रों ने कॉलेज में तालाबंदी कर रामपुर-नैनीताल हाईवे पर जाम लगाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाने का प्रयास करने लगी। इसको लेकर छात्रों व पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। बाद में कॉलेज प्रशासन के आश्वासन पर गुस्सा शांत हुआ।

सोमवार को छात्र संघ अध्यक्ष कमलचंद्र जोशी और सचिव सचिन वर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र कॉलेज परिसर में एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए कॉलेज के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया। इसके बाद गुस्साए छात्र जुलूस की शक्ल में रामपुर हाईवे पहुंचे। जहां छात्रों ने हाईवे पर जाम लगाते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर एसएसआई दीपक कौशिक, एसएसआई अशोक कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और जाम खुलवाने का प्रयास करने लगे। इसको लेकर छात्रों व पुलिस में नोकझोंक भी हुई।

इस दौरान छात्रों का कहना था कि वे लंबे समय से कॉलेज प्रशासन से सांध्यकालीन कक्षाएं प्रारंभ करने का मुद्दा उठा रहे हैं। इसके अलावा बीकॉम, बीएससी, बीबीए सहित सभी विषयों पर सीटें बढ़ाई जाएं। ताकि प्रवेश को भटक रहे विद्यार्थियों का भविष्य बन सके। कोई सुनवाई नहीं होने के कारण छात्रों ने उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाया और मांगे पूरी नहीं हुई तो आंदोलन जारी रहेगा। बाद में कॉलेज प्रशासन ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जसवीर गंगवार, नागेंद्र गंगवार, सुमित गंगवार, रजत बिष्ट, किशन ठाकुर, उप सचिव आदि शुक्ला, दीपक गिरी, काजल विश्वास, सपना तिवारी, दीपिका शैल, नंदिनी रानी, विनीता अवस्थी, नीमा राजपूत, मंजू मौर्य, सपना रानी, आशा कंबोज आदि मौजूद रहे।


रामपुर हाईवे पर जाम लगाकर धरना-प्रदर्शन करते आक्रोशित छात्र। ● अमृत विचार


कार की टक्कर से बचते एसएसआई दीपक कौशिक। ● अमृत विचार

### विधायक अरोरा पहुंचे, बोले-जल्द होगा समाधान

डिग्री कॉलेज के छात्रों के हंगामा और जाम लगाने की सूचना मिलने पर विधायक शिव अरोरा मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने छात्रों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कुलपति के अलावा शिक्षा मंत्री से भी फोन पर बातचीत की और दो सूत्रीय मुद्दों को रखा। इसके बाद विधायक अरोरा ने बताया कि पिछले वर्ष भी प्रवेश की समस्या आई थी। इसका समाधान किया गया और अब संध्या कालीन कक्षाएं प्रारंभ करने और सीटें बढ़ाने के मुद्दे को लेकर वह जल्द वार्ता कर समाधान निकालने का प्रयास करेंगे।

### छात्र हुआ बेहोश, मच गया हड़कंप

आंदोलन के दौरान सोमवार को अचानक एक छात्र की तबीयत खराब हो जाने से छात्र नेताओं में हड़कंप मच गया। नैनीताल हाईवे पर छात्र धरना प्रदर्शन कर रहे थे। उसी दौरान वहां मौजूद बीए तृतीय वर्ष का छात्र अरबाब मूर्छित होकर गिर गया। जिसे देखकर छात्रों में हड़कंप मच गया और छात्र को उठाकर अंदर ले जाया गया। जहां छात्र को पानी पिलाने के साथ ही पंखे के नीचे बैठाया गया। कुछ देर बाद छात्र होश में आया।

### बाल-बाल बचे एसएसआई, कार चालक का काटा चालान

रामपुर हाईवे पर छात्रों द्वारा लगाए गए जाम के दौरान अचानक एक कार चालक ने वहां खड़े एसएसआई को टक्कर मार दी। जिससे वह बाल-बाल बच गए। बताया जा रहा है कि जब एसएसआई दीपक कौशिक विद्यार्थियों को समझाने के बाद जाम खुलवा रहे थे। उस वक्त हाईवे पर छात्रों की भीड़ भी खड़ी थी। तभी अचानक एक कार भीड़ को चीरती हुई आई और वहां खड़े एसएसआई को साइड से टक्कर मार दी। गनीमत यह रही कि एसएसआई कूदकर किनारे हो गये। जिसे देखकर पुलिस ने चालक को फटकार लगाते हुए रोड साइड वाहन संचालन पर चालानी कार्रवाई की और हिदायत देकर छोड़ दिया।

### कुमाऊं विवि के कुलपति का भी फूंका पुतला

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिन भर दो सूत्रीय मांगों को लेकर छात्र एवं छात्र नेताओं का पारा चढ़ा रहा। हाईवे जाम करने, कॉलेज में तालाबंदी, विरोध जुलूस निकालते के साथ ही गुस्साए छात्रों ने कुमाऊं विवि कुलपति का पुतला दहन कर अपना आक्रोश जताया। आरोप लगाया कि कुमाऊं विवि प्रशासन विद्यार्थियों की समस्याओं की अनदेखी कर रही है, जबकि कई बार कॉलेज प्रशासन के समक्ष मुद्दा उठाया। जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


पुलिस से नोकझोंक करते छात्र। ● अमृत विचार


गश खाकर गिरे छात्र को उठाकर ले जाते साथी। ● अमृत विचार

# पूर्व पार्षद ने एसएचओ पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया

संवाददाता, रुद्रपुर

**मामला**
- 20 जुलाई की रात्रि को गए थे थाना ट्रांजिट कैंप
- एसएचओ पर बाहर निकालने का लगाया आरोप

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप के वार्ड-सात के पूर्व भाजपा पार्षद ने थाना प्रभारी पर दुर्व्यवहार कर बाहर निकालने का आरोप लगाया है। आरोप था कि वह किसी प्रकरण में थाने गये और थाना प्रभारी ने बाहर निकाल दिया। पूर्व पार्षद ने संगठन सहित प्रदेश नेतृत्व को शिकायती पत्र देकर नाराजगी जताई है।

शिकायती पत्र में वार्ड-सात के पूर्व पार्षद कैलाश राठौर ने बताया कि 20 जुलाई की रात्रि 9 बजे वह श्मशान घाट रोड पर हुए गोली कांड प्रकरण को लेकर भाजपा पार्षदों व कुछ लोग के साथ थाने गये। एक घंटा थाने के बाहर खड़े होने के बाद भी जब थाना प्रभारी द्वारा नहीं बुलाया गया तो वह थाने के अंदर प्रवेश कर गये और कार्यालय में गये। इस बीच थाना प्रभारी बाहर निकल रहे थे। आरोप है कि इस दौरान थाना प्रभारी ने उनकी कमर पर हाथ मारा और बाहर का रास्ता दिखाने लगे।

उन्होंने जब इस दुर्व्यवहार का कारण पूछा तो एसएचओ भड़क उठे और नजदीक खड़े दरोगा के बुलाने पर भी अपशब्दों का प्रयोग करते रहे। पूर्व पार्षद ने नगर अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष सहित प्रांतीय नेतृत्व को शिकायती पत्र भेजते हुए कहा कि जब सत्ताधारी पूर्व पार्षद के साथ ऐसा व्यवहार हो रहा है तो गरीब जनता की क्या सुनवाई होती होगी, जबकि वह प्रकरण में महज मिलने गए थे। उन्होंने मामले में एसएचओ पर कड़ी कार्रवाई करवाने की मांग की है। कहा कि मामले से अन्य लोगों में भी रोष है।

**बोले थाना प्रभारी**

20 जुलाई की रात 11 बजे तक गोली कांड प्रकरण की जांच कर रहे थे। बाहर निकलते हुए जब पूर्व पार्षद से आने का कारण पूछा तो उन्होंने आवेश में आकर सत्ताधारी होने का रौब दिखाया। बावजूद अधीनस्थों से पूछने पर वार्ता भी की, लेकिन पूर्व पार्षद से किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं किया। लगाए गए आरोप निराधार हैं। घटना पुलिस के सीसीटीवी कैमरे में भी कैद है। बेवजह थाने में भीड़ नहीं लगने दी जाएगी। -**भारत सिंह**, थाना प्रभारी, ट्रांजिट कैंप

# सीएम पर वीडियो बनाने वाले की गिरफ्तारी हो

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की आपत्तिजनक वीडियो एक युवक द्वारा सोशल मीडिया में वायरल करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सोमवार को भाजपाइयों व बसपाइयों ने कोतवाली का घेराव कर ज्ञापन सौंपा और आरोपी युवक की गिरफ्तारी की मांग की।

सोमवार को भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राहुल पैगिया के नेतृत्व में दर्जनों भाजपाई व अन्य लोग कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने कोतवाल का घेराव करते हुए मुख्यमंत्री का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मौजूद लोगों ने कहा कि मामले में पुलिस प्रशासन ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद भी अब तक उसकी गिरफ्तारी नहीं की। जिसका फायदा उठाकर वह व्यक्ति अब विभिन्न माध्यमों से लोगों का अपमान करने में लगा हुआ और काशीपुर शहर जो कि हमेशा से कौमी गुलदस्ता का उदाहरण रहा है उसको जाति, धर्म व पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों के मुद्दों में बांटने का प्रयास कर रहा है, जिससे कि काशीपुर शहर में शांति भंग होने की आशंका है। उन्होंने शीघ्र की युवक की गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं इसी मामले में मंडल अध्यक्ष परमिंदर सिंह विर्क के नेतृत्व में भाजपाइयों व अन्य लोगों ने कुंडेश्वरी चौकी पुलिस में भी आरोपी के खिलाफ ज्ञापन सौंपकर युवक की गिरफ्तारी की मांग की है। ज्ञापन देने वाले भाजपाइयों में अमित सक्सेना, जयदीप, अभिनव राजपूत, अंकित सरस्वात, अभिषेक वंश गोयल, प्रियांशु, संजय तोमर, अमन गुप्ता, जितेंद्र चौहान, सुंदर रावत, अनमोल अग्रवाल अभिषेक चौहान, सौरभ ठाकुर, तथा उपेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

उधर बसपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार गौतम के नेतृत्व में बसपाइयों ने कोतवाली पहुंचकर एसएसआई सतीश शर्मा को ज्ञापन सौंपकर मुख्यमंत्री धामी की आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने के आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। ज्ञापन देने वालों में बसपा के महानगर अध्यक्ष एमए राहुल, सौरव भारती, उमेश कुमार उर्फ टीटू आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में कोतवाल से वार्ता करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# घर में चल रहा था देह व्यापार संचालिका समेत तीन पकड़े

संवाददाता, रुद्रपुर

**खुलासा**
- तीन महिलाएं व दो पुरुष आपत्तिजनक हालत में मिले
- रेस्क्यू कर पांच महिलाओं को किया मुक्त

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट की टीम ने एक घर में छापामार कर देह व्यापार में लिप्त संचालिका को गिरफ्तार किया, जबकि पांच महिलाओं को रेस्क्यू कर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस ने मौके से दो युवकों को भी गिरफ्तार कर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

एएचटीयू प्रभारी जीतो कंबोज को सूचना मिली कि थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में देह व्यापार का धंधा संचालित है। सूचना मिलते ही ट्रांजिट कैंप पुलिस और एएचटीयू यूनिट की संयुक्त टीम ने वार्ड के मकान में छापा मारा। वहां एक महिला देह व्यापार का धंधा संचालित कर रही थी और तीन महिलाएं व दो पुरुष आपत्तिजनक हालत में दिखे। इसके अलावा दो महिलाएं बाहर बैठी थीं। पूछताछ में पता चला कि पकड़ी गई महिला बेबस महिलाओं और युवतियों को पैसों का प्रलोभन लेकर देह व्यापार कराती है। पुलिस ने मौके से आपत्तिजनक चीजें भी बरामद की हैं। साथ ही पकड़े लोगों के कब्जे से 6500 रुपये की नकद राशि भी बरामद की। पुलिस ने देह व्यापार संचालिका के खिलाफ धारा 143 बीएनएस 3/4/5/6 अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया, जबकि दो युवक पर कार्रवाई की। टीम ने पांच महिलाओं को रेस्क्यू कर उनके परिजनों को बुलाकर सुपुर्द कर दिया है।

# अग्निवीरों के हित में आरक्षण से बढ़ा सम्मान

संवाददाता, काशीपुर


दीपक बाली।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देवभूमि में भी अग्निवीरों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने की घोषणा का भाजपा नेता दीपक बाली ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड एक सैनिक प्रदेश है, धामी ने यह घोषणा कर न सिर्फ उत्तराखंड के युवा सैनिकों का उत्साह बढ़ाया है अपितु सैनिक प्रदेश होने के नाते उत्तराखंड का सम्मान भी बढ़ाया है।

हाल ही में हरियाणा सरकार ने अग्निवीरों को सरकारी सेवाओं में 10 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की थी। उसके बाद उत्तराखंड में भी इस मांग को लेकर जैसे ही हलचल शुरू हुई तो मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी अग्निवीर युवाओं के भावी भविष्य को देखते उत्तराखंड में सरकारी सेवाओं में अग्निवीरों को आरक्षण देने की घोषणा कर दी।

साथ ही धामी ने आदेश दिया है कि इस संबंध में कार्ययोजना बनाई जाए और जरूरी हुआ तो हम अग्निवीरों के हित में उन्हें रोजगार देने के लिए एक्ट भी बनाएंगे।

# साक्ष्यों के अभाव में शराब तस्करी का आरोपी दोषमुक्त

**काशीपुर:** एसीजेएम कोर्ट ने शराब के साथ पकड़े गए एक आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। 23 अगस्त 2017 को तत्कालीन आबकारी निरीक्षक विष्णु थापा ने मोहल्ला कटोराताल निवासी रोहित को 22 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया था।

इस मामले में चार्जशीट दाखिल होने के बाद एसीजेएम कोर्ट में केस चला। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता सूरज कुमार ने पैरवी की। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों को देखते हुए अदालत ने आरोपी रोहित को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है।

# हर चौथे दिन लापता हो रही एक किशोरी

**सितारगंज, अमृत विचार :** बीते 12 दिनों में हर चौथे दिन कस्बे के अलग-अलग स्थानों से तीन किशोरियां लापता हो चुकी हैं। पुलिस ने किशोरियों के परिजनों की सूचना पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कस्बे के विभिन्न इलाकों से 14 व 16 वर्ष की तीन किशोरियां लापता हो चुकी हैं। किशोरियों की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस ने खोजबीन तेज कर दी है। इधर कोतवाली की उप निरीक्षक बबीता ने बताया कि लापता तीन किशोरयों में से दो को बरामद किया गया है। पूछताछ में पता चला है कि किशोरियों के बहकने के पीछे सोशल मीडिया भी जिम्मेदार है।

हंगामा | एसडीएम कार्यालय तक पहुंचा मामला, दोनों पक्षों को आपसी सहमति बनाने के लिए 25 जुलाई तक का समय दिया

# रामलीला कमेटी के अध्यक्ष के चुनाव को लेकर विवाद

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** रामलीला कमेटी के अध्यक्ष के चुनाव में विरोध के चलते खासा विवाद पैदा हो गया, जो एसडीएम कार्यालय तक पहुंच गया। काफी जद्दोजहद के बावजूद कोई नतीजा नहीं निकल पाया।

मोहल्ला जटवारा रामलीला कमेटी के अध्यक्ष के चुनाव के लिए नगर के ठाकुर मंदिर में रविवार को मोहल्लेवासियों की एक बैठक का आयोजन किया गया था। इसमें रामलीला कमेटी जटवारा के पूर्व अध्यक्ष रवि एडवोकेट के नाम पर विरोध पैदा हो गया। इसके चलते उनके नाम पर सहमति नहीं हो पाई। दोनों पक्षों में काफी गहमागहमी हो गई।

रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष के विरोधी पक्ष ने सोमवार को उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपना पक्ष रखा। इस पर उप जिलाधिकारी ने दोनों पक्षों के पांच-पांच प्रतिनिधियों को अपने कार्यालय में अंदर बुलाकर दोनों पक्षों को सुना। लेकिन दोनों पक्ष अपनी-अपनी बात पर अड़े रहे। इसके कारण कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाया। बाद में एक सुझाव निकल कर आया कि रविवार को हुई बैठक में कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित सौरभ अग्रवाल के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को रामलीला कमेटी का अध्यक्ष बनने पर विचार किया जाए। इस पर उपजिलाधिकारी ने दोनों पक्षों को आपसी सहमति बनाने के लिए 25 जुलाई अपराह्न 3:00 बजे तक का समय दिया है।


रामलीला कमेटी के अध्यक्ष के चुनाव के विवाद के निस्तारण को लेकर एसडीएम कार्यालय परिसर में लगी भीड़।

### 12 वर्षों से निर्विरोध अध्यक्ष बन रहे हैं रवि एडवोकेट

**जसपुर :** जसपुर के मोहल्ला जटवारा रामलीला कमेटी के लिए पिछले 12 वर्षों से रवि एडवोकेट निर्विरोध अध्यक्ष बनते चले आ रहे हैं। लेकिन मोहल्लेवासी रामलीला कमेटी के अध्यक्ष के लिए इस बार किसी दूसरे व्यक्ति को मौका देने की मांग कर रहे हैं। इधर रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रवि एडवोकेट लोगों से केवल इस बार अध्यक्ष बनाए जाने का अनुरोध कर रहे हैं। लेकिन मोहल्ले वासी इस पर सहमत नहीं हो रहे हैं।

# खेत से चारा लेने गए व्यक्ति को सांप ने डसा

**बाजपुर:** खेत से चारा लेकर आए व्यक्ति को सांप ने डस लिया।

ग्राम सरखेड़ा ठाकुरद्वारा मुरादाबाद (उप्र) निवासी शीशपाल (47) पुत्र जगदीश सिंह रविवार को खेत से चारा लेकर आया था। बताया जाता है कि घर पर जैसे ही वह मशीन से चारे की कुट्टी काटने लगा, चारे के साथ आए सांप ने उसके हाथ में डस लिया। इसकी जानकारी से परिजनों में हड़कंप मच गया। स्वजन रविवार की देर रात उसे सरकारी अस्पताल बाजपुर लेकर पहुंचे, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

शीलं प्रधानं पुरुषे तद् यस्येह प्रणश्यति ।
न तस्य जीवितेनार्थो न धनेन न बन्धुभिः ॥

शील ही मनुष्य का प्रमुख गुण है। जिस व्यक्ति का शील नष्ट हो जाता है– धन ,जीवन और रिश्तेदार उसके किसी काम के नहीं रहते, अर्थात् उसका जीवन व्यर्थ हो जाता है।


## संपादकीय

# वित्तीय क्षेत्र का भविष्य

आम बजट से एक दिन पहले संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में अनुमान जताया गया है वित्त वर्ष 2024 में देश की अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्थिक सर्वेक्षण में बैंकों के घटते नॉन-परफॉर्मिंग एसेट और आम आदमी को राहत पहुंचाने के लिए एलपीजी, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती का जिक्र किया । सर्वेक्षण में महंगाई को काबू करने के लिए सरकार के उठाए गए कदमों की सराहना की गई है। वैश्विक श्रम बाजार में व्यवधानों और चौथी औद्योगिक क्रांति के प्रभावों के बीच प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में भारत के कार्यबल के लिए आने वाले महत्वपूर्ण बदलावों को स्वीकार किया गया है। स्वीकारना होगा कि देश में पर्याप्त रोजगार सृजन की तत्काल आवश्यकता है। इसके लिए देखभाल अर्थव्यवस्था और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने की जरूरत है। पिछले दो वर्षों से खाद्य मुद्रास्फीति एक वैश्विक घटना बनी हुई है। खराब मॉनसून की वजह से फसलों और खाने-पीने की चीजों की कीमतों पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

कुछ खाद्य पदार्थों की महंगाई दर ऊंची है। हालांकि मुख्य महंगाई दर काफी हद तक काबू में है। प्रमुख महंगाई दर 4 फीसदी के नीचे है। गौरतलब है कि खुदरा मुद्रास्फीति जून में 5.08 प्रतिशत थी जबकि खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 9.36 प्रतिशत थी। मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के कारण रिजर्व बैंक ने फरवरी, 2023 से नीतिगत दर में बदलाव नहीं किया है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद मूल्य स्थिरता सुनिश्चित की गई। भारत की नीतियां चुनौतियों से कुशलतापूर्वक निपट पाईं। कहा जा सकता है कि निवेश में जो तेजी आई है वह सिर्फ पब्लिक सेक्टर (सरकार) में पूंजीगत खर्च से नहीं आई है बल्कि राज्य और केंद्र सरकारें, दोनों मिलकर भी पूंजीगत उत्पादन बढ़ा रही हैं। साथ ही प्राइवेट सेक्टर में भी पूंजीगत खर्च रिकवर हुआ है और लगातार बढ़ोतरी हो रही है। वित्तीय क्षेत्र महत्वपूर्ण बदलाव से गुजर रहा है, इसलिए इसे वैश्विक या स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाली संभावित कमजोरियों के लिए तैयार रहना चाहिए। मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद और आयात कीमतों में नरमी से आरबीआई के मुद्रास्फीति अनुमानों को बल मिलता है। मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन ने भी कहा है कि 7 फीसदी की इकोनॉमिक ग्रोथ रेट का लक्ष्य हासिल करना संभव है लेकिन यह इस पर निर्भर करेगा कि मानसून की बारिश कैसी होती है। भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि तथा इसका प्रभाव आरबीआई की मौद्रिक नीति के रुख को प्रभावित कर सकता है। इसके बावजूद भारत के वित्तीय क्षेत्र का परिदृश्य उज्ज्वल है। वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत तथा स्थिर स्थिति में है, जो भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने में उसकी जुझारू क्षमता को दर्शाता है।

# शोध पत्रों की अनुसंधान शैली पर उठते तकनीकी सवाल



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

आपत्ति के बाद से जर्नल से पेपर को रीट्रेक्ट करने या वापिस ले लेने की घटनाएं अनेक वर्ष से बढ़ी हैं। साइंस एडवांसेज के उक्त अध्ययन को खारिज करने से इसे संदर्भ हेतु सुरक्षित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा।

मेडिकल रिसर्च एंड एक्सपेरिमेंटल साइंस से ताल्लुक रखने वाली सामग्री को बिना जांच के प्रकाशित करना दुष्परिणाम लाता है। विदेश से प्रकाशित ख्यात और बहु-प्रसारित साइंटिफिक पत्रिकाओं में स्वास्थ्य प्रबंधन शोध या मेडिकल रिसर्च से संबधित रिपोर्ट, पेपर, पत्र को भारतीयों ने या विदेश में कार्यरत भारतीय मूल के शोध कर्मियों ने बेशक संयुक्त रूप से लिखा हो, परन्तु ऐसे प्रत्येक सर्वसुलभ प्रकाशित (ओपन एक्सेस) पेपर और रिपोर्ट को तीखी निगाह से देखने की आदत मीडिया कर्मियों को होनी चाहिए। भारत के संदर्भ में समझे बिना इसे इस्तेमाल करना सही नहीं। मीडिया में ऐसी रिपोर्ट्स की फ्रीक्वेंसी बढ़ गई है,जिनके बारे में भारत के स्वास्थ्य अनुसंधान तंत्र को आपत्ति रही है।

भारत में बैठे विदेशों के विज्ञान प्रकाशनों के कॉरेसपोंडेंन्ट्स वर्नाक्युलर मीडिया से खबर या सामग्री उठाकर अंग्रेजी में रूपांतरण करके इसे अपनी पब्लिकेशन को कभी फीड नहीं करेंगे। वे अंग्रेजी में ही स्टोरी लिखेंगें। अंग्रेजी के कंटेंट में अगर त्रुटि है तो हिंदीकरण के बाद वह इसलिए बनी रहती है कि इसके कंटेंट के भीतर विचार, दृष्टिकोण, टिप्पणी या फैक्ट्स का पुनर्सत्यापन करने के लिए मीडिया की संबंद्ध मैकेनिज्म को जागृत करने में रुचि नहीं है। भारत के बारे में विदेश से न्यूज और साइंटिफिक मीडिया में से कंटेंट निकाल कर देश के मीडिया को जो सामग्री अरसे से फीड होती आ रही है या इसे सोद्देश्य भारत की ओर धकेला जाता रहा है उसका जस का तस भाषांतरण करने के बाद तरजीह देकर हमारे यहां नहीं छापा जाना चाहिए।

ताजा प्रसंग में हुआ यूं कि अमेरिकन एसोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ़ साइंस संस्था के 'साइंस एडवांसेज' जर्नल के जुलाई 2024 के अंक में 'लार्ज एंड अनईक्वल लाइफ एक्स्पेक्टेंसी डिक्लाइन्स ड्यूरिंग द कोविड-19 पैंडेमिक इन इंडिया इन 2020' शीर्षक से प्रकाशित एक रिसर्च स्टडी में कहा गया कि भारत में सन 2020 के साल में कोरोना महामारी में संक्रमण से सामान्य संख्या से 12 लाख अधिक जनों की मृत्यु हुई थी जो कि सन 2019 के दौरान इसी संक्रमण की वजह से हुई मृत्यु से संख्यात्मक रूप से और तुलनात्मक प्रतिशत आंकड़ों की दृष्टि से कहीं अधिक है। यह मात्र डेटा साइज़ और इंटरप्रिटेशन का खेल है। भारत में जन्म और मृत्यु की रजिस्ट्री के समय मृत्यु का कारण जरूर लिखा जाता है। यह सही है कि आम जागरूकता और मेडिकल एक्सपर्ट्स को सचेत करने के लिए जनसंदेशों के व्यापक प्रसारण और शासकीय आदेशों के बावजूद देहात और दूरस्थ क्षेत्रों में सन 2019-2020 में सिधार गए अनेक लोगों का दाह संस्कार करने से पहले मृत्यु का रजिस्ट्रेशन न हुआ हो या त्रुटिपूर्ण इन्द्राज किया गया हो, लेकिन डेटा में विशाल अंतर नहीं हो सकता। डेटा एनालिसिस में त्रुटियों को दुरस्त करने का मैकेनिज्म मौजूद होता है।

भारत का सेंट्रल रजिस्ट्री सिस्टम सक्षम है और पक्षपात रहित होकर काम करता रहा है। कोविड महामारी के दौरान पंजीकरण करने पर मृत्यु के कारणों को दर्ज करने के बारे में विवादास्पद रिपोर्ट्स मीडिया में प्रकाशित हुई थीं,जिनका नोटिस स्वास्थ्य मंत्रालय ने लिया था और दिशा-निर्देश जारी किए गए थे।

भारत का सेंट्रल रजिस्ट्री सिस्टम सक्षम है और पक्षपात रहित होकर काम करता रहा है। कोविड महामारी के दौरान पंजीकरण करने पर मृत्यु के कारणों को दर्ज करने के बारे में विवादास्पद रिपोर्ट्स मीडिया में प्रकाशित हुई थीं,जिनका नोटिस स्वास्थ्य मंत्रालय ने लिया था और दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। भारत की सेन्ट्रल रजिस्ट्री और नेशनल फॅमिली हेल्थ सर्वे-5 से कोरोना संक्रमण से मरने वालों की गैर-मुकम्मल संख्या में से डेटा लेकर साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित उक्त शोध पत्र के दस ऑथर्स ने इस्तेमाल किया और जैसे नतीजे निकाले उनसे भारत सरकार में स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव और आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने जबरदस्त आपत्ति की है। नीति आयोग में स्वास्थ्य सलाहकार डॉ. विनोद कुमार पॉल ने इस शोधपत्र के लिए रिसर्चर्स द्वारा अधूरे डेटा-सेट के इस्तेमाल को गलत बताया है। इस बारे में हिंदी प्रिंट मीडिया में तकरीबन सभी समाचार पत्रों ने 21 जुलाई 2024 के अंक में इसे एक बड़ी खबर के रूप में प्रकाशित किया। इस बारे में हिंदी भाषा के कुछेक समाचार पत्रों में खबर के टेक्स्ट को सही से गठित नहीं किया और महत्व की जानकारी भी छूट गई या उक्त शोधपत्र को पढ़ने के बाद संशोधित नहीं की गई। इस शोधपत्र के विवादित हिस्सों को लिखने वाले सभी दस ऑथर्स भारतीय हैं, लेकिन इंग्लैंड, अमरीका, फ्रांस और जर्मनी के विभिन्न संस्थानों में विभिन्न कैपेसिटीज में करते हैं। एक रिसर्च पब्लिकेशन के बारे में बहुत से एथिकल इश्यूज उत्पन्न होते हैं। समाचार कहीं से भी पहुंचे इससे बाद इसका सत्यापन करने के मैकेनिज्म का सक्रिय किया जाना लाजिमी है। जर्नल्स के बारे में ऐसा करना अधिक मुश्किल नहीं, लेकिन प्रकाशन पूर्व सावधानी का यह अहम् हिस्सा है। इसलिए यह महत्वपूर्ण हो गया है कि विदेश मूल के जर्नल्स में प्रकाशित भारत संबंधी मेडिकल रिपोर्ट्स पर अपने देश के उच्च मेडिकल साइंटिस्ट्स की राय पहले जान ली जाए।

उक्त अध्ययन में इस्तेमालशुदा डेटा का सैंपल साइज़ अपर्याप्त बताया गया और कहा है कि कोविड संक्रमण की चपेट में आए हुए व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर इससे दीर्घकाल के प्रभाव के रूप में जीवनावधि का दो वर्ष और छः महीना कम होने की संभावना व्यक्त की गई। प्रयुक्त किए गए डेटा से अध्ययन की आधारभूत जरूरत पूरी नहीं होती और सैंपल साइज बेहद छोटा और महत्वहीन होने के कारण देश की एक अरब 35 करोड़ जनसंख्या के लिए इसकी एप्लीकेशन (एक्स्ट्रापोलेशन) से कोई नतीजा निकालना अन-एथिकल और अवैज्ञानिक है। डेटा के एक क्रिटिकल मास का ध्यान एक रिसर्चर को इसलिए रखना होता है कि स्टेटिस्टिकल तकनीकों से एनालिसिस करते समय गड़बड़ पेश न आए। मॉडर्न और ट्रेडिशनल मेडिसिन में भारतीय स्वास्थ्य एवं आयुर्वेज्ञानिक अनुसंधान अध्ययनों के बारे में शोधपर्चों में दर्शाए गए तथ्यों की प्रकाशन-पूर्व समीक्षा विद्वज्जनों की प्रतिभा और रिसर्च में लंबे अनुभव पर निर्भर होती है? स्वास्थ्य मंत्रालय की आपत्ति के चलते 'साइंस एडवांसेज' जर्नल के उक्त लेख की संदर्भ सूची में 84 लेखों की गिनती करवाना ऑथर्स के लिए अब खास मायने नहीं रखता। उद्धृत किए गए लेखकों को अपनी प्रतिष्ठा के बारे में सोचना पड़ सकता है। पिछले दो-तीन वर्ष से विदेशी मूल के ख्यात और लर्नेड जर्नल्स में पीयर रिव्यु के कमज़ोर पड़ने की बातें नेचर जर्नल के कुछ अंकों में प्रकाशित हुई हैं। आपत्ति के बाद से जर्नल से पेपर को रीट्रेक्ट करने या वापिस ले लेने की घटनाएं अनेक वर्ष से बढ़ी हैं। साइंस एडवांसेज के उक्त अध्ययन को खारिज करने से इसे संदर्भ हेतु सुरक्षित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। यह तय है कि किसी भी प्रकार की साइंस न्यूज़ की हैंडलिंग -खासतौर से अनुसंधानिक मिजाज़ वाली, में हिंदीभाषा के प्रिंट मीडिया में दक्षता बढ़ानी होगी।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने कोविड-19 पर जिस प्रकार से देश में रिसर्च स्टडीज को (एड-हॉक एंड इंस्टिट्यूशनल, दोनों) व्यापक समर्थन दिया और इनमें से अधिकांश को इंडियन जर्नल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च (आईजेएमआर) के अंकों में प्रकाशित किया, उसकी पृष्ठभूमि में डॉ. बहल का यह कथन मायने रखता है 'साइंस एडवांसेज' में प्रकाशित की गई उक्त स्टडी को देख कर इस बारे चिंतन की जरूरत नहीं है। भारतीय स्टेटिस्टिकल एजेंसीज के अलावा भारत की रिसर्च एस्टाब्लिशमेंट और जर्नल्स द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट्स में भारतीय मीडिया जनों की रुचि रूटीन के तौर पर बेहद कम है ऐसा अनुभव मैंने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् में अपने कार्यकाल में अर्जित किया। कोशिश के बावजूद मीडिया जन आईजेएमआर और अन्य भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान प्रकाशनों की ओर से सामान्यतः उदासीन ही बने रहे। इसलिए महसूस हो रहा कि विदेशी जर्नलों में प्रकाशित होने वाले भारत संबंधी शोध पर्चों की पुलिसिंग करने की भी अब जरूरत है।

## प्रसंगवश

# डिजिटल धोखेबाजों का शिकार बन रहे हैं सीनियर सिटीजन

डिजिटल धोखेबाजों का एक बड़ा शिकार सीनियर सिटीजन बन रहे हैं। खासकर नौकरी पेशा से निवृत्त हुए लोग। इसके कई कारण हैं। एक तो यही कि प्रायः उनके ज्यादातर आर्थिक सामाजिक दायित्व पूरे होते रहते हैं। उनके पास सरप्लस या यूं कहें कि पर्याप्त धन रहता है। शरीर भले निरंतर कमजोर जर्जर हो रहा हो,मगर मूलभूत जैविक इच्छाएं रह-रह कर उछाल मारती रहती हैं।

मेरे और समवयी मित्रों के वाट्सएप पर अनजान और अचानक ऐसी कॉल आ आती हैं,फलाने मिस, फलाने कुमारी वाली। उन्हें बिना रिसीव करके तुरंत डिलीट करने में ही भलाई है। धोखेबाज दिन-रात सक्रिय हैं और नए-नए फांसने के तरीके आविष्कृत करते रहते हैं। गुरु पूर्णिमा के अवसर को भी उन्होंने नहीं छोड़ा।

अकेलापन, एकरसता जीवन में तारी होने लगती है। उनमें एकालाप और सामीप्य की चाहत बलवती हो जाती है। वे नहीं चाहते कि उनकी उपेक्षा व्यक्ति और समाज करे। इसलिए कहीं से भी तनिक प्रशंसा,स्नेह और प्रेम के मीठे बोल उन्हें अपनी ओर खींच लेता है। मगर उनमें एक खामी भी आरंभ हो चुकी रहती है, याददाश्त कमजोर पड़ रही होती है। एक डिजिटल धोखेबाज के लिए ये सभी ऐसी कमजोरियां हैं,जिनके चलते वह उन्हें फांसने की जुगत करता है। एक पुलिस पद के ऊंचे ओहदे से रिटायर हुए और एक सेवानिवृत्त ब्यूरोक्रेट मित्र अभी ऐसे ही एक स्कैंडल से किसी तरह उबर पाए हैं मगर लाखों का चूना लग गया है। जनाब कंचन और कामिनी के मोह में पड़ गए। अनावृत काया ने उन्हें अपने मधुपाश में लपेट लिया।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

मेरे और समवयी मित्रों के वाट्सऐप पर अनजान और अचानक ऐसी कॉल आ आती हैं,फलाने मिस, फलाने कुमारी वाली। उन्हें बिना रिसीव करके तुरंत डिलीट करने में ही भलाई है। धोखेबाज दिन-रात सक्रिय हैं और नए-नए फांसने के तरीके आविष्कृत करते रहते हैं। गुरु पूर्णिमा के अवसर को भी उन्होंने नहीं छोड़ा। अब तनिक इस वाट्सऐप संदेश को देखिए। किन्हीं मिस... सिंह का संदेश मिला जो न मेरे संपर्क सूची में हैं और न किसी समूह में। पहले संदेश पढ़िए -"मैं भाग्यशाली हूं कि आप मेरे गुरु हैं। आपने न सिर्फ ज्ञान दिया,बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाई। आपके सिखाए गए पाठ मेरे जीवन को हमेशा दिशा देते रहेंगे। आपको गुरु पूर्णिमा की ढेर सारी शुभकामनाएं! -... सिंह।" पढ़कर सुखानुभूति हुई। मगर छठी इंद्रिय सौभाग्य से सक्रिय हो गई और धन्यवाद देने से मैंने खुद को हठात रोक लिया। आशंकाएं बलवती हुईं। इन मोहतरमा की तो मुझे याद भी नहीं है। कमजोर मन ने प्रतिवाद किया, याद तो दुष्यंत को भी शकुंतला की नहीं थी। हो सकता है कोई मिस सिंह जान-पहचान की रही ही हों? और कृतज्ञता ज्ञापन का धन्यवाद भी न देना तो अशिष्टता ही होगी, मगर मन में द्वंद्व चलता रहा। आखिर तार्किकता ही जीती, इमोशन पीछे रहा।

आशंका यही है कि यह तरीका भी धोखे का वाला ही हो सकता है,जो आपके संपर्क सूची में नहीं है और आपको उसकी तनिक याद भी नहीं है काहें खतरा मोल लिया जाए। संदेश में आकर्षक फोटो है-बहुत संभव है वह क्लिकबेट हो। नाम याद रखने की भूल तो हो सकती है,मगर चेहरा भी पहचान नहीं पाया। हो सकता है याददाश्त सचमुच खेल कर रही हो।

बहरहाल इस उधेड़बुन में मैंने जवाब देना ही स्थगित कर दिया और सोचा कि इस पर अपने मित्रों की राय भी ले लूं। इधर जवाब दूं और उधर धोखेबाज अगले कदम को तैयार बैठे हों। डिजिटल फ्राड से बचने के लिए बहुत सजग रहने की आवश्यकता है,अगर आपके लिए खोने को बहुत कुछ हो। दौलत मान प्रतिष्ठा आदि। हां अगर इन सबसे आप निरे दरिद्र हैं तो फिर क्या फिक्र। धोखेबाज भी जान जाएगा कि किससे पाला पड़ गया।

# संविधान की समीक्षा नहीं परीक्षा का समय



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता , छ.ग.

कई प्रदेशों के हिंदू और मुसलमान प्रादेशिक भाषाएं बोलते हैं। राजनीतिक संबंध और प्रतिबद्धताएं क्षेत्रीय सांस्कृतिक अहसास में ढूंढते हैं।

आजादी के बाद सत्ताधारी कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू के बाद 'कल्चर' शब्द का मजाक उड़ाते उसे 'एग्रीकल्चर' से हीनतर समझा। आजादी का संघर्ष गांधी के लिए सांस्कृतिक मूल्य-युद्ध भी था। अंग्रेजों से केवल निर्णायक राजनीतिक युद्ध करने से आजादी के बाद विचार की आजादी को लेकर एक और युद्ध लड़ना पड़ता। कांग्रेस में कई नेता हिंदूवादी ही थे।

नेहरू जैसे लोग पश्चिम के नए आकाश को भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता के स्पेस में लगना बनाना चाहते थे। राजनीतिक शब्दावली के अनुसार गैर प्रगतिशील गांधी हिंदुत्व की रूढ़, दकियानूस और बांझ मान्यताओं की खाल खींचने के बावजूद उस विरासत को संशोधित कर अपनी छाती से चिपकाए रखना चाहते थे। अल्पसंख्यकों के कठमुल्ला तत्वों ने भी कई सियासती खिलवाड़ें कीं। उन्हें चुप करने की रस्मअदायगी भी नहीं की गई। शाहबानो के प्रकरण में इसके बरक्स साहसी समाज सुधारकों को सहारा नहीं दिया गया। कूढ़मगज मुसलमानों की भड़काऊ गतिविधियों को शुरू से काबू नहीं किया था।

अयोध्या में राम मंदिर के नाम पर पूजागृह के ताले परिस्थितियों का जायजा लिए बगैर खुलवाए गए। मौजूदा समय संविधान की समीक्षा का नहीं,संविधान की परीक्षा का है। मुसलमान और ईसाई संकीर्ण हिंदुओं की हिट लिस्ट में हैं ही। एकल सांस्कृतिकता सांस्कृतिक बहुलतावाद से पिटती है। फासीवाद जब पनपता है तो वह अंतर्विरोधों की लहरें भी खुद उत्पन्न करता है। धुंध आक्रमणकारी के लिए ढाल और विक्टिम की पीठ के लिए तलवार की तरह होती है। बाबरी मस्जिद, गोधरा और 9/11 की दुर्घटनाओं के बाद मुसलमान के लिए नागरिक समझ में बदलाव आया है। पारंपरिक वेषभूषा में वह पंथनिरपेक्षों तक के संदेह के घेरे में आ जाता है। दाढ़ी का मुखौटा लगाए कई बुद्धिजीवी, संस्कृतिकर्मी और कलाकार भी लोगों को मुसलमान दिखाई पड़ते हैं। भारत-पाक विभाजन को लेकर रचे साहित्य में सआदत हसन मंटो, इस्मत चुगताई और कृश्न चंदर जैसे लेखकों ने कई वास्तविक पेचीदा स्थितियों का खुलासा किया।

बुद्धिजीवी दिखता कोई मुसलमान या मुसलमान दिखता बुद्धिजीवी पहचाना नहीं जाए, तो उसे मुस्लिम आतंकवादी कह दिया जाता है। सांप्रदायिकता का यह नया शोध पंथनिरपेक्षता की एक-एक ईंट सरका रहा है। 'सभी मुसलमान आतंकवादी नहीं हैं,लेकिन सभी आतंकवादी मुसलमान हैं' के काफिया अर्थात् पुनरावृत्ति और उलटबांसी के आधार पर हर खाली स्पेस में सांप्रदायिकता ने अपनी वेबसाइट खोल ली है। कई प्रदेशों के हिंदू और मुसलमान प्रादेशिक भाषाएं बोलते हैं। राजनीतिक संबंध और प्रतिबद्धताएं क्षेत्रीय सांस्कृतिक अहसास में ढूंढते हैं। कई कारणों से पंथनिरपेक्षता का सामासिक एका और समन्वय अभी भी हासिल नहीं हुआ है। सुन्नी, सिया, सूफी, लोहरा और खोजा वगैरह उपजातियों में बंटे मुसलमान भी पूरी तौर पर एकीकृत कहां हैं? संप्रदायवाद के चश्मे से उनके वजूद को जांचना विस्फोटक काम है। तथ्यविरोधी, अवैज्ञानिक और सामाजिक संरचना के विरुद्ध उपजाए गए गोरे अंग्रेजों के कई निर्णयों ने इंसानियत की तमीज पर कालिख पोती। उस साजिश को समझकर फायदा उठाते कट्टर हिन्दुत्व की थीसिस ने उसे सहधर्मी सहोदर स्वदेशी विचार की तरह अपना लिया। इतिहास विकृत किया जा रहा है। मुसलमान को भारतीय जीवन के हाशिए पर धकेला जा रहा है। मंत्रिपरिषद में मुसलमानों को रखना गवारा नहीं समझा जा रहा।

शौर्य के लिए पहला सैनिक मरणोपरांत सम्मान अब्दुल हमीद को मिला। 1857 के जनयुद्ध में बहादुर शाह जफर, वहाबी, समुदाया अहमदुल्लाह शाह आदि ने अंग्रेज का दमदार मुकाबिला किया। यह भी उसके उलट सोचना होगा कि गणेश शंकर विद्यार्थी और स्वामी श्रद्धानंद का जातीय समरसता की कोशिश के बावजूद कत्ल किसने किया? कांवर यात्रा राष्ट्रीय बहस के हाशिए पर नहीं डाली जा सकती। मुसलमान ही डरे हों,वाचाल नहीं हो पाते हों,साहस नहीं दिखा पाते हों,लेकिन महान हिंदू कौम ने अपने उदार साहसी योद्धाओं के कारण नई राह पर चलने का फिलवक्त हौसला दिखाया है। उदार हिंदू ही मजहब की एकता की बुनियाद हैं।

## सोशल फोरम

# कृष्ण चंदर का तारीखी गधा

एक मुहावरे में हिदायत दी गई है कि गधे को गुलकंद, पूड़ी-हलवा, जाफरान और मीठे चावल जैसी चीजें खिलाने से परहेज किया जाना चाहिए। यह भी कहते हैं कि गधे को खिलाए का पुण्य लगता है न पाप। यानी सफल जीवन के लिए हर भले इंसान को गधों से दूर रहना चाहिए।



अशोक पांडे
हल्द्वानी

अकबरनामा बताता है कि शहंशाह अकबर को जंगली गधों का शिकार करने में मजा आता था। अबू फजल बताते हैं कि बाद में अकबर को अहसास हुआ कि वह गधों का शिकार करने के लिए नहीं, इंसानियत के लिए बड़े काम करने के लिए बादशाह बना है। यकीन मानिए गधे न होते तो न अकबर का दीने-इलाही होता न के। आसिफ मुगल-ए-आजम बना पाते।

कुछ साल पहले आई लंदन की ब्रूक हॉस्पिटल ऑफ एनीमल्स नाम की अंतर्राष्ट्रीय संस्था ने अपनी एक रपट में चिंता जाहिर करते हुए बताया था कि 2014 से 2021 के दरम्यान भारत में गधों की तादाद में 61 प्रतिशत कमी आई। चीन में गधों की खाल की मांग का बढ़ना इसका मुख्य कारण बताया गया। मैंने जीवन भर गधों से मोहब्बत की है। गधों के बारे में सारा दुष्प्रचार इसलिए किया गया कि दुनिया उनसे जलती है। उनके सीधेपन को कमजोरी और उनकी कर्मठता तो अज्ञान बताने वाले समाज को सबसे कीमती सबक देने वाले मुल्ला नसरुद्दीन यूं ही नहीं अपने गधे के शैदाई थे। बताते हैं मुल्ला के गधे के पुरखे यूपी के बाराबंकी से ताल्लुक रखते थे।

वही बाराबंकी जहां के बैरिस्टर सैयद करामत अली शाह की कोठी पर ईंटें ढोते-ढोते कृष्ण चंदर का तारीखी गधा पढ़ा-लिखा पीर-संन्यासी बन गया था। सैयद साहब और गधा मिलकर अखबार बांचते और दिलीप कुमार निम्मी की नई पिक्चर के बारे में घंटों बहस किया करते। बैरिस्टर साहब अक्सर कहते -'अफसोस तुम गधे हो। अगर आदमी के बच्चे होते तो मैं तुम्हें अपना बेटा बना लेता।'

-फेसबुक वॉल से

# जनसंख्या नियंत्रण के लिए सरकार की ठोस योजना नहीं



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

जनसंख्या की दृष्टि से हम विश्व में पहले नंबर पर हैं। भारत से अधिक क्षेत्रफल वाले छह देश-रूस, कनाडा, अमेरिका, चीन , ब्राजील , आस्ट्रेलिया हैं।

आबादी बढ़ने की रफ्तार पर लगाम कसने के लिए देश में बरसों से गूंज रहे "हम दो, हमारे दो" के नारे को उत्तर प्रदेश के 27 जिलों ने ताक पर रख दिया है। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य की ओर से इन सभी जिलों की प्रजनन दर सुधारने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। यह अखबार की एक खबर है। उत्तर प्रदेश की औसत प्रजनन दर 2.4 है, यानी प्रति परिवार औसतन 2.4 बच्चों का जन्म हो रहा है। सबसे अधिक श्रावस्ती और बलरामपुर जिलों में यह औसत 3.7 का है। यहां परिवार का अर्थ सम्मिलित परिवार नहीं है।

समाचार से यह तो ज्ञात हुआ कि परिवार नियोजन के लिए सरकार चिंतित है,लेकिन मात्र चिंतित होने के परिणाम नहीं निकलेगा। नियोजित परिवार के लिए सरकार का कोई ठोस प्रयास जमीन पर दिख नहीं रहा है,अगर कुछ होगा भी तो मात्र सरकारी फाइलों में ही होगा। सही बात तो यह है कि आपातकाल में संजय गांधी द्वारा परिवार नियोजन पर जोर दिए जाने के कारण सरकारी सेवकों द्वारा की गई ज्यादतियों के कारण 1977 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हिंदी बेल्ट से साफ हो गई थी और इंदिरा गांधी की सरकार चली गई थी। तब से आज तक किसी भी सरकार में इतना साहस नहीं दिखा कि वह परिवार नियोजन हेतु सख्ती कर सके। जब सरकार के पास नियोजित परिवार करने हेतु कोई ठोस योजना ही नहीं है तो प्रमुख सचिव स्वास्थ्य इन 27 जनपदों के अधिकारियों को प्रजनन दर सुधारने के सख्त निर्देश क्यों दे रहे हैं?

क्या अधिक बच्चे पैदा करने वालों को दंडित किया जाएगा जैसे उन्हें मुफ्त के अनाज, बिजली, इलाज आदि सुविधाएं बंद कर दी जाएंगी, सरकारी कर्मचारियों की वेतन-वृद्धि, प्रोन्नति,ग्रेच्युटी आदि रोक दिए जाएंगे या दंपति की बलात नसबंदी कर दी जाएगी? या जिस क्षेत्र की प्रजनन दर बढ़ेगी,वहां के स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस अधिकारी निलंबित या हटा दिए जाएंगे? स्वास्थ्य सचिव ने इसे स्पष्ट नहीं किया। ऐसे अस्पष्ट निर्देश मुख्यमंत्री, मंत्री आदि का दिया जाना तो समझ में आता है,लेकिन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दिए जाने वाले आदेशों में स्पष्टता होनी चाहिए कि उन्हें परिवार को नियोजित करने के लिए क्या क्या करने हैं और न करने पर क्या दंड दिए जा सकते हैं। किसको कितने बच्चे पैदा करने चाहिए,यह तो वह दंपति ही निर्णय लेंगे,लेकिन बढ़ती जनसंख्या के कारण देश की अवरुद्ध हो रही प्रगति के लिए प्रत्येक देशवासी को इस पर विचार करना होगा और नियोजित परिवार ही जनसंख्या वृद्धि रोकने का एकमात्र उपाय है, इसलिए सरकार को इसका अनवरत प्रचार प्रसार करना होगा। कुछ लोग अज्ञानता वश या संतान को ईश्वर प्रदत्त मानते हुए परिवार नियोजन का विरोध करते हैं,ऐसे लोगों के लिए दंडात्मक व्यवस्था भी अनिवार्य है,क्योंकि "बिनु भय होय न प्रीति"।

जनसंख्या की दृष्टि से हम विश्व में पहले नंबर पर हैं। भारत से अधिक क्षेत्रफल वाले छह देश-रूस, कनाडा, अमेरिका, चीन, ब्राजील, आस्ट्रेलिया हैं। चीन के अलावा उक्त सभी पांच देशों की आबादी हमसे बहुत कम है। हमें भी अपनी आबादी पर नियंत्रण कर गरीबी, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से निजात पानी होगा अन्यथा देश की प्रगति का कोई अर्थ नहीं होगा।

# वह मर गया है, जीवित नहीं है

वह मर गया है,जीवित नहीं है मृतोऽसौ न स जीवति। महाभारत के अनुशासनपर्व को देख रहा हूं। आश्चर्य हो रहा है कि वह जमाना राजतंत्र का था, सामंती था, किंतु रचनाकार इतना निर्भय होकर इतने कठोर शब्द लिख रहा है-क्रोशन्त्यो यस्य वै राष्ट्राद्ध्रियन्ते तरसा स्त्रियः। / क्रोशतां पतिपुत्राणां मृतोऽसौ न स जीवति। जिस राज्य में दुष्ट-जन उन रोती-बिलखती स्त्रियों का बलपूर्वक अपहरण कर लेते हैं, बलात्कार करते हैं, उन स्त्रियों के माता-पिता पति और पुत्र विवश होकर चिल्ला रहे हैं, रो रहे हैं, माथा पीट रहे हैं।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

राजा उनका रुदन सुनकर के भी नहीं सुन पा रहा, महाभारतकार कहता है कि उस राज्य का राजा जीवित नहीं है,वह मर गया है। उसे जीवित होते हुए भी मरा हुआ मान लेना चाहिए। अहं वो रक्षितेत्युक्त्वा यो न रक्षति भूमिपः।/ स संहत्य निहन्तव्यः श्वेव सोन्माद आतुरः।।

मैं आप लोगों की रक्षा करूंगा-ऐसी शपथ लेने के बाद भी जो राजा प्रजा की रक्षा नहीं करता,वह उन्माद रोग से ग्रस्त है और कुत्ते की तरह हंतव्य है।

राजधर्म के पुराने विचारकों के संवाद महाभारत में कई जगह पर हैं, वहां प्रश्न उठते हैं कि सदसत् -प्रवृत्तियों को धारण करने वाला यह समय क्या है? यह समय कौन है? जिसे जमाना अथवा युग कहा जाता है, वह क्या है? यह युग क्या है? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए वे कहते हैं कि युग राजसत्ता का ही आभामंडल है। प्रजा राजा का शरीर है। यदि राजधर्म बिगड़ जाए तो धर्म, विद्या, आश्रम, तप, त्याग सभी नष्ट हो जाते हैं। इसीलिए राजसत्ता ही काल का कारण है।

# बम भोले के जयकारों से गूंज उठे शहर के शिव मंदिर

## सावन के पहले सोमवार को हुआ भगवान शिव का जलाभिषेक, शहर के मंदिरों में लगी बाबा भक्तों की लगी कतार, सुरक्षा के रहे इंतजाम

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** सावन माह के पहले सोमवार को बम भोले के जयकारों से शहर के शिवालय गूंज उठे। इस दौरान बाबा भक्तों ने पूजा अर्चना की और शिवलिंग पर जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की। मंदिरों में भीड़ को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी देखने को मिले।

पहला सोमवार होने के कारण शहर के मुख्य पांच मंदिर, शिव शक्ति मंदिर, दुर्गा मंदिर, बृहस्पति देव मंदिर, तुलसी धाम मंदिर सहित तमाम मंदिरों में सुबह से ही बाबा भक्तों का तांता लगा रहा।

जहां भक्तों ने बेलपत्र, दूध और जल से शिवलिंग का अभिषेक किया और सुख समृद्धि की कामना की। भीड़ और शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए शहर के मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम देखने को मिले। वहीं मंदिर कमेटियों ने भी सारी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली थी।


रुद्रपुर में शिवलिंग पर दूध व जल का अभिषेक करते भक्त। ● अमृत विचार

### काशीपुर के मोटेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ी भीड़

**काशीपुर :** श्रावण मास के पहले सोमवार को भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने को लेकर शिवालयों में भारी भीड़ उमड़ी। शिव भक्तों ने पूजा-अर्चना के दौरान घर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। सावन के प्रथम सोमवार को क्षेत्र के आधा दर्जन से भी अधिक शिव मंदिरों में पूजा अर्चना करने को लेकर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। चैती मेला मैदान स्थित मोटेश्वर महादेव मंदिर, मोहल्ला पक्का कोट स्थित नागनाथ मंदिर, आवास विकास स्थित शिव मंदिर, मोहल्ला कवि नगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर समेत क्षेत्र के कई अन्य शिवालयों में तड़के से शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते हुए जलाभिषेक किया।


काशीपुर में मोटेश्वर महादेव मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की लाइन। ● अमृत विचार

## ऊं नमः शिवाय का जाप किया


बाजपुर के प्राचीन शिव मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** सावन माह के पहले सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ पड़ी। शिवभक्तों ने श्रद्धाभाव से शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भगवान शिव की अराधना की। इस दौरान ऊं नमः शिवाय की ध्वनि से शिवालय गूंज उठे।

नगरीय क्षेत्र में स्थापित प्राचीन शिव मंदिर, ब्रह्मादेव-शनिदेव मंदिर, रामराज रोड स्थित तीन मंदिर, चीनी मिल स्थित शिव मंदिर, आलापुर स्थित गौरी-शंकर मंदिर, मंडी समिति स्थित मां दुर्गा-हनुमान-साईं मंदिर के अलावा प्राचीन झारखंडी शिव मंदिर, वनखंडी शिव मंदिर, टाट वाले बाबा मंदिर, धनसारा रोड स्थति शिव-गौरी मंदिर आदि शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी, जिन्होंने पूरी श्रद्धाभाव के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ की अराधना की।

इस दौरान ऊं नमःशिवाय..., जयकारा वीर बजरंगी, हर-हर महादेव... व महामृत्यंजय मंत्र- ऊँ त्रयांव्कं यजामहे सुगंधीपुष्टि बर्धनम, उर्वारुकमिव बंधनान् मित्योरमूक्षीय माम्रतात... आदि का जाप किया गया। कई श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से रुद्राभिषेक भी करवाया। वहीं श्रावण मास के प्रथम सोमवार को बांकेनगर स्थित संकटमोचन श्रीबालाजी घाटा मंदिर के शिवालय में भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।

### सितारगंज में सुबह से लग गई मंदिरों के बाहर कतार

**सितारगंज :** सावन माह के पहले सोमवार को कस्बे के प्रमुख मंदिरों में शामिल सनातन धर्म मंदिर, मौनी बाबा मंदिर, दुर्गा जोशी पीठ मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भक्तों की भीड़ बनी रही। कई सालों बाद ऐसा संयोग बना है जब सोमवार के दिन से ही सावन महीने की शुरुआत हुई है। सनातन धर्म मंदिर में सुबह से ही भोले के भक्तों का जमावड़ा लगा रहा। मौनी बाबा मंदिर के पुजारी ने बताया कि इस बार सावन माह का पहला दिन बेहद शुभ माना जा रहा है, क्योंकि सावन माह की शुरुआत के पहले दिन ही सोमवार पड़ रहा है। इस बार सावन माह में पांच सोमवार ही पड़ रहे हैं जबकि सावन 29 दिन का रहने वाला है।


सनातन धर्म मंदिर में शिवलिंग पर रुद्राभिषेक व जलाभिषेक करते भक्त।

**शक्तिफार्म :** भगवान शिव की पूजा अर्चना को विशेष महत्व रखने वाले श्रावण महीने के प्रथम सोमवार को शिव मंदिरों में जल चढ़ाने व पूजा अर्चना करने शिव भक्तों की भारी भीड़ रही। सुरेंद्रनगर के भगवान शिव का प्रसिद्ध मंदिर बाबा तारकनाथ धाम, बाराकोली रेंज के जंगल स्थित भगवान शिव की झाड़खंडेश्वर मंदिर, शक्तिफार्म के शिव मंदिर, गुरुग्राम के शिवतला मंदिर में सुबह से ही भीड़ रही। भक्तों ने शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, बेलपत्र, फल चढ़ाकर भगवान शिव की पूजा अर्चना की।

**जसपुर।** सावन के पहले दिन सोमवार को श्रद्धालुओं ने पतरामपुर रोड स्थित नगर के ऐतिहासिक शिव मंदिर, मोहल्ला जटवारा स्थित ठाकुर मंदिर, जीजीआईसी रोड स्थित ऐतिहासिक काली माता मंदिर, कोतवाली रोड स्थित धर्मशाला मंदिर, मोहल्ला जोशियान स्थित धोकलिया शिव मंदिर आदि में पूजा अर्चना की व जलाभिषेक किया।

**शांतिपुरी।** शांतिपुरी मुख्य द्वार पर स्थित महाकाल मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान शिव को बेल पत्र, दुर्बा, धतूरा, फल, फूल एवं गंगा जल इत्यादि चढ़ाकर घर परिवार एवं क्षेत्र की खुशहाली के लिए दुआ मांगी। इधर मंसा देवी मंदिर शांतिपुरी नंबर दो, शिवमंदिर नगला गोलगेट, जवाहरनगर, शांतिपुरी नंबर चार जयग्राम, शांतिपुरी नंबर तीन, शांतिनगर अन्नपूर्णा मंदिर, 17 एकड़, शीशम भुजिया, ढाकनी, भरतपुर, सत्संग आश्रम, शास्त्री नगर, गांधीनगर प्रथम, द्वितीय, तिकोनिया, शिवपुरी नंबर 6 आदि क्षेत्रों में भक्तों ने पूजा अनुष्ठान कर भगवान भोलेनाथ की उपासना की।


शांतिपुरी के महाकाल मंदिर में सावन के प्रथम सोमवार को शिवार्चन करती महिलाएं।

### रामबाग में अव्यवस्थाओं के बीच हुआ जलाभिषेक

**दिनेशपुर :** प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में सावन के प्रथम सोमवार को सैकड़ों शिवभक्तों ने भारी अव्यवस्थाओं के बीच जलाभिषेक किया। सोमवार को प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक सैकड़ों शिवभक्तों ने कतारों में खड़े होकर जलाभिषेक किया। पुलिस प्रशासन व आदिवासी शिव मंदिर कमेटी रामबाग की ओर से कोई सदस्य व्यवस्था में मौजूद नहीं रहे।


जसपुर के काली के मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।


दिनेशपुर में पूजा- अर्चना कर जलाभिषेक करते शिवभक्त।

### दिनेशपुर में कांवड़िए गंगाजल लेने हुए रवाना

**दिनेशपुर :** सावन के प्रथम सोमवार को प्राचीन शिव मंदिर रामबाग व क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में उपवास रखकर शिवभक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान सैकड़ों कांवड़ियों ने पूजा-अर्चना कर गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार रवाना हुए। इस मौके पर प्राचीन शिव मंदिर रामबाग के मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया व पुजारन मंतो देवी ने श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया। सोमवार को श्रावण मास के प्रथम सोमवार को प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में प्रातः 5 बजे मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया व पुजारन मंतो देवी ने पूजा- अर्चना कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस दौरान शिव मंदिर खटोला, मदनापुर, हरिपुरा, चरनपुर, कूल्हा, चक्कीमोड़, ललपुरी दलीपनगर, लालपुरी व तिलपुरी आदि शिव मंदिरों में शिवभक्तों की पूजा-अर्चना के साथ जलाभिषेक करने की श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, पुजारी गगन सिंह, अशोक कालड़ा, मान सिंह कोरंगा, रोहित सेन, फूल सिंह, पुरुषोत्तम मलिक, प्रियांशु मंडल, चेतन सुखीजा, दीपक मक्कड़, गोपाल चक्रवर्ती, रोहित बाठला, पंकज गोयल उर्फ सोनू, सुनील बंसल, पवन अग्रवाल, सूरज राय, विक्रम डोगरा, सागर सिंह, डॉ. सिमरन पांडे आदि मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### 10 अक्टूबर को निकाली जाएगी मां मनसा देवी शोभायात्रा

**काशीपुर।** उत्तर भारत की भव्य एवं विशाल मां मनसा देवी की शोभायात्रा इस वर्ष 10 अक्टूबर को निकाली जाएगी। इसको लेकर मोहल्ला लाहौरियान स्थित मां मनसा देवी मंदिर प्रांगण में एक बैठक हुई। बैठक में आगामी 10 अक्टूबर को मां मनसा देवी की भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाले जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में शोभायात्रा प्रमुख विकास शर्मा, समिति अध्यक्ष हिमांशु अरोरा, संदीप सहगल एडवोकेट, राजेन्द्र माहेश्वरी, आशीष शर्मा, जतिन नरूला, विशाल रुहेला, प्रभात साहनी, अरुण मेहरोत्रा, वैभव भारद्वाज, श्याम अरोरा, पंकज गोयल आदि मौजूद रहे।

### गुंडागर्दी व अभद्रता करने का लगाया आरोप, सौंपा ज्ञापन

**काशीपुर।** ट्रांसपोर्टरों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप माइनिंग कंपनी के कर्मचारियों पर गुंडागर्दी व अभद्रता करने का आरोप लगाया है। मामले में ट्रांसपोर्टरों ने कार्रवाई करने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। सोमवार को ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारियों ने एसडीएम अभय सिंह से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि खनन विभाग के सक्षम अधिकारी की अनुपस्थिति में माइनिंग कंपनियों के कर्मचारियों द्वारा प्राइवेट वाहनों से गुंडागर्दी तथा अभद्रता करते हुए वाहनों को रोका जा रहा है और अवैध वसूली की जा रही है। इसके अलावा भी ट्रांसपोर्टरों ने कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने इस पर कार्यवाही की मांग की और मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।


किच्छा में एसडीएम से वार्ता करते व्यापारी।

# किच्छा व्यापार मंडल चुनाव पर फिलहाल रोक

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** व्यापार मंडल चुनाव को लेकर चल रही उठा पटक के बीच प्रशासन ने व्यापार मंडल के चुनाव पर फिलहाल रोक लगा दी। उप जिलाधिकारी कौस्तुब मिश्रा के अनुसार उप निबंधक कार्यालय हल्द्वानी को रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई है। बताया जा रहा है कि हल्द्वानी स्थित कार्यालय में दस्तावेज जमा करने के लिए जिला इकाई द्वारा 10 दिन का समय मांगा गया था। उसी शिकायत एवं शिकायत का निस्तारण होने के बाद ही चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। फिलहाल चुनाव पर रोक लगाए जाने के बाद प्रत्याशियों में हड़कंप मच गया है क्योंकि 25 जुलाई को मतदान की तिथि की गई थी।

### व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

**किच्छा :** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई के चुनाव को लेकर चल रही चुनावी प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग को लेकर व्यापार मंडल के निवर्तमान महामंत्री के नेतृत्व में व्यापारियों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने चुनावी प्रक्रिया में धांधली किए जाने तथा फर्जी वोट बनाए जाने सहित संगठन के पदाधिकारियों पर प्रशासन को गुमराह करने का आरोप लगाया। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के निवर्तमान महामंत्री विजय अरोड़ा एवं कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला सहित भाजपा मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना के नेतृत्व में तमाम व्यापारियों ने एसडीएम कार्यालय के बाहर दरी बिछाकर धरना प्रदर्शन किया। मौके पर पूर्व कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला, अरुण तनेजा, संजीव कुमार सिंह, प्रमोद ढुकराल, सुजाहत यार खान आदि रहे।

# डग्गामार वाहनों के खिलाफ चला अभियान

- काशीपुर प्राइवेट बस स्टेशन पर एआरटीओ की कार्रवाई, तीन दिनों में 20 वाहनों के काटे चालान
- रोडवेज के बाहर खड़े होने वाले वाहन चालकों के खिलाफ जल्द कार्रवाई करने की तैयारी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** काशीपुर में एआरटीओ प्रवर्तन ने डग्गामारी के खिलाफ अभियान चलाया है। सोमवार को डग्गामारी कर रहे 20 वाहनों के चालान काटने, इसमें तीन बस समेत टेंपू व टैक्सी शामिल हैं।

कई वाहन संचालकों के द्वारा टूरिस्ट व अन्य उद्देश्यों के नाम से परिवहन कार्यालय से परमिट लिया जाता है। इसके बाद ऐसे वाहन संचालक प्राइवेट बस स्टेशनों के पास डग्गामारी करते हैं। जिसका नुकसान अन्य बस संचालकों को झेलना पड़ता है। वहीं काशीपुर में बीते लंबे समय से मिल रही शिकायत के बाद बीते दिनों एआरटीओ ने एक अभियान चलाया। इस दौरान रामनगर रोड, रुद्रपुर रोड व हल्द्वानी रोड को जाने वाले रास्तों में डग्गामार वाहन संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान 20 वाहनों के चालान काटने की कार्रवाई की गई।


काशीपुर में डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई करती परिवहन विभाग की टीम।

### डग्गामार वाहन लगा रहे प्रतिदिन हजारों का चूना

**काशीपुर।** बीते लंबे समय से रोडवेज डिपो को डग्गामार वाहन संचालक प्रतिदिन हजारों रुपये का चूना लगाते आ रहे हैं। वहीं इस मामले में परिवहन विभाग जल्द ही रोडवेज डिपो के पास डग्गामारी करने वालों संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है।

डग्गामारी की शिकायत पर बीते दिनों तीन दिन का अभियान चलाया गया था। इसके तहत वाहनों का चालान व वाहन सीज करने की कार्रवाई की है। डग्गामार के खिलाफ परिवहन विभाग की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।
**-जितेंद्र चंद्र**, एआरटीओ प्रवर्तन, काशीपुर।

### एससी गुड़िया लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राओं का एलएलबी में शानदार प्रदर्शन

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद गुड़िया लॉ कॉलेज के छात्र- छात्राओं ने एलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर में शानदार प्रदर्शन किया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रंगनाथ सिंह ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सोमवार को एलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित हुआ। जिसमें एससी गुड़िया लॉ कॉलेज के प्रशांत गर्ग ने 89 .30 अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अमन शर्मा ने 87 .40 अंक लाकर द्वितीय व सत्यदेव यादव, सुरभि सैनी, प्रियंका कांडपाल ने 85 .50 अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान विमला गुड़िया, डॉ. दीपिका गुड़िया, डॉ. नीरज ने समस्त फैकल्टी स्टॉफ व अभिभावकों ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

### पौराणिक मान्यताओं को समाप्त करने की साजिश रच रही सरकार: अलका

**काशीपुर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री अलका पाल ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि केदारनाथ प्रकरण पर भाजपा गलत राजनीति पर उतर आई है। केदारनाथ मंदिर परिसर से शिला ले जाकर मुख्यमंत्री की उपस्थिति में दिल्ली में स्थापित करना, भाजपा की दोहरी सोच का परिचय है। पीसीसी सदस्य व उत्तराखंड महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अलका पाल ने कहा कि सरकार पौराणिक मान्यताओं को समाप्त करने की साजिश रच रही है। कहा कि 24 जुलाई से 5 अगस्त तक हरिद्वार की हरकी पैड़ी से बाबा केदारनाथ मंदिर तक 13 दिन तक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में कांग्रेस की पदयात्रा भाजपा सरकार की सनातन विरोधी सोच को जनता के सामने खोलने का काम करेगी।

# जेसीज पब्लिक स्कूल का 39 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

- सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हुई मनमोहक प्रस्तुति
- पंतनगर विवि के कुलसचिव ने किया उद्घाटन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** जेसीज पब्लिक स्कूल ने 39वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया। जहां स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। वहीं मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

सोमवार को उड़ान विषय पर आधारित स्थापना दिवस का शुभारंभ पंतनगर विवि के कुलसचिव डॉ. दीपा विनय, प्रो. अतुल कुमार जोशी, उद्यमी अविनाश कुमार सिंह, कुमाऊं विवि के क्रीड़ाधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा और विद्यालय प्रबंध समिति के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर ने दीप जलाकर किया। वहीं विद्यालय के निदेशक सुधांशु पंत ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया और विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके अलावा विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर चुके कई पूर्व छात्र-छात्रा विदेश से स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां प्रबंधन ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।


स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

## हाईटेंशन तार की चपेट में आने से पेंटर की मौत

**खटीमा।** बिगराबाग निवासी सूरज सिंह राणा (35) पुत्र बेचेलाल सोमवार छिनकी निवासी नरेश राणा के घर पर पुताई करने गया था। उसका ठेकेदार कुटरा निवासी देव सिंह भी उसके साथ में था। घर के निचले हिस्से की पुताई के बाद सूरज दो मंजिले मकान की छत में पुताई करने चला गया। तभी छत से बिजली की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ठेकेदार उसको बचाने के लिए गया तो उसे भी करंट का झटका लगने से वह बेहोश हो गया। सूरज की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूरज तीन भाइयों में मझला और अविवाहित है।

## सार-संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बाजपुर :** हाईवे पर कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस के आने से पूर्व ही चालक कार छोड़ कर भाग गया। नगरपालिका के यादव कॉलोनी राजीव नगर वार्ड 13 निवासी दिलबाग सिंह (47) हाईवे से केलाखेड़ा की ओर कहीं जा रहा था। कुत्ते से बचने के लिए जैसे ही उसने हाईवे से बाइक लौटाई कि तेज गति से रुद्रपुर से बाजपुर की ओर आ रही कार बाइक को घसीटते हुए काफी दूर तक ले गई। दिलबाग की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर उपजिला अस्पताल में रखवा दिया है। वहीं कार चालक व उसमें बैठे तीन लोगों के भी चोटें आने की बात कही गई। स्वजनों ने बताया कि दिलबाग सिंह हत्या के मामले में जेल में बंद था। सजा पूरी करने के बाद करीब दो वर्ष पूर्व जेल से आया था।

### रोजाना दिख रहा गुलदार, लोगों में दहशत

**बाजपुर।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में आजकल गुलदार रोजाना देखे जा रहे हैं जिसकी वजह से नागरिकों में दहशत है। रिवरडेल इंटरनेशनल स्कूल के सामने वार्ड नंबर-11 के अंतर्गत न्यू सूद कॉलोनी में पिछले सप्ताहभर से तेंदुए की मौजूदगी बनी हुई है। जिससे दहशतजदा मोहल्लेवासी रातभर जाग कर गुजारने के लिए मजबूर हो रहे हैं। रविवार की रात भी मोहल्ले में पवन शर्मा की दीवार के पास तेंदुआ बैठा देखा गया। काफी संख्या में कॉलोनी के लोग जब इकट्ठा हुए तो तेंदुआ वहां से भाग कर सुरेश शुक्ला के घर के सामने खाली प्लाट के किनारे एक पेड़ पर जाकर चढ़ गया। मोहल्लेवासियों ने बताया कि कई दिन से इस कालोनी में 2 से 3 की संख्या में तेंदुआ लगातार देखे जा रहे हैं, लेकिन अभी तक जंगलात विभाग ने इनको पकड़ने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।


सूद कॉलोनी में पेड़ पर बैठा तेंदुआ।

### खटीमा को आपदा क्षेत्र घोषित करे सरकार

**खटीमा।** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी ने किसानों के साथ आज उप जिलाधिकारी रविंद्र बिष्ट कार्यलय पर धरना दिया। उन्होंने बाढ़ से हुई किसानों की फसल के भारी नुकसान का जल्द से जल्द सर्वे कराकर मुआवजा दिए जाने की मांग की। किसानों ने मांग रखी है कि बाढ़ से पूरा खटीमा क्षेत्र प्रभावित हुआ है इसलिए क्षेत्र को बाढ़ आपदा क्षेत्र घोषित किया जाए। भाकियू के जिलाध्यक्ष गुरसेवक सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मनजिंदर सिंह भुल्लर के नेतृत्व में सभी किसान तहसील में पहुंचे। जहां किसानों ने बाढ़ आपदा से क्षेत्र में हुए भारी नुकसान के बारे में उप जिलाधिकारी रविंद्र बिष्ट को बताया।


खटीमा में धरने पर बैठे किसान। ● अमृत विचार

### किच्छा में प्रत्याशी गुलशन सिंधी ने किया जनसंपर्क



**किच्छा।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गुलशन सिंधी का जनसंपर्क के दौरान ट्रांसपोर्ट नगर में व्यापारियों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान व्यापारियों ने गुलशन सिंधी को समर्थन देने की घोषणा की। स्थानीय व्यापारी शकील अहमद एवं जलीस सैफी द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर में सड़क न होने के कारण उड़ने वाली धूल की समस्या से अवगत कराए जाने के बाद गुलशन सिंधी ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद जल्द ही उनके द्वारा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से भेंट कर ट्रांसपोर्ट नगर की मुख्य सड़क का निर्माण जल्द से जल्द करने का प्रयास किया जाएगा। जनसंपर्क के दौरान प्रत्याशी गुलशन सिंधी ने अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।

## सार-संक्षेप



जसपुर में पुलिस टीम को सम्मानित करते शिक्षक संघ के पदाधिकारी व शिक्षक।

### चेन स्नेचिंग का खुलासा करने पर पुलिस टीम सम्मानित

**जसपुर :** चेन स्नेचिंग की घटना का खुलासा किए जाने पर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने पुलिस टीम को सम्मानित किया। विगत 11 जुलाई को जसपुर की चमन बाग कॉलोनी निवासी शिक्षिका मीनाक्षी पाण्डे के गले से एक बाइक पर सवार दो उचक्के झपट्टा मार कर चेन खींचकर फरार हो गए थे। पुलिस ने रविवार को इस घटना का खुलासा कर दिया था। राजकीय माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों व शिक्षकों ने सोमवार को घटना का खुलासा करने वाली टीम को सम्मानित किया। इस मौके पर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कौशल चौधरी, अमित त्यागी, पीड़ित शिक्षिका मीनाक्षी पांडेय, कुन्ती यादव, पंकज अग्रवाल, कपिल सैनी, अरविन्द चौहान, वीरेंद्र सिंह चौहान, नरेश कुमार चौहान, विजय शेखर बलौदी, केशव सिंह तारकेश्वर पाण्डे, पंकज भट्ट, खुशी राम, कपिल कुमार आदि मौजूद रहे।



बायोटेक के वैज्ञानिकों के साथ मुक्त विश्वविद्यालय के विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों ने किया बायोटेक संस्थान का भ्रमण

**पंतनगर :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के एमबीपीजी महाविद्यालय हल्द्वानी में चल रही एमएससी पर्यावरण विज्ञान की कार्यशाला के दौरान शिक्षार्थियों के लिए शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। सोमवार को विवि के पर्यावरण विज्ञान की सहायक प्राध्यापक डॉ. बीना तिवारी फुलेरा के नेतृत्व में उत्तराखंड काउंसिल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी हल्दी के शैक्षणिक भ्रमण में 30 शिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। यहां शिक्षार्थियों को माइक्रोबायोलॉजी, जेनेटिक इंजीनियरिंग, पर्यावरण तथा प्लांट टिशू कल्चर तकनीकी के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान निदेशक डॉ. संजय कुमार, डॉ. मनिंद्र मोहन, डॉ. सुमित पुरोहित व डॉ. कंचन कार्की, डॉ. कृष्ण कुमार टम्टा आदि मौजूद रहे।

### दवाई लेने दिल्ली गया बुजुर्ग लापता



हरप्रसाद।

**बाजपुर :** चार दिन पहले तीन महिला-पुरुषों के साथ दवाई लेने दिल्ली गए बुजुर्ग लापता हो गए। परिजनों ने दिल्ली में गुमशुदगी तहरीर देकर खोजबीन करने में मदद की गुहार लगाई है। ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी हरप्रसाद (70 वर्ष) 19 जुलाई को परिवार के ही लोगों के साथ दवाई लेने के लिए दिल्ली गए थे। बताया जाता है कि वहां पर अस्पताल में लघुशंका करने की बात कहकर चले गए और फिर वापस नहीं लौटे। हरप्रसाद के पौत्र चंदन ने बताया कि दिल्ली में ही गुमशुदगी की तहरीर दे दी गई है।

# वन गुर्जरों का जागरूक होना जरूरी

## वन गुर्जर ट्राइबल व ग्राम वनाधिकार समिति के तत्वावधान में पारंपरिक सेला पर्व शुरू

संवाददाता, दिनेशपुर




दिनेशपुर के पदीया खत्ता में वन गुर्जरों की समस्याएं सुनते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायाधीश योगेश कुमार सागर।

**अमृत विचार:** पीपलपड़ाव रेंज के पदीया खत्ता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने वन गुर्जरों को अपने अधिकारों के लिए गोष्ठी के माध्यम से जागरूक किया। इस दौरान 20 दिवसीय सेला पर्व पर अरड़, बहेड़ा, सीशम, गुलेट, बीमल, बागली व सैमल आदि पौधों का रोपण किया गया।

सोमवार को पीपलपड़ाव रेंज के पदीया खत्ता में वन गुर्जर ट्राईवल युवा संगठन व ग्राम वनाधिकार समिति के तत्वावधान में 20 दिवसीय पारंपरिक त्योहार सेला राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायाधीश योगेश कुमार सागर ने वन गुर्जरों की समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि वन गुर्जरों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी न होने पर नाराजगी जताई। महिला कल्याण संस्था की अध्यक्षा हीरा जंगपांगी रौतेला ने कहा कि वन गुर्जर समुदाय का वन एवं पर्यावरण से गहरा संबंध है। लेकिन पर्यावरणविद वन गुर्जरों को वन एवं पर्यावरण का दुश्मन मानकर वन गुर्जर समुदाय के ख़िलाफ़ दुष्प्रचार करते हैं। उन्होंने कहा वन गुर्जर समुदाय के लोग सदियों से वनों में रहकर पशुपालन कर अपनी आजीविका चला रहे हैं। जंगलों पर अपनी जीविका के लिए निर्भर होने के कारण उन्होंने कभी भी जंगलों को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचाया है। लेकिन वन विभाग वन गुर्जरों के लिए सायं 6 बजे के बाद गेट के अंदर नहीं आने-जाने देता। परिवार के किसी सदस्य की तबीयत खराब होने व गर्भवती महिलाओं को उपचार को ले जाने के लिए उन्हें सुबह का इंतजार करना पड़ता है। इस दौरान मोहम्मद बशीर, नूर मोहम्मद, लाल हुसैन व जुबेदा खातून ने अपनी समस्याएं रखी। संचालन समाजसेवी कैलाश शर्मा व मो. शमशाद ने किया। इस मौके पर उप वनाक्षेत्राधिकारी दीवान सिंह रौतेला, ब्लॉक अध्यक्ष चंदन सिंह नयाल, श्याम सिंह देऊपा, सुंदर सिंह राणा, लोकपाल शाही, कुंदन सिंह राणा, लाल हुसैन, नजाकत अली, आजमा खातून, मोहम्मद शमशाद, ललित खोलिया, चंचल सिंह देऊपा आदि मौजूद थे।

# लोकतंत्र सेनानी दूधनाथ मिश्रा का निधन, शोक

संवाददाता, रुद्रपुर

**दुखद**

- किसान सहित कई आंदोलनों में निभाई सक्रिय भूमिका
- आपातकाल में बरेली-हल्द्वानी जेल में काटे कई माह



दूधनाथ मिश्रा।

**अमृत विचार:** किसान आंदोलन सहित आपातकाल में जेल गए लोकतंत्र सेनानी 84 वर्षीय दूधनाथ मिश्रा का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही कई लोकतंत्र सेनानी और संभ्रांत लोगों ने उनके आवास पहुंचकर परिवार को ढांढस बंधाया। सेनानी का अंतिम संस्कार सम्मान सहित किया गया।

लोकतंत्र सेनानी अधिवक्ता सुभाष छाबड़ा ने बताया कि बाल्यावस्था से ही मिश्रा के जहन में हिंदू राष्ट्र की अलख थी। यही कारण है कि दिवंगत मिश्रा ने पूरा जीवन किसान के हितों की लड़ाई लड़ी और गन्ना मूल्य का मुद्दा उठाकर सरकार को झुकने पर विवश किया। वह उत्तराखंड किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे। आरएसएस के निष्ठा का ही परिणाम था कि दूधनाथ मिश्रा ने आपातकाल के दिनों सक्रिय भूमिका निभाई और हल्द्वानी व बरेली सेंट्रल जेल में कई माह बिताए।

वहीं लोकतंत्र सेनानी के निधन की सूचना मिलते ही प्राण ठक्कर, कस्तूरी लाल तागरा, अभिनव छाबड़ा, कमल चिलाना, जगदीश कुमार छाबड़ा, राजीव गगनेजा, ललित मोहन गोयल, पवन कुमार अग्रवाल, सुभाष चंद्र खंडेलवाल, इंद्रजीत डंग आदि ने लोकतंत्र सेनानी दूधनाथ के गांव इंदरपुर पहुंचकर शोक व्यक्त किया और परिवार को ढांढस बंधाया।

# काशीपुर की समस्याओं को लेकर किया मंथन

संवाददाता, काशीपुर

- एसडीएम ने ली विभिन्न विभागों की बैठक

**अमृत विचार :** शहर की समस्याओं के समाधान को लेकर कार्ययोजना बनाने के लिए एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जाम की समस्या के निदान और फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त बनाने पर चर्चा की गई।

सोमवार शाम एसडीएम अभय प्रताप सिंह के कार्यालय में हुई बैठक में नगर निगम, पुलिस, सिंचाई, पीडब्ल्यूडी, एआरटीओ कार्यालयों के अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से वर्षा के कारण सड़कों पर जो गड्ढे हो गए हैं, उन्हें भरने के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में कुछ मैकेनिक के द्वारा सड़क पर गाड़ी ठीक करने का कार्य किया जा रहा है, जिससे यातायात अवरुद्ध हो रहा है। ऐसे मैकेनिकों को चिन्हित कर उनको नोटिस जारी करने का निर्णय लिया गया।

# हादसे में मौत के बाद परिवार में मचा कोहराम

संवाददाता, दिनेशपुर



मंटू दफादार।



दिनेशपुर में मंटू दफादार की पत्नी काकुली दफादार को ढांढस बंधाते परिजन।

**अमृत विचार:** मटकोटा-गदरपुर मार्ग पर रविवार की देर सायं कालीनगर निवासी मिंटू दफादार (40) पुत्र वैद्य दफादार स्कूटी से बाजार की ओर आते समय कौशल्या गार्डन के पास पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक की टक्कर लगने से मिंटू की सड़क पर गिरकर मौके पर ही मौत हो गई थी। मिंटू दफादार सिडकुल की फैक्ट्री में कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मृतक मंटू मधुर भाषी व व्यवहार कुशल था। उसके निधन से क्षेत्र में शोक छाया गया। मृतक मंटू अपने पीछे पत्नी काकुली दफादार, पुत्र प्रसन्नजीत, चिरंजीत व पुत्री प्रमिला, छोटा भाई अनंत दफादार एवं बुढ़ी माता ललिता दफादार व पिता वैध दफादार को रोता बिलखता छोड़ गया। उसकी मौत से क्षेत्र में शोक है। कालीनगर व्यापार मंडल ने शोक में आधे दिन बाजार बंद रखा।

सोमवार को मृतक मंटू दफादार के शव का पोस्टमार्टम के बाद कालीनगर निवास शव पहुंचने पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। माता ललिता, पत्नी काकुली व पुत्री प्रमिला बेसुध हो गए। उनके निवास कालीनगर में शोक व्यक्त करने वालों का ताता लग गया। दोपहर बाद कालीनगर मोक्ष धाम में गमगीन माहौल में उसकी अंत्येष्टि की गई। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर वाहन कब्जे में ले लिया। फिलहाल परिजनों द्वारा थाने में कोई तहरीर नहीं की गई है।

## धर्म दर्शन

### सतोगुण प्रधान देव श्री हरि विष्णु



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

मनुस्मृति के अनुसार सृष्टि में सर्वप्रथम परमात्मा ईश्वर ही नर के रूप में उत्पन्न हुआ। महाभारत एवं परवर्ती साहित्य में वैदिक विष्णु की उपासना के अभिन्न अंग बन गए -वासुदेव कृष्ण और नारायण। इन पर अलग स्वतंत्र ग्रंथ रचनाएं अस्तित्व में है। पौराणिक साहित्य में विष्णु को सतोगुण प्रधान देव माना गया है। सृष्टि के संचालन और रक्षण का प्रमुख दायित्व इन्हीं का माना गया है। इसी कारण वह विभिन्न युगों में मानवीय अवतार ले दुष्टों का दमन और पृथ्वी का पालन करते हैं। पुराणों में उनको चतुर्हस्त (चार हाथों वाला) एवं शंख, गदा, चक्र एवं पद्म (कमल) धारणकर्ता कहा गया है। पीतांबर, वनमाला, किरीट, कुंडल तथा श्रीवत्स इनके प्रिय आभूषण हैं। वैकुंठ इनका निवास स्थल और पत्नी लक्ष्मी हैं। उनको छीर सागर में शेषशायी भी कहा गया है। आगम साहित्य के सिद्धांतानुसार वैकुंठ सबसे ऊंचे स्वर्ग का नाम है। कोई भी जीवात्मा ईश्वरीय कृपा के बिना, ज्ञान लाभ और मोक्ष नहीं पा सकता है और न तो उसे वैकुंठ में ईश्वर का सायुज्य ही मिल सकता है। वैष्णव मत भगवान विष्णु के उपासकों का मार्ग है। इसके अन्य लोकप्रिय नाम भागवत मत और पंचरात्र मत भी हैं। कुछ लोग नामांत में संप्रदाय शब्द का प्रयोग करते हैं। महाभारत काल में कृष्णावतार की मान्यता के साथ ही पूर्व के ही सात्वमत में पंचरात्र समाहित हो गया। सात्वमत ही भागवत मत का एक अन्य नाम है। इस मत के अनुसार हरिभजन ही परम पुनीत कर्तव्य और मुक्ति का साधन है।

# चराचर जगत के स्वामी शिव





ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

बिंदु शक्तिः शिवो नादः शिवशक्त्यामकं जगत्। नादाधारमिदं बिंदुर्बिन्द्वाधारमिदं जगत्।। सारा चराचर जगत बिंदु व नादस्वरूप है। बिंदु शक्ति है और नाद शिव। इस तरह यह जगत शिव शक्ति स्वरूप ही है। नाद बिंदु का और बिंदु इस जगत का आधार है। यह बिंदु और नाद (शक्ति और शिव) संपूर्ण जगत के आधार रूप से स्थित हैं। बिंदु और नाद से युक्त सबकुछ शिव स्वरूप है। शिवलिंग भी बिंदु नादस्वरूप है। बिंदुरूपा देवी उमा माता हैं और नादस्वरूप भगवान शिव पिता। इन माता-पिता के पूजित होने से परमानंद की प्राप्ति होती है।

अकार, उकार, मकार, बिंदु, नाद और ध्वनि के रूप मे लिंग के छह भेद हैं। संपूर्ण प्रणव को ध्वनिलिंग कहते हैं।/ यो हि प्रकृतिजातस्य संसारस्य महोदधेः।/ नवं नावांतरमिति प्रणवं वै विदुर्बुधाः।। प्र का अर्थ है प्रकृति से उत्पन्न संसार रूपी महासागर। प्रणव इससे पार करने के लिए 'नव' अर्थात् नाव है, इसलिए इस ओंकार को 'प्रणव' की संज्ञा देते हैं। 'प्रणव' ओंकार का जप करने वाले साधकों से कहता है कि 'प्र' अर्थात् प्रपंच नहीं है, तुम लोगों के लिए। यह प्रणव अपने सभी उपासकों को बलपूर्वक मोक्ष तक पहुंचा देता है। इस अभिप्राय से भी इसे ऋषि मुनि 'प्रणव' कहते हैं। समस्त कर्मों का नाश करके दिव्य नूतन ज्ञान देने के कारण भी यह प्रणव कहा जाता है। उन मायारहित महेश्वर को ही 'नव' अर्थात् नूतन कहते हैं। वे परमात्मा प्रकृष्ट रूप से 'नव' अर्थात् शुद्ध स्वरूप हैं,इसलिए 'प्रणव' कहलाते हैं। प्रणव साधक को नव अर्थात् नवीन (शिवस्वरूप) कर देता है। एक अक्षर रूप जो 'ॐ' है, उसे सूक्ष्म तथा 'नमः शिवाय' पांच अक्षर वाले मंत्र को स्थूल प्रणव समझना चाहिए।

भगवान शिव ने अपने शरीर पर अपने लिए श्रृंगार, आभूषण स्वरूप भस्म को धारण किया है। यह भस्म, राख या विभूति (भभूत) तीन प्रकार की बताई गई है। लोकाग्निजनित,वेदाग्नि जनित और शिवाग्निजनित। लौकिक भस्म (जली हुई लकड़ी ईंधन आदि की राख) को पूजा के पूर्व द्रव्यों व पात्रों की शुद्धि के लिए प्रयोग किया जाता है। वेदाग्निजनित जो भस्म है, उसको उन वैदिक कर्मों यज्ञ, अनुष्ठान आदि के अंत में धारण करना चाहिए। मंत्र और क्रिया से जनित जो होम कर्म है वह अग्नि में भस्म का रूप धारण करता है। उस भस्म को धारण करने से वह कर्म आत्मा में आरोपित हो जाता है। अघोर मूर्तिधारी शिव का जो अपना मंत्र है उससे अभिमंत्रित अग्नि को शिवाग्नि कहा गया है। भस्म को समय-समय पर कांति या शोभा वृद्धि के लिए धारण किए जाने का विधान है। जैसे राजा अपने राज्य में सारभूत कर(टैक्स) को ग्रहण करता है, जैसे मनुष्य विभिन्न प्रकार के अनाज को जलाकर, पकाकर उसका सार ग्रहण करते हैं,जैसे जठराग्नि नाना प्रकार के भोज्य पदार्थों को जलाकर उसके सारतत्व को ग्रहण करता है, उसी प्रकार प्रपंच कर्ता परमेश्वर शिव ने भी अपने में विद्यमान सांसारिक प्रपंच को जलाकर भस्म रूप से उसके सार तत्व को ग्रहण किया है।

भवं भास्वरं भस्मना भूषिताङ्गं। संसार के प्रपंच को दग्ध करके शिव ने उसके भस्म को अपने शरीर में लगाया है। इस प्रकार भस्म के बहाने उन्होंने जगत के सार को ही ग्रहण किया है। जन्म और मरण रूप द्वंद भगवान शिव की माया द्वारा ही दिया गया है। माया चक्र के निर्माता भगवान शिव ही हैं। वह अपनी माया के दिए हुए द्वंद्व का स्वयं ही परिमार्जन करते हैं। अतः शिव के द्वारा कल्पित हुआ द्वंद उन्हीं को समर्पित कर देना चाहिए,जो अपने जन्म और मरण रूप द्वंद्व को शिव को ही समर्पित कर देता है, वह फिर शरीर के बंधन में नहीं पड़ता है।


## वर्ग पहेली-139

**बाएं से दाएं**

1. विवाहित स्त्रियों के लिए प्रयोग किया जाने वाला सम्मानजनक संबोधन, श्रीमती।
4. जो सुगमतापूर्वक या आसानी से पढ़ा जा सके।
6. वह कपड़ा या चादर जिसपर शिव का नाम छपा हो।
8. मोहक चाल में चलने वाला, सुंदर गति वाला, मंजुगमन।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. विवाह की एक रस्म 2. उक्त रस्म में कन्या पक्ष वाले वर पक्ष वाले से गले मिलते हैं और उपहार या रुपए आदि देते हैं।
2. 1. शुक्रवार 2. शुक्राचार्य 3. शुक्रग्रह 4. कृष्ण 5. शिव 6. परशुराम मुनि 7. जमदग्नि ऋषि 8. पहाड़ का खड़ा भाग।
3. 1. झपटने की क्रिया कराना 2. किसी को बलपूर्वक झपटने में प्रवृत्त करना।
5. एक प्रकार का पेड़ जिसकी लकड़ी इमारत और सजावटी सामान बनाने के कार्य में आती है, शीशम।
7. 1. बैठक, सभा 2. अधिवेशन, सम्मेलन 3. मुलाकात, भेंट।



### वर्ग पहेली -138 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 मँ | ■ | 2 ख़ु | ■ | 3 भा |
| 4 अं | ग | दे | श | ■ | रि |
| ■ | वा | ■ | 5 मि | थ | क |
| ■ | ना | ■ | ज़ा | ■ | ■ |
| 6 ख़ो | ■ | 7 व | ज | ह | ■ |
| जा | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 8 ध | न | दि | शा | ■ |

## सुडोकू-52

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | | 8 | | | | | 2 |
| | 4 | | | | 3 | | 9 | |
| 9 | | | | 7 | 6 | | | 5 |
| | | 9 | | | | 7 | 2 | |
| 7 | | 5 | | | | 4 | | 1 |
| | 2 | 8 | | | | 6 | | |
| 6 | | | 9 | 5 | | | | 7 |
| | 7 | | 2 | | | | 6 | |
| 2 | | | | | 1 | | 3 | 8 |


### सुडोकू -51 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 2 | 5 |
| 6 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 | 7 | 8 | 9 |
| 9 | 2 | 7 | 5 | 8 | 6 | 4 | 3 | 1 |
| 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 9 | 5 | 8 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 8 | 1 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 7 | 4 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 जुलाई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास- श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि- द्वितीया 10 .23 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 20 .18 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष** – आज आप काफी सुखद अनुभव का आनंद लेंगे। अपने काम के प्रति निष्ठावान रहें। कारोबार में बड़ा ऑर्डर आपको मिल सकता है। सेहत को लेकर सावधान रहें। रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी होने के कारण मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपकी काफी मदद करेंगे। व्यवसाय में आकस्मिक धन हानि झेलनी पड़ सकती है। मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। धर्म-कर्म से अरुचि हो अकती है। पिता के किसी निर्णय से आप नाराज हो सकते हैं।

**मिथुन** – आज मन में कई तरह के विचार एक साथ आएंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर उदासीन हो सकते हैं। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। आपको धन की कमी महसूस होगी। लोगों से ज्यादा सलाह न लें वरना अनावश्यक भ्रमित हो जाएंगे।

**कर्क** – आज आपके रुके हुए कार्य गतिशील होने की संभावना है। लेपटॉप व मोबाइल आदि की स्क्रीन के सामने ज्यादा समय न बिताएं। आंखों में परेशानी और सिरदर्द की समस्या हो सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं को समझें।

**सिंह** – आज आपको जॉब में पदोन्नति मिल सकती है। आपकी सलाह से लोगों को काफी लाभ मिलेगा। अचल संपत्ति की खरीदी का विचार मन में आएगा। व्यापार में प्रतिद्वंदियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

**कन्या** – आज आपकी दिनचर्या कुछ अव्यवस्थित हो सकती है। बच्चे माता-पिता के आदेश का सख्ती से पालन करें। दोपहर के बाद का समय आपके लिए बहुत सुखद रहने वाला है। आप लंबी दूरी की यात्रा कर सकते हैं। अटके हुए धन का लाभ आपको मिलेगा।

**तुला** – आज कृषि कार्यों से जुड़े लोगों को धन की कमी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। मन में साहसिक कार्य करने की इच्छाशक्ति जागृत होगी। अहंकारी व्यवहार के कारण स्वजन आपसे नाराज हो सकते हैं। अधिकारी वर्ग से अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**वृश्चिक** – आज आपकी बातों से कुछ परिजन नाराज हो सकते हैं। दूरस्थ स्थानों की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। प्रियजनों के साथ आप काफी अच्छा समय बिताएंगे। नया व्यवसाय आप शुरू कर सकते हैं। उच्च शिक्षा में उत्तम सफलता मिलेगी।

**धनु** – आज आपकी लोग काफी प्रशंसा करेंगे। घर का माहौल सुखमय रहेगा। कड़वी भाषा का प्रयोग करना उचित नहीं है। विवाहेतर संबंधों से दूरी बनाकर रखें। आपको कठोर निर्णय लेने पड़ेंगे। शाम के समय आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

**मकर** – आज व्यापार में काफी व्यस्तता रहेगी। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। परिवार में सब आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे। किसी मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। आप जो भी काम हाथ में लेंगे उसे पूरा करके ही दम लेंगे।

**कुंभ** – आज दिन की शुरुआत थोड़ी उबाऊ हो सकती है। किंतु व्यवसाय में आपको अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। प्रेम संबंधों को पर्याप्त समय देंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। प्रेमी जन के साथ मतभेद दूर होंगे। गलत बातों में अपना समय बर्बाद न करें।

**मीन** – आज स्वार्थी लोग आपका भावनात्मक शोषण कर सकते हैं। लोगों से सोच-समझकर ही अपनी बातें शेयर करें। घरेलू खर्च को लेकर आपका बजट गड़बड़ा सकता है। सरकारी मामलों में लापरवाही न करें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
फर्ज – सुबह : 09 .55
गंगा तेरे देश में – रात : 07 .00

**&pictures**
बागी – सुबह : 10 .46
हमारी अधूरी कहानी – रात : 08 .00

**Sony Pix**
मॉन्स्टर हंटर – सुबह : 11 .38
द डार्क नाइट – रात : 09 .00

**Zee Cinema**
ड्रीम गर्ल – दोपहर : 12 .18
डी ब्लॉक – रात : 08 .00

**Colors Cineplex**
चिराग – सुबह : 11 .19
गब्बर इज बैक – शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05 .58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पहला दोस्त दूसरे दोस्त से- यार मुझे और मेरी बीबी को तमिल सीखनी है।
दूसरा दोस्त - पर तुम दोनों को आखिर तमिल सीखनी क्यों है?
पहला दोस्त- यार हम दोनों ने एक तमिल बच्चा गोद लिया है, तो हम सोच रहे हैं कि उसके बोलना सीखने से पहले हम तमिल सीख लें।

गोलू -तेरा भाई क्या कर रहा है?
गप्पू-एक दुकान खोली थी, पर अब जेल में है।
गोलू-वो क्यों?
गप्पू-वो दुकान हथोड़े से खोली थी न।

## सार-संक्षेप

### शिक्षकों ने तैयार की टीएलएम सामग्री

**अल्मोड़ा।** हवालबाग ब्लाक के राजकीय इंटर कालेज कमलेश्वर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के चौथी वर्षगांठ पर शिक्षा सप्ताह मनाया गया। इस दौरान शिक्षकों ने प्रथम दिन शिक्षक सहायक सामग्री का निर्माण किया। मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य खजान चंद्र कांडपाल ने शिक्षकों से टीएलएम का कक्षा शिक्षण में प्रयोग करने को कहा। यहां संगीता पंत, प्रीतिका, डा. इंद्रा बिष्ट, चंद्र प्रकाश बिष्ट, प्रेमा कैड़ा, ललिता रौतेला, शर्मिला, मनोज पाठक, चंद्र शेखर, मनोज जोशी, गोविंदी आदि मौजूद रहे।

### वरिष्ठ सहायक विपिन को दी भावभीनी विदाई

**अल्मोड़ा।** जिला सूचना कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक विपिन चंद्र को देरादून मुख्यालय स्थानांतरण होने पर भावभीनी विदाई दी गई। विपिन अब पदोन्नत के बाद प्रधान सहायक के पद पर सूचना मुख्यालय देहरादून में अपनी सेवाएं देंगे। प्रभारी जिला सूचना अधिकारी सुंदर कुमार ने कहा कि विपिन अपने कार्यों के प्रति हमेशा तत्पर एवं सजग रहे। उन्होंने यहां नौ साल तक सेवाएं दी। यहां प्रवीण प्रसाद, तारा दत्त पांडे, हरीश बिष्ट, मोहित रावत, महेंद्र प्रताप नेगी, कमला स्यूनरी आदि मौजूद रहे।




लोहाघाट में आयोजित कार्यशाला में मौजूद मुख्य अतिथि और आचार्य।

### विद्यामंदिर के आचार्यों को दिए प्रभावी शिक्षण के टिप्स

**लोहाघाट/ चम्पावत :** विवेकानंद विद्यामंदिर इंटर कालेज लोहाघाट में गणित और विज्ञान के आचार्यों की दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया है। इससे पूर्व कार्यशाला का शुभारंभ पूर्व संभाग निरीक्षक पूर्व प्रधानाचार्य जगदीश चंद्र पांडेय ने किया। प्रशिक्षण में कक्षाओं के संचालन एवं शैक्षणिक गतिविधियों के क्रियान्वयन की जानकारी दी गई। द्वितीय सत्र में उत्तराखंड गौरव रत्न से सम्मानित प्रकाश उपाध्याय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर चर्चा की। बाराकोट विद्यामंदिर के प्रधानाचार्य गंगा सिंह बिष्ट ने क्रिया शोध और पंचवटी आदर्श पाठ योजना के बारे में जानकारी दी। जिला संगीत प्रमुख रेवाधर बिनवाल, किशोर भट्ट ने योग आसन कराया। पूर्व प्रदेश निरीक्षक वर्तमान में भारतीय शिक्षा समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णानन्द चौबे ने आदर्श विद्यालय के लिए आचार्य की भूमिका व अपेक्षा के बारे में जानकारी दी। डायट के प्रवक्ता डा. कमल गहतोड़ी ने गणित विषय की बारीकियां बताई। जीआइसी लोहाघाट के प्रवक्ता नवीन पांडेय ने विज्ञान विषय के बारे में बताया।



जातोली में रुकी देवीकुंड को भेजी गई प्रशासन की टीम। ● अमृत विचार

### खराब मौसम के कारण वापस लौटी प्रशासन की टीम

**बागेश्वर :** सुंदरढूंगा देवीकुंड में हुए रिसोर्टनुमा कुटिया को ध्वस्त करने के लिए प्रशासन द्वारा भेजी टीम खराब मौसम के कारण आधे रास्ते से ही वापस लौट आई है। सुंदरढूंगा देवीकुंड के समीप रिसोर्ट नुमा कुटिया की शिकायत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की थी। जिस पर जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने 17 सदस्यीय टीम का गठन करके अतिक्रमण की जांच करने व उसे ध्वस्त करने के लिए भेजा। परंतु मौसम की खराबी के कारण टीम देवीकुंड तक नहीं पहुंच पाई। इधर टीम के बिना जांच के वापस लौटने से ग्रामीणों खफा हैं। इधर जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने बताया कि मौसम के चलते टीम को वहां नहीं पहुंच सकी। मौसम साफ होते ही टीम देवीकुंड को रवाना होगी तथा मामले की जांच करेगी व अतिक्रमण को ध्वस्त करेगी।

# सावन के पहले सोमवार पर शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

## जागेश्वर धाम में लगी कतारें, श्रद्धालुओं ने कराया पार्थिव पूजन, जिले भर के विभिन्न मंदिरों में दिनभर रही श्रद्धालुओं की भीड़

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** श्रावण के पहले सोमवार को शिवालय हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुखमय जीवन की कामना की। वहीं, जागेश्वर धाम में श्रावणी मेला जारी है। पहले सोमवार को पार्थिव पूजन के लिए यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दिनभर में बड़ी संख्या में लोगों ने पार्थिव पूजन कराए।

सोमवार को जिलेभर के शिवालयों समेत जागेश्वर धाम में पूजा-अर्चना समेत पार्थिव पूजन को सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। अटूट आस्था के लिए बड़ी संख्या में यहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने सुबह पवित्र ब्रह्मकुंड में स्नान कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। जागेश्वर मंदिर समिति की प्रबंधक ज्योत्सना पंत ने बताया कि सावन के पहले सोमवार को जागेश्वर धाम में 150 श्रद्धालुओं ने पार्थिव पूजन संपन्न कराए। वहीं बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने दर्शन किए। सुरक्षा कर्मियों ने व्यवस्था सुचारू रखने के लिए सभी श्रद्धालुओं को लाइन में लगाकर मंदिरों के दर्शन कराए। जगह-जगह भंडारे का भी आयोजन किया गया। इसमें सैड़कों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



जागेश्वर धाम में सावन के पहले सोमवार पर पार्थिव पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



रानीखेत में सोमवार को एक मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए कतार में खड़े भक्त।

### शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**बैरती (अल्मोड़ा)।** सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में भी भक्तों की भीड़ रही। महिलाओं ने व्रत रख भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक कर शिवालयों में पूजा अर्चना की। क्षेत्र के शिवालयों चित्रेश्वर, नर्मदेश्वर, कैलेश्वर एवं महाकालेश्वर आदि में सुबह से ही भक्तों की भीड़ शुरू हो गई। लोगों ने घर व शिवालयों में पूजा अर्चना की। जय शिव ओंकारा के स्तुतिगान की सुबह तड़के से ही शिवालयों में गूंज सुनाई देने लगी। सावन के इस पावन मास में शिवार्चनों की भी शुरुआत हो चली है।

### सावन के पहले सोमवार को मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

**रानीखेत :** सावन के पहले सोमवार को नगर के चिलियानौला, रानीखेत शिव मंदिर, ताड़ीखेत, मजखाली सहित दूर दराज के सभी शिवालयों में पूजा-अर्चना करने के लिए भक्तों की भीड़ रही। शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए महिलाओं की लंबी कतार देखी गई। मंदिरों में पूजा-हवन व आरती करने से क्षेत्र भक्तिमय हो गया। कई मंदिरों में इन दिनों महाशिव पुराण कथा का भी आयोजन किया जा रहा है। जहां भारी संख्या में भक्तजन पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं।

### शिव मंदिरों में भक्तों की सुबह से भीड़

**चौखुटिया।** सावन के पहले सोमवार को तहसील क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों में व्रतधारी महिलाओं की सुबह से भीड़ लगी रही। इस दौरान पूरा क्षेत्र भोले के जयकारों से गुंजायमान रहा। क्षेत्र के सोमनाथेश्वर, राम पादुका शिव मंदिर, घोड़खालेश्वर, बबलेश्वर, महाकालेश्वर, जोगडेश्वरसहित सभी शिव मंदिरों में प्रात: काल से श्रद्धालु शिव का जलाभिषेक के लिए पहुंचे थे। मंदिरों में शिवार्चन भी कराए गए

### नीलेश्वर महादेव में किया जलाभिषेक

**भिकियासैंण।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार को नीलेश्वर महादेव मंदिर भिकियासैंण, वृद्धकेदारेश्वर महादेव, रुद्रेश्वर महादेव शिव मंदिर में सुबह से ही शिव भक्तों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने रामगंगा नदी से जल भरकर मंदिरों में जलाभिषेक कर पूजा पाठ की।

### गुरु पूजन के बाद किया पौधरोपण

**रानीखेत :** गुरु पूर्णिमा पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने यहां संघ कार्यालय रानीखेत में गुरु पूजन का आयोजित किया। जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता खजान चंद्र जोशी जिला कार्यवाह रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मानंद जोशी ने की।

संघ के जिला प्रचार प्रमुख निकेत जोशी ने बताया कि गुरु पूजन कार्यक्रम के बाद सभी स्वयंसेवकों ने होमफॉर्म के निकट स्थित छावनी परिषद के रिजर्व फॉरेस्ट में पौधरोपण किया और पौधों की देखरेख का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला प्रचारक अमित, पावस जोशी, मोहन नेगी, विमल भट्ट, मनोज मेहता, डॉ. मुकेश गुप्ता, रमेश बिष्ट, कृष्णानंद कांडपाल, दीप पांडे, दीप भगत, राज, गणेश जोशी, धन सिंह रावत, तरुण जोशी आदि मौजूद थे।

# मुआवजा न मिलने से रेलवे कॉलोनी वासी खफा

- सीएम कैंप कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** एक पखवाड़ा पूर्व क्षेत्र में बारिश से हुए नुकसान के एवज में तमाम आपदा प्रभावितों को मुआवजा न देने से रेलवे कॉलोनी के लोग भड़क उठे हैं।

सोमवार को कॉलोनी के लोग मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में एकत्र हुए। जहां उन्होंने नगर पालिका और तहसील प्रशासन पर आपदा संबंधी मुआवजा बांटने पर भेदभाव नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए प्रभावितों को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की। इस संबंध में कैंप कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। सोमवार को नगर के वार्ड नंबर 4 रेलवे कॉलोनी के शरद कुमार कश्यप के नेतृत्व में इस वार्ड के लोग मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि दीपक रजवार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि 7 जुलाई को टनकपुर क्षेत्र में भारी बरसात से कई लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। कहा कि इस वार्ड के कई आपदा प्रभावितों को मुआवजा अभी तक नहीं दिया गया है जबकि जिनके घरों में कोई भी नुकसान नहीं हुआ है उन्हें मुआवजा दिया गया है। नगर पालिका और तहसील प्रशासन पर मनमाने ढंग से मुआवजा बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने नए सिरे से जांच कर आपदा से प्रभावित लोगों को मुआवजा की धनराशि और खाद्य सामग्री देने की मांग उठाई। मुख्यमंत्री प्रतिनिधि दीपक रजवार ने भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही इस क्षेत्र में नए सिरे से जांच की जाएगी। ज्ञापन देने वालों में शरद कुमार कश्यप, रूबी, दुलारी देवी, दीनदयाल राम, लइक अहमद, सायरा, गुलशन, रेशमा आदि रहे।



सीएम प्रतिनिधि दीपक रजवार को ज्ञापन देते आपदा प्रभावित लोग ● अमृत विचार




पूर्व पालिका अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह रावत को ज्ञापन सौंपते ई रिक्शा चालक।

### ई रिक्शा चालकों ने भी उठाई मुआवजे की मांग

**टनकपुर।** क्षेत्र के ई-रिक्शा चालकों ने भी पिछले दिनों हुई भारी बरसात से हुए नुकसान के एवज में उन्हें भी मुआवजा देने की मांग उठाई है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी आकाश जोशी व पूर्व पालिका अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह रावत को अलग-अलग दिए ज्ञापन में ई रिक्शा चालकों ने कहा है कि भारी वर्षा के कारण उनके ई-रिक्शा मशीनों में काफी खराबी आ गई है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। ज्ञापन देने वालों में यूनियन अध्यक्ष मनोज कुमार, अतिकुर रहमान, कंचन देवी, दयाराम, उर्मिला देवी, बलबीर सिंह, राजा वाल्मीकि रहे।

# दन्या में दो परिवारों के सदस्यों में हुई मारपीट

- दोनों पक्षों के छह नामजद और एक अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** भनोली तहसील के एक गांव में दो बैलों की लड़ाई से उपजा विवाद मारपीट में बदल गया। दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों के छह नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ क्रॉस मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक बेलक गांव निवासी बचीराम ने तहरीर सौंपी है। उसका कहना है कि उनके पड़ोस में रहने वाला राकेश कुमार उनकी बहू पर गलत नजर रखता है। बहू ने इसकी शिकायत अपने पति राकेश चंद्र से की। पति राकेश चंद्र ने आरोपी राकेश को ऐसा नहीं करने की हिदायत दी। इस पर आरोपी राकेश कुमार, चाचा आनंद राम ने मवेशी चुंगाने गए बेटे से मारपीट शुरू कर दी। बहू बचाव में गई तो परिवार की ही दीपा देवी, ममता साह के साथ मिलकर बेटे और बहू के साथ मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। वहीं, युवती पूनम की ओर से भी तहरीर सौंपी गई है। उसका कहना है कि वह और उनका भाई राजू मवेशियों को चुंगाने जंगल गए थे। इस दौरान आरोपी राकेश चंद्र आर्या और सुरेश अभद्रता करने लगे। इस बीच उसके भाई राजू ने बीच बचाव करने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। दोनों के सिर फोड़ दिए।

# मेडिकल कॉलेज पर दिया धरना

- पूर्व दर्जा मंत्री के नेतृत्व में पहुंचे लोग, चिकित्सा व्यवस्थाओं को सुधारने की मांग उठाई

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लोगों ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को पूर्व दर्जा राज्य मंत्री ने बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने के लिए प्राचार्य कक्ष के बाहर धरना दिया। इस दौरान शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जल्द व्यवस्थाओं में सुधार नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

धरना स्थल पर पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज रेफर सेंटर बनकर रह गया है। स्थिति यह है कि कॉलेज में फैकल्टी तक पूरी नहीं है। यहां लंबे समय से विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी बनी हुई है। जबकि अब तक ब्लड बैंक तक संचालित नहीं किया गया है। वहीं, रेडियोलॉजिस्ट की भी कमी बनी हुई है। जिससे गर्भवती व अन्य मरीजों को दूसरे अस्पतालों की दौड़ लगानी पड़ती है। कहा कि आउटसोर्स कार्मिकों की उपेक्षा भी की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि 15 दिनों के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो स्थानीय लोगों को साथ में लेकर चरणबद्ध आंदोलन को बाध्य होंगे। यहां देवेंद्र कर्नाटक, कमलेश कर्नाटक, हेम जोशी, प्रकाश मेहता, अशोक सिंह, हसन, भगवत आर्या, रोहित शैली, भूपेंद्र भोज, नूरखान, सुधीर कुमार, हिमांशु कनवाल, दीपक पोखरिया, शहाबुद्दीन, राकेश बिष्ट, हयात सिंह बिष्ट, रमेश जोशी रहे।



अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य कक्ष के बाहर धरना देते लोग। ● अमृत विचार

### सड़क सुधारीकरण को लेकर धरना जारी

**अल्मोड़ा :** रानीधारा सीवर लाइन की एसआईटी जॉच समेत दो सूत्रीय मांगों को लेकर रानीधारा वासियों का धरना प्रर्दशन जारी है।

रानीधारा सड़क पुनर्निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले नाराज लोगों ने सोमवार को भी धरना दिया। मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। धरना स्थल पर मौजूद वक्ताओं ने कहा कि बदहाल सड़क परेशानी का सबब बन गई है। वर्षा के बाद कई स्थानों में सड़क दलदल में बदल गई है। मार्ग में पैदल चलना भी दुभर हो गया है। खराब सड़क के चलते कई दोपहिया वाहन चालक चोटिल हो गए हैं।

लोगों ने शीघ्र सड़क सुधारीकरण समेत सीवर लाइन निर्माण की एसआइटी जांच की मांग की है। कहा कि मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

# मासूम से दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार

- मारपीट के आरोप में पत्नी के खिलाफ भी मुकदमा पंजीकृत

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव में पांच साल की मासूम से दुष्कर्म करने वाले उसके चचेरे दादा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मासूम की मां से मारपीट करने पर आरोपित की पत्नी के विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज किया है।

लोहाघाट के एक गांव में रिश्ते के चचेरे दादा ने अपनी पांच वर्षीय पोती के साथ दुष्कर्म किया था। लोहाघाट के थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि मासूम की मां की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 65 (2) 5/6 पोक्सो अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने के बाद सोमवार को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस में शिकायत करने के बाद आरोपित की पत्नी ने पीडि़त की मां से मारपीट की। आरोपित की पत्नी के विरुद्ध भी मारपीट का मुकदमा पंजीकृत किया गया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

# बीएसएफ जवान की सैन्य सम्मान से अंत्येष्टि

- गुजरात के कच्छ में ड्यूटी के दौरान डिहाइड्रेशन के चलते हो गई थी मौत
- ऋषेश्वर श्मशान घाट में हुआ अंतिम संस्कार, जवानों ने बजाई मातमी धुन

संवाददाता, लोहाघाट/चम्पावत

**अमृत विचार :** गुजरात के कच्छ में भारत-पाकिस्तान बार्डर पर अत्यधिक गर्मी और डिहाइड्रेशन के चलते ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले बीएसएफ के हवलदार दयाल राम का अंतिम संस्कार सोमवार को स्थानीय ऋषेश्वर घाट में सैन्य सम्मान के साथ किया गया। जवान के पार्थिव शरीर को सोमवार दोपहर उनके पैतृक घर पाटन पाटनी लाया गया।

तिरंगे में लिपटे शव को देखकर स्वजनों में चीख-पुकार मच गई। 49 वर्षीय हवलदार दयाल राम बीते शुक्रवार को गुजरात के कच्छ में भारत पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय बार्डर में पेट्रोलिंग कर रहे थे। अत्यधिक गर्मी व डिहाइड्रेशन के कारण उनकी मौत हो गई। हवलदार दयाल राम का पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही पत्नी ममता देवी शव से लिपटकर बेहोश हो गई। हवलदार दयाल के तीन बच्चे हैं सबसे बड़ी बेटी मुस्कान 20, छोटी बेटी मल्लिका 19 और सबसे छोटा बेटा प्रियांशु 16 साल का है। तीनों बच्चों का भी रो-रोकर बुरा हाल था। शव को अंतिम संस्कार के लिए ऋषेश्वर घाट ले जाया गया। पार्थिव शरीर के साथ आई बीएएसएफ की टुकड़ी ने सलामी दी। श्मशान घाट में बीएसएफ के कमांडेंट एमके नेगी, आइटीबीपी के कमांडेंट धर्मपाल सिंह रावत, प्रशासन की ओर से तहसीलदार जगदीश नेगी, थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने पुष्प चक्र अर्पित किए। पैतृक गांव से पार्थिव शरीर के साथ उमड़ी भीड़ ने जब तक सूरज चांद रहेगा दयाल तेरा नाम रहेगा के नारे लगाए। चिता को मुखाग्नि उनके बड़े भाई दीवान विश्वकर्मा, नवीन विश्वकर्मा ने दी। इस दौरान सचिन जोशी, चांद बोहरा, प्रकाश सिंह बोहरा, मोहन चंद्र पाटनी, सुभाष विश्वकर्मा, उमेश कालाकोटी, राकेश पंगरिया, विवेक ओली, पार्थिव शरीर के साथ आए बीएसएफ के जवान जोगेंद्र सिंह, विजय सिंह, वीरेंद्र, कुलदीप रहे।




लोहाघाट में दिवंगत बीएसएफ जवान को सलामी देते बल के अधिकारी। ● अमृत विचार

### चम्पावत में दिनभर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**टनकपुर, अमृत विचार:** सावन के पहले सोमवार को जनपद चम्पावत में जगह-जगह शिवालय मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़भाड़ रही। इस दौरान महिलाओं ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया।

चम्पावत, लोहाघाट व टनकपुर के साथ ही जिलेभर के शिवालयों व मंदिरों में सोमवार को भक्तों की भीड़ रही। टनकपुर में सैलानीगोठ, आमबाग, ज्ञानखेड़ा के अलावा बनबसा के मंदिरों में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ रही। इस मौके पर मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। बाजारों में भी खासी चहल-पहल रही।

# जल चिकित्सा की पद्धतियां बताईं



एसएसजे विवि में आयोजित कार्यशाला में प्रतिभागियों ने जल चिकित्सा की बारीकियां सीखी। ● अमृत विचार

- एसएसजे के योग विभाग में प्राकृतिक चिकित्सा को लेकर कार्यशाला जारी
- हस्त, नेत्र, सिर व मेहन स्नान का दिया प्रयोगात्मक प्रशिक्षण

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** एसएसजे विवि के योग विभाग में प्राकृतिक चिकित्सा एवं चिकित्सकीय उपचार विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला जारी है।

सोमवार को कार्यशाला के दूसरे दिन जल चिकित्सा की विभिन्न पद्धतियों के विषय में जानकारी दी गई। कार्यशाला में योग विभाग के डॉ. गिरीश अधिकारी ने ऋग्वेद व अथर्ववेद और विभिन्न ग्रंथो में जल के महत्व पर प्रकाश डाला। योग शिक्षक लल्लन कुमार सिंह ने जल चिकित्सा के महत्व के बारे में बताया। योग शिक्षक रजनीश जोशी ने जल तत्व चिकित्सा के अनेक विधियों की जानकारी दी। वहीं हस्त स्नान, नेत्र स्नान, सिर स्नान, मेहन स्नान का प्रयोगात्मक प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को जल चिकित्सा में कान की गीली पट्टी, सिर की गीली पट्टी, आंख की गीली पट्टी, का प्रशिक्षण देते हुए शरीर के अंगों की चिकित्सा के साथ शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रोगों के निवारण की प्रयोगात्मक विधियों के बारे में जानकारी दी। यहां गीतांक्षी तिवारी, रश्मि कांडपाल, पूजा कोरंगा, गंगा, पूजा, भावना, शोभा, पूजा बोरा, संगीता, कविता, चेतना, बिना, जानकी, प्राशु, नीतू, कविता रहे।

## एक नजर

### सोना 100 रुपये मजबूत तो चांदी 600 रुपये फिसली

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं की लिवाली बढ़ने तथा विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख से दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 100 रुपये की मजबूती के साथ 75,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। हालांकि चांदी की कीमत 600 रुपये टूटकर 91,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### नियो को सौर परियोजना का मिला ठेका

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी की अनुषंगी कंपनी जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी को भारतीय सौर ऊर्जा निगम (एसईसीआई) से 500 मेगावाट अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) से जुड़ी सौर परियोजना और 250 मेगावाट/500 मेगावाट घंटा ऊर्जा भंडारण प्रणाली विकसित करने का ठेका मिला है। नियो को एसईसीआई से 500 मेगावाट आईएसटीएस से जुड़ी सौर ऊर्जा परियोजना के साथ 250/500 मेगावाट ऊर्जा भंडारण प्रणाली स्थापित करने का ठेका मिला है। नियो को कर्नाटक अक्षय ऊर्जा विकास लिमिटेड से 300 मेगावाट की परियोजना स्थापित करने का ठेका मिला है।

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 5800 मसूरी- 5500 बासमती- 10000-10800 परमल- 3900-4000 दाल दलहन : काला चना- 7800 साबुत चना दाल- 7500-8700 मूंग साबुत- 10600 राजमा- 15000-16000 दाल उड़द- 11600साबुत मसूर दाल- 7400- 7700 मसूर दाल- 8600 उड़द साबुत- 13000 काबुली चना- 12400-12800 अरहर दाल- 16500-17000 लोबिया/ करमानी- 9000 सोयाबीन- 4600 मूंगफली- 11400 मटर (सूखी)- 5100 मक्का- 2500

# अधिक रिटर्न की उम्मीद में पैसा लगाना चिंताजनक

## संसद में पेश 2023-24 की आर्थिक समीक्षाः खुदरा निवेशकों की भागीदारी बाजार को प्रदान करती है स्थिरता

नई दिल्ली, एजेंसी

आर्थिक समीक्षा में शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की बढ़ती संख्या को लेकर आगाह करते हुए कहा गया है कि बाजार की वास्तविक स्थितियों को समझे बिना अधिक रिटर्न की उम्मीद कर पैसा लगाना चिंता का विषय है।

संसद में सोमवार को पेश 2023-24 की आर्थिक समीक्षा में यह भी कहा गया कि खुदरा निवेशकों की बढ़ी हुई भागीदारी पूंजी बाजार को स्थिरता प्रदान करती है। पिछले कुछ साल में भारतीय पूंजी बाजार में गतिविधियां बढ़ी हैं। लोग डिमैट खातों के माध्यम से शेयरों की प्रत्यक्ष खरीद-बिक्री कर रहे हैं या फिर परोक्ष रूप से म्यूचुअल फंड से बाजार में निवेश कर रहे हैं। इक्विटी नकदी खंड कारोबार में खुदरा निवेशकों की हिस्सेदारी 2023-24 में 35.9 प्रतिशत थी। दोनों डिपॉजिटरी के पास डीमैट खातों की संख्या वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 15.14 करोड़ हो गई, जो 2022-23 में 11.45 करोड़ थी। बाजार में निवेशकों की इस भागीदारी का असर शेयर बाजारों में नए निवेशक पंजीकरण, कुल कारोबार



- इक्विटी कारोबार में खुदरा निवेशकों की हिस्सेदारी 2023-24 में 35.9 प्रतिशत

मूल्य में उनकी हिस्सेदारी, शुद्ध निवेश और सूचीबद्ध कंपनियों में स्वामित्व में भी दिखता है। उदाहरण के लिए, एनएसई में पंजीकृत निवेशकों की संख्या मार्च, 2020 के मुकाबले लगभग तीन गुना बढ़कर 31 मार्च, 2024 तक 9.2 करोड़ हो गई है। इसका अर्थ यह है कि अब 20 प्रतिशत भारतीय परिवार अपनी घरेलू बचत को वित्तीय बाजारों में लगा रहे हैं। शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की संख्या तेजी से बढ़ने पर गौर करने की आवश्यकता है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि अति आत्मविश्वास सट्टेबाजी को बढ़ावा देती है और अधिक रिटर्न की उम्मीद भी। जो वास्तविक बाजार स्थितियों के अनुरूप नहीं हो सकती है। यह एक गंभीर चिंता का विषय है।

### दो साल में जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्य कीमतें बढ़ीं

दो साल में खराब मौसम, जलाशयों के निचले स्तर और फसल क्षति ने कृषि उत्पादन को प्रभावित किया है, जिससे खाद्य कीमतों में वृद्धि हुई है। प्रतिकूल मौसम की स्थिति ने विशेष रूप से सब्जियों और दालों के उत्पादन की संभावनाओं को प्रभावित किया है। पिछले वर्ष की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर एकीकृत रिपोर्ट में कहा गया है, 2022-23 और 2023-24 में कृषि क्षेत्र खराब मौसम की घटनाओं, जलाशयों के निचले स्तर और क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित हुआ है जिसने कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक पर आधारित खाद्य मुद्रास्फीति 2021-22 के 3.8 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 6.6 प्रतिशत और 2023-24 में 7.5 प्रतिशत हो गई। जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्य कीमतों में वृद्धि हो रही है - जिनमें लू, असमान मानसून, बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, और ऐतिहासिक शुष्क परिस्थितियां शामिल हैं।

### फसल बीमा में 2024 से वृद्धि देखने को मिलेगी

कृषि बीमा क्षेत्र में वर्ष 2024 से वृद्धि दर्ज होने की संभावना है, जिसमें मध्यम अवधि में औसत वास्तविक प्रीमियम वृद्धि 2.5 प्रतिशत होगी। साधारण बीमा बाजार में लगभग 12 प्रतिशत हिस्सा रखने वाले कृषि बीमा में खरीफ फसल मौसम के दौरान प्रीमियम दरों में भारी गिरावट से 2022-23 में स्थिर वृद्धि देखी गई। इस गिरावट की भरपाई सत्र के दौरान बीमित भूमि क्षेत्र और किसानों के नामांकन में वृद्धि से हुई। वर्ष 2024 से कृषि प्रीमियम में वृद्धि होने की संभावना है, जिसमें मध्यम अवधि में औसत वास्तविक प्रीमियम वृद्धि 2.5 प्रतिशत होगी, जिसे मोबाइल एप्लिकेशन और फसल नुकसान की निगरानी के लिए रिमोट सेंसिंग जैसे बीमा बुनियादी ढांचे में सुधार का समर्थन प्राप्त होगा। फसल बीमा से जुड़ी मौजूदा चिंताओं को दूर करने के लिए सरकार ने कई तकनीकी पहल शुरू की हैं। इनमें यस-टेक मैनुअल, विंड्स पोर्टल और सैटेलाइट आधारित उन्नत तकनीकों के माध्यम से फसल क्षति का आकलन करने के लिए नामांकन ऐप एआईडीई/सहायक शामिल हैं।

### आर्थिक समीक्षा की मुख्य बातें

- 2024-25 में आर्थिक वृद्धि दर 6.5 से 7% रहने का अनुमान, 2023-24 में यह 8.2% रहने का अनुमान।
- अनिश्चित वैश्विक आर्थिक प्रदर्शन के बावजूद घरेलू स्तर पर वृद्धि को बढ़ावा देने वाले तत्वों ने आर्थिक वृद्धि को सहारा दिया।
- अल्पकालिक मुद्रास्फीति का पूर्वानुमान अनुकूल है, लेकिन दलहनों में कमी और परिणामस्वरूप मूल्य दबाव का सामना करना पड़ रहा है।
- मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद और आयात कीमतों में नरमी से मुद्रास्फीति को बल मिलता है।
- यह पता लगाने के तरीके सुझाए गए हैं कि क्या भारत के मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढांचे को खाद्य वस्तुओं को छोड़कर मुद्रास्फीति दर को लक्षित करना चाहिए।
- भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि तथा इसका प्रभाव आरबीआई की मौद्रिक नीति के रुख को प्रभावित कर सकता है।
- भारत के वित्तीय क्षेत्र का परिदृश्य उज्ज्वल है।
- चूंकि वित्तीय क्षेत्र महत्वपूर्ण बदलाव से गुजर रहा है, इसलिए इसे वैश्विक या स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाली संभावित कमजोरियों के लिए तैयार रहना चाहिए।
- बेहतर कॉरपोरेट और बैंकों के बही-खाते से निजी निवेश को और मजबूती मिलेगी।
- भारत की नीतियां चुनौतियों से कुशलतापूर्वक निपट पाई, वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद मूल्य स्थिरता सुनिश्चित की गई।
- कर अनुपालन लाभ, व्यय संयम और डिजिटलीकरण ने भारत को सरकार के राजकोषीय प्रबंधन में बेहतर संतुलन हासिल करने में मदद की।
- भारत की वृद्धि गाथा में पूंजी बाजार प्रमुख बन रहा है; बाजार वैश्विक भू-राजनीतिक, आर्थिक झटकों से निपटने में समक्ष बना हुआ है।
- कृत्रिम मेधा (एआई) के सभी कौशल स्तर के श्रमिकों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर काफी अनिश्चितता।
- चीन से एफडीआई प्रवाह में वृद्धि से वैश्विक आपूर्ति शृंखला में भागीदारी बढ़ाने और निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है।
- देश में 54 प्रतिशत रोग अस्वास्थ्यकर आहार के कारण होते हैं, संतुलित, विविध आहार की ओर बदलाव की जरूरत।
- देश में विदेश में बसे भारतीयों द्वारा भेजा गया धन 2024 में 3.7 प्रतिशत बढ़कर 124 अरब डॉलर हुआ। 2025 में इसके 129 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान।
- खिलौना उद्योग को निर्यात बढ़ाने, चीन से आयात कम करने में सरकार से मिली मदद।
- आय असमानता की चुनौतियों से निपटने में कर नीतियों की प्रमुख भूमिका होगी।
- भारत में बुजुर्गों की देखभाल के लिए एक समग्र नीति की आवश्यकता है।
- रेल यात्री सालाना आधार पर 5.2 प्रतिशत की वृद्धि।
- आर्थिक समीक्षा में आयुष्मान भारत के विभिन्न लाभों को रेखांकित किया गया।

# आरबीआई बंद करे खाद्य मुद्रास्फीति पर गौर करना

- खाने के सामान की ऊंची कीमतों को कम करने के लिए देना चाहिए कूपन

नई दिल्ली, एजेंसी

आरबीआई को नीतिगत दर तय करने में खाद्य वस्तुओं की महंगाई पर गौर करना बंद करना चाहिए और सरकार को गरीबों पर खाने के सामान की ऊंची कीमतों का असर कम करने को उन्हें कूपन देने या सीधे नकदी हस्तांतरण पर विचार करना चाहिए।

आरबीआई ने बढ़ी हुई खाद्य मुद्रास्फीति का हवाला देते हुए नीतिगत दर में कटौती से परहेज किया है। आरबीआई की नीतिगत दर के आधार पर ही बैंक आवास, व्यक्तिगत और कंपनी ऋण की ब्याज तय करते हैं। भारत ने 2016 में मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण को लेकर रूपरेखा पेश की थी। इसके तहत रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। केंद्रीय बैंक हर दो महीने पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आधार पर नीतिगत दर रेपो तय करता है। इसमें भोजन, ईंधन, विनिर्मित सामान और चुनिंदा सेवाएं शामिल हैं। खाद्य पदार्थों को छोड़कर, महंगाई का लक्ष्य तय करने पर विचार करना चाहिए। प्रायः खाद्य वस्तुओं की ऊंची कीमतें मांग के बजाय आपूर्ति की समस्या के कारण होती हैं।

### मौद्रिक नीति मूल्य दबाव को नियंत्रित करने में मददगार

खुदरा मुद्रास्फीति जून में 5.08 प्रतिशत थी जबकि खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 9.36 प्रतिशत थी। आरबीआई ने फरवरी, 2023 से नीतिगत दर में बदलाव नहीं किया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास ने जून में कहा था कि मौजूदा समय में, खाद्य मूल्य परिदृश्य से जुड़ी अनिश्चितताओं पर कड़ाई से नजर रखने की जरूरत है। मौद्रिक नीति केवल मांग आधारित मूल्य दबाव को नियंत्रित करने में मददगार है। आपूर्ति बाधाओं के कारण होने वाली महंगाई से निपटने के लिए उसके उपयोग का प्रतिकूल असर हो सकता है।

# मातृत्व दंड की चुनौती पर देखभाल अर्थव्यवस्था पर निवेश की जरूरत

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत को बच्चों की परवरिश के समय महिला श्रम बल भागीदारी दर में गिरावट के रूप में मातृत्व दंड की चुनौती का सामना करना पड़ता है। इससे बचने के लिए देश में देखभाल से संबंधित ठोस अर्थव्यवस्था बनाने के लिए रणनीतिक सुधारों की जरूरत है।

सकल घरेलू उत्पाद के दो प्रतिशत के बराबर प्रत्यक्ष सार्वजनिक निवेश से बच्चों की देखभाल से संबंधित 1.1 करोड़ नौकरियां पैदा हो सकती हैं, जिनमें से 70% महिलाओं के हिस्से में आएंगी। देखभाल सेवाओं को सब्सिडी देने पर विचार किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, ब्राजील और अमेरिका के सफल अंतर्राष्ट्रीय मॉडल भारत के लिए मददगार हो सकते हैं। इन देशों में देखभाल कर्मियों को आय, बच्चे की आयु व संख्या पर खरीद और कर में छूट दी जाती है।

### महिला बजट 3.1 लाख करोड़

महिलाओं का बजट 2013-14 के 97,134 करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 3.1 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। लैंगिंग बजट में इस साल 2023-24 की तुलना में 38.7 प्रतिशत और 2013-14 की तुलना में 218.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह राशि कुल केंद्रीय बजट का 6.5 प्रतिशत है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### बस मेट्रो खंभे से टकराई, महिला की मौत, 23 घायल

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली में डीटीसी (दिल्ली परिवहन निगम) की एक इलेक्ट्रिक बस के सोमवार सुबह मेट्रो खंभे से टकरा जाने से 45 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 23 अन्य यात्री घायल हो गए। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया कि पंजाबी बाग थाने को सुबह सात बजकर 42 मिनट पर रोहतक रोड पर शिवाजी पार्क मेट्रो स्टेशन के निकट बस दुर्घटना की सूचना मिली। मंगोलपुरी और आनंद विहार में चलने वाली डीटीसी बस मेट्रो खंभे से टकरा गई।

### ऑडी ने दो ऑटोरिक्शा को मारी टक्कर, चार घायल

**मुंबई।** मुलुंड इलाके में सोमवार को तेज रफ्तार ऑडी ने दो खड़े ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी जिससे चार लोग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार सुबह करीब आठ बजे डम्पिंग रोड पर हुई और हादसे के बाद चालक ऑडी कार वहीं पर छोड़कर फरार हो गया। वाहन को जब्त कर लिया गया है। घायलों में दो ऑटोरिक्शा चालक और उनमें सवार दो यात्री हैं जिनमें से एक यात्री की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### 3 करोड़ रुपये, 3100 डॉलर के साथ एक गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर आयुक्त पुलिस ने हवाला कारोबार में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके पास से करीब तीन करोड़ रुपये और 3100 अमेरिकी डॉलर बरामद किये हैं। पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा ने बताया कि पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस स्टेशन न्यू बारादरी जालंधर की एक टीम टी-पॉइंट बशीरपुरा जालंधर के पास जांच कर रही थी।

# मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर, एक जवान घायल

## जम्मू-कश्मीर : राजौरी में सेना की चौकी, वीडीजी के घर पर आतंकी हमले की कोशिश नाकाम

- एक जवान, एक नागरिक और वीडीजी का रिश्तेदार घायल

राजौरी/जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सेना के जवानों ने सैन्य चौकी और ग्राम रक्षा दल सदस्य (वीडीजी) के आवास पर आतंकी हमले की कोशिश सोमवार तड़के नाकाम की। सेना के अधिकारियों ने बताया कि घटना में संलिप्त आतंकियों की धरपकड़ के लिए सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाश अभियान चलाया और इस दौरान उनकी आतंकियों से मुठभेड़ हो गई। वीडीजी आवास पर हमले में शामिल आतंकी को मार गिराया गया। इसमें



राजौरी जिले के गुंधा इलाके में सोमवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुए मुठभेड़ के दौरान आगे बढ़े सेना के वाहन। एजेंसी

एक जवान, एक नागरिक और वीडीजी का रिश्तेदार घायल हुआ है।

व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर बताया कि राजौरी के गुंधा इलाके में आतंकियों ने वीडीसी (सदस्य) के घर पर तड़के तीन बजकर 10 मिनट पर हमला किया। नजदीक मौजूद सैन्य टुकड़ी ने जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गई। अभियान अब भी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने वीडीजी और पूर्व सैनिक परषोत्तम कुमार के ख्वास तहसील के गुंधा इलाके स्थित आवास पर गोलीबारी की। कुमार शौर्य चक्र से भी सम्मानित हैं। आतंकियों के ग्रेनेड फेंकने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद उन्होंने सुबह चार बजे क्षेत्र में नव स्थापित सेना चौकी पर हमला किया, जिसको सेना ने नाकाम कर दिया है। एक स्थानीय महिला ने कहा कि हम इस हमले से भयभीत हैं, क्योंकि सालों बाद इलाके में आतंकी वारदात हुई है। यह इलाका शांतिपूर्ण था। तड़के तीन बजे गोलीबारी शुरू हुई और यह जारी है। ग्रामीण ने कहा कि वीडीजी को आधुनिक हथियारों और संचार प्रौद्योगिकी से लैस करने की जरूरत है, ताकि वे जम्मू के पहाड़ी इलाकों में आतंकवादियों का मुकाबला कर सकें।

# बजट में एमएसपी की कानूनी गारंटी की घोषणा होनी चाहिए : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने केंद्रीय बजट पेश किए जाने से एक दिन पहले सोमवार को कहा कि इस बजट में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के मुताबिक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की घोषणा करने की जरूरत है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सरकार से आग्रह किया कि किसान कर्ज माफी की आवश्यकता, परिमाण का आकलन करने और कृषि ऋण माफी के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक स्थायी आयोग की स्थापना की जानी चहिए।

रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, केंद्र सरकार की तमाम विफलताओं में से कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की क्षमताहीनता और दुर्भावना से भरा



- कर्ज माफी, परिमाण का आकलन और कृषि ऋण माफी की निगरानी को आयोग की जरूरत: रमेश

व्यवहार सबसे अधिक हानिकारक है। उन्होंने दावा किया कि जहां संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) ने गेहूं की एमएसपी 119 प्रतिशत और धान की एमएसपी 134 प्रतिशत बढ़ाई थी, वहीं मोदी सरकार ने इसे क्रमशः 47 प्रतिशत और 50 प्रतिशत बढ़ाया है। यह महंगाई और कृषि इनपुट की बढ़ती कीमतों के हिसाब से बिल्कुल भी पर्याप्त नहीं है।

रमेश ने कहा कि किसानों का कर्ज बहुत बढ़ गया है। एनएसएसओ के अनुसार, 2013 के बाद से बकाया ऋण में 58 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2014 के बाद से हमने एक लाख से अधिक किसानों को आत्महत्या करते देखा है। कांग्रेस नेता ने इस बात पर जोर दिया कि कृषि कल्याण के लिए केंद्र सरकार की तरफ से आगामी बजट में तीन मुख्य घोषणाएं किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने मांग की कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप सी2+50 प्रतिशत के फॉर्मूले के अनुरूप एमएसपी के अंतर्गत आने वाली 22 फसलों के लिए एमएसपी बढ़ाएं, एमएसपी को कानूनी दर्जा दें और इसे मजबूती से लागू करने के लिए एक प्रणाली स्थापित करें।

# सेंट्रल विस्टाः कोर्ट ने वक्फ बोर्ड से कहा केंद्र कार्रवाई करे तो याचिका दायर करें

नई दिल्ली, एजेंसी

- हाईकोर्ट ने बोर्ड से 2021 में दायर अपनी याचिका वापस लेने को कहा

उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड से कहा कि जब भी केंद्र 'सेंट्रल विस्टा' पुनर्विकास परियोजना के संबंध में उसकी संपत्तियों के खिलाफ कोई कार्रवाई करे तो वह अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने कहा कि परियोजना को उच्चतम न्यायालय की मंजूरी मिली हुई है और उन्होंने बोर्ड से 2021 में दायर अपनी याचिका वापस लेने को कहा।

बोर्ड ने इस याचिका में क्षेत्र में अपनी छह संपत्तियों की सुरक्षा के लिए निर्देश देने का आग्रह किया था। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील ने कहा कि वक्फ बोर्ड यह नहीं कह रहा है कि सेंट्रल विस्टा परियोजना को खत्म करना होगा, बल्कि वह केवल यह आश्वासन चाह रहा है कि उसे उसकी संपत्तियों से बेदखल नहीं किया जाएगा। न्यायाधीश ने कहा कि इस याचिका को वापस ले लीजिए। हम मामले को उलझाना नहीं चाहते। जब भी वे कोई कार्रवाई करेंगे, आप आ सकते हैं। अदालत ने कहा कि यदि आवश्यक हो तो वह नई याचिका दायर कर सकता है। बोर्ड ने 2021 में क्षेत्र में अपनी छह संपत्तियों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए कोर्ट का रुख किया था।

## खालिद की याचिका पर सुनवाई से अलग हुए हाईकोर्ट के न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश अमित शर्मा ने फरवरी 2020 में हुए दंगों के पीछे कथित साजिश से संबंधित यूएपीए मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई से सोमवार को खुद को अलग कर लिया। इस मामले को न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति शर्मा की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था। सिंह ने कहा कि इसे किसी अन्य पीठ के समक्ष भेजा जाना है। इस मामले पर 24 जुलाई को सुनवाई होगी।

# नकली सोने के व्यापारी के घर के नीचे सुरंग मिलने से राज्यपाल चिंतित

कोलकाता, एजेंसी

- यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय : आनंद बोस

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने दक्षिण 24 परगना जिले में नकली सोने की मूर्ति का कारोबार करने के आरोप में गिरफ्तार व्यापारी के घर के नीचे सुरंग मिलने पर रविवार को चिंता जताई और कहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है।

पुलिस को 15 जुलाई को कुलतली में आरोपी व्यापारी के घर के नीचे एक सुरंग मिली थी। यह सुरंग पास की उस नहर तक जाती है, जो मतला नदी में मिलती है। राजभवन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सुनियोजित ढंग से निर्मित सुरंग, जो कथित तौर पर सुंदरबन में मतला नदी में बहने वाली एक नहर तक जाती है, जिसके आगे भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा है, स्पष्ट रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा करती है। पुलिस की छापेमारी के दौरान घर के मालिक और नकली सोने के व्यापारी सद्दाम सरदार के इस सुरंग के रास्ते भागने का संदेह था। हालांकि, बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## कांवड़ यात्रा : उप्र सरकार के निर्देश पर चर्चा के लिए विपक्ष का नोटिस खारिज

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को विपक्षी सदस्यों के वे नोटिस नियमों का हवाला देते हुए खारिज कर दिए जिनमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा के मार्ग पर दुकानों को उनके मालिकों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में दिए गए निर्देश को लेकर नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा की मांग की गई थी।

विपक्षी सांसदों ने नियम 267 के तहत नोटिस दिये थे जिनमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा के मार्ग पर दुकानों को उनके मालिकों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में दिए गए निर्देश को लेकर आज का नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा की मांग की गई थी। धनखड़ ने कहा कि ये नोटिस न तो नियम 267 की आवश्यकताओं के अनुरूप हैं और न ही आसन की ओर से दिए गए निर्देशों के अनुरूप हैं... इसलिए इन्हें अस्वीकार स्वीकार किया जाता है।

# संघ में सहभागिता पर रोक हटाना सराहनीय :आरएसएस

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने सरकारी कर्मचारियों के संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक हटाने के केंद्र सरकार के फैसले का सोमवार को स्वागत किया। आरएसएस ने कहा कि फैसले से देश की लोकतांत्रिक प्रणाली मजबूत होगी। उसने पूर्ववर्ती सरकारों पर अपने राजनीतिक हितों के कारण सरकारी कर्मचारियों को संघ की गतिविधियों में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित करने का आरोप भी लगाया।

प्रतिबंध हटाने संबंधी सरकारी आदेश के सार्वजनिक होने के एक दिन बाद आरएसएस



- आरएसएस ने कहा- देश की लोकतांत्रिक प्रणाली होगी मजबूत

प्रवक्ता सुनील आंबेकर ने कहा कि सरकार का ताजा फैसला उचित है और यह भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत करेगा। विपक्ष के कई नेताओं ने सरकारी कर्मचारियों पर संघ की गतिविधियों में हिस्सा लेने पर लगा प्रतिबंध हटाने के केंद्र के फैसले की आलोचना की है। आंबेकर ने कहा कि संघ 99 वर्षों से लगातार राष्ट्र के पुनर्निर्माण एवं समाज की सेवा में सक्रिय है।

### प्रतिबंध हटाना मोदी की खीज का नतीजा : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्मचारियों के आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने पर लगे प्रतिबंध को हटाने का विरोध करते हुए कहा है कि यह प्रधानमंत्री मोदी के लोकसभा में अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर पाने की खीज का नतीजा है और ऐसा कर वह कर्मचारियों को विचारधारा विभाजित करना चाहते है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आरएसएस ने तिरंगे का विरोध किया था और गांधी जी की हत्या के बाद इस पर प्रतिबंध लगा था। मोदी ने इसको हटाकर न केवल विचारधारा बांटने का काम किया है, बल्कि उनकी निष्पक्षता तथा संविधान के सर्वोच्च होने के भाव को संदेहास्पद बना दिया है।

## कंगना मानहानि मामले में 9 सितंबर को अदालत के सामने होगी पेश

**मुबंई।** फिल्म अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद कंगना रनौत गीतकार जावेद अख्तर द्वारा दायर मानहानि मामले में नौ सितंबर को मुबंई की एक अदालत में पेश होगी। रनौत के शनिवार को अदालत में पेश नहीं होने पर अख्तर ने एक आवेदन दायर की और इस मामले में अभिनेत्री के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने का आग्रह किया। अख्तर के अधिवक्ता जय भारद्वाज ने बताया कि रनौत अदालत में उपस्थित होने के लिए स्थायी रुप से छूट चाहती थी।

# ममता बंगाल में घुसपैठ को न्यायोचित ठहराने का कर रहीं प्रयास : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी


भाजपा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान की आलोचना की जिसमें उन्होंने कहा था कि वह बांग्लादेश में संकट में फंसे लोगों को आश्रय देने को तैयार हैं। पार्टी ने आरोप लगाया कि बनर्जी का यह बयान राज्य में घुसपैठ को न्यायोचित्त ठहराने वाला है।

भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां संवाददाताओं

- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के बयान की जमकर की आलोचना

से कहा कि भारत की एकता और अखंडता को कमजोर करने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बनर्जी की उस कथित टिप्पणी के लिए उन पर निशाना साधा जिसमें उन्होंने कहा था कि वह चाहती हैं कि बंगाल भारत के साथ अच्छे संबंध रखे। उन्होंने सवाल किया कि उनके (ममता के) इस बयान का क्या मतलब है? उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा है। कोलकाता में एक रैली में बनर्जी ने कहा था कि बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा के मद्देनजर वह पड़ोसी देश से परेशान लोगों के लिए अपने राज्य के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें शरण देंगी। प्रसाद ने कहा कि ऐसे मुद्दे पूरी तरह से भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र में हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि यह केंद्र सरकार ही थी जिसने 1971 के युद्ध के बाद बांग्लादेशियों को शरण देने का फैसला किया था।

# ओलंपिक के बाद हॉकी को अलविदा कहेंगे गोलकीपर श्रीजेश




पेरिस, एजेंसी

- हॉकी इंडिया ने दी लंबे सफर और देश की सेवाओं के लिए बधाई
- 328 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं पूर्व हॉकी कप्तान पीआर श्रीजेश

अनुभवी गोलकीपर और भारत के पूर्व हॉकी कप्तान पीआर श्रीजेश ने कहा कि पेरिस ओलंपिक उनका आखिरी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा। भारत के लिए 328 मैच खेलने वाले श्रीजेश का यह चौथा ओलंपिक होगा। कई राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों और विश्व कप में खेल चुके 36 साल के श्रीजेश ने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में शानदार गोलकीपिंग से भारत को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत ने तब इस खेल में 41 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था।

हॉकी इंडिया ने सोमवार को श्रीजेश को उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी। हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय टीम के लिए विन इट फॉर श्रीजेश का अभियान शुरू किया है जो खिलाड़ियों को फिर से पदक जीतने लिए प्रेरित करेगा। श्रीजेश ने हॉकी इंडिया से जारी विज्ञप्ति में कहा मैं पेरिस में अपने आखिरी टूर्नामेंट की तैयारी कर रहा हूं, मुझे अपने करियर पर बहुत गर्व है और उम्मीद के साथ आगे बढ़ रहा हूं। मेरी अब तक की यात्रा असाधारण रही है और और मैं अपने परिवार, टीम के साथियों, सभी कोच, प्रशंसकों और हॉकी इंडिया के प्यार और समर्थन के लिए हमेशा आभारी हूं। हम सभी यहां पेरिस में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। निश्चित रूप से अपने पदक का रंग बदलना चाहते है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की, भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने उनके शानदार करियर के लिए उन्हें बधाई दी।

### श्रीजेश की उपलब्धियां अनेक

श्रीजेश ने भारतीय टीम के लिए 2010 में पदार्पण किया था। वह 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और 2018 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं। वह 2018 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की संयुक्त विजेता टीम, भुवनेश्वर में 2019 एफआईएच पुरुष सीरीज फाइनल की स्वर्ण पदक विजेता टीम और बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक विजेता टीम के सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021-22 में भारत को तीसरे स्थान पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 2021 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया था और वह वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर 2021 का पुरस्कार जीतने वाले भारत के केवल दूसरे खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2021 और 2022 में में लगातार दो बार एफआईएच साल के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार जीता। पिछले साल एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारतीय टीम स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक 2024 का टिकट पक्का करने में सफल रही।

# पेरिस ओलंपिक में तोक्यो जैसी गलती नहीं दोहराऊंगी : मनिका

नई दिल्ली, एजेंसी




तोक्यो ओलंपिक में भाग लेकर महत्वपूर्ण अनुभव हासिल करने वाली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने सोमवार को कहा कि वह पेरिस ओलंपिक खेलों में एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करेंगे और शुरुआती दौर में पदक जीतना उनके दिमाग में नहीं होगा। अपने साथियों के साथ पेरिस ओलंपिक की तैयारी में लगी बत्रा ने तोक्यो ओलंपिक के अनुभव से काफी कुछ सीखा है।

बत्रा ने अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) से कहा पिछले ओलंपिक खेलों से मुझे काफी कुछ सीखने को मिला और मैंने जो गलतियां वहां की थी उनको इस बार नहीं दोहराऊंगी। उसके बाद मेरी मानसिकता बदली है। मैं अधिक शांत हो गई हूं और मेरा खुद पर भरोसा बढ़ गया है। मैं अपने दमखम और फुर्ती पर ध्यान दे रही हूं और मेरा वास्तविक लक्ष्य पदक के लिए चुनौती पेश करना है। लेकिन मैं धीरे-धीरे आगे बढ़ूंगी। मैं उस मुकाम पर पहुंचने की कोशिश कर रही हूं जहां मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकूं। मैं मैच दर मैच आगे बढ़ूंगी और शुरू में ही पदक के बारे में नहीं सोचूंगी। मैं अपने देश के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहूंगी। भारतीय महिला टीम को पेरिस ओलंपिक में जगह दिलाने में बत्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह पहला अवसर है जबकि भारतीय टेबल टेनिस टीम ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।

### व्हीलचेयर क्रिकेट खिलाड़ियों ने राज्यपाल से की भेंट

**देहरादून।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह से सोमवार को उत्तराखंड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने मुलाकात की। राज्यपाल ने टीम को दिल्ली में आयोजित 'इंडियन व्हीलचेयर क्रिकेट प्रीमियर लीग-5' प्रतियोगिता जीतने पर बधाई देते हुए खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। टीम जून में हुई प्रतियोगिता के फाइनल में महाराष्ट्र को हराकर चैंपियन बनी है। गुरमीत ने कहा कि उत्तराखंड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम ने इंडियन व्हीलचेयर प्रीमियर लीग जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है, जिस पर हम सभी प्रदेशवासियों को गर्व है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग क्रिकेट टीम की सफलता से राज्य का ही मान नहीं बढ़ा, बल्कि इससे अन्य दिव्यांगजनों को प्रेरणा भी मिलेगी। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा की अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से जो लक्ष्य हासिल किया है वह लोगों के लिए उदाहरण है। दिव्यांगजनों को खेलों की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनका सहयोग आवश्यक है। उनके सहयोग के लिए औद्योगिक संस्थानों सहित स्वयं सेवी संस्थाओं को आगे आना होगा।



राष्ट्रपति द्रौपद्री मुर्मु से भेंट करने पहुंचीं इंडियन ओलंपिक्स संघ की प्रेसीडेंट की लीगल समिति की नव नियुक्त चेयरपर्सन सुनयना व पति अमित प्रकाश के साथ पीटी उषा।

### सुनयना बनीं ओलंपिक्स लीगल समिति की चेयरपर्सन

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के पुराने जिलों में शुमार बरेली की बेटियों ने हमेश ही अपने शहर का मान बढ़ाया है। खेल के क्षेत्र में भी बरेली की बेटियां पीछे नहीं हैं। मैदान से लेकर खेल समिति के बड़े पदों पर उन्होंने जगह बनाई है। भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष और प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल की बेटी सुनयना प्रकाश को इंडियन ओलंपिक्स संघ की प्रेसीडेंट की लीगल समिति की चेयरपर्सन नियुक्त किया गया। मुजफ्फरनगर में रहने वाली सुनयना के पति अमित प्रकाश एक उद्योगपति हैं जो बॉयो वेस्ट व एग्रीकल्चरल वेस्ट से सीएनजी बनाने का उद्यम करते हैं। सुनयना ने सोमवार को ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ पहुंचकर नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपद्री मुर्मु से भेंट की। राष्ट्रपति ने सुनयना को नई नियुक्ति के लिए बधाई दी। राष्ट्रपति अपने स्वर्गीय पति को याद करते हुए कहा वो ओलंपिक्स और अन्य खेलों के प्रसारण को बहुत शौक से देखते थे। बता दें कि ओलंपिक्स 2024 का आगज 26 जुलाई से पेरिस में होने जा रहा है। राष्ट्रपति ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए अधिक से अधिक पदक लाने की उम्मीद जताई।

### टी-20 विश्व कप की समीक्षा के लिए समिति गठित

कोलंबो। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईसीसी) ने पिछले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में हुए टी-20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा के लिए सोमवार को तीन सदस्यीय समिति गठित की। समिति में न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर ट्वोज और आईसीसी के अन्य दो निदेशक लॉसन नायडू तथा इमरान ख्वाजा को जगह मिली है। आईसीसी के अनुसार आईसीसी बोर्ड पुष्टि करता है कि आईसीसी टी-20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा होगी। तीन निदेशक रोजर ट्वोज, लॉसन नायडू और इमरान ख्वाजा के मार्गदर्शन में यह होगा और ये इसी साल बोर्ड को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। समझा जाता है कि आईसीसी को न्यूयॉर्क, फ्लोरिडा और डलास में मैचों के आयोजन पर दो करोड़ डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ है।

# कार्यभार के बहाने मनमर्जी नहीं कर पाएंगे खिलाड़ी

## भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गंभीर और चयन समिति के अध्यक्ष अगरकर बोले- अगर खिलाड़ी फॉर्म में है तो खेलना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

मुख्य कोच गौतम गंभीर की बेबाकी और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर की स्पष्टवादिता से बने तालमेल से भारत में ऐसे दौर की शुरुआत होने वाली है जहां खिलाड़ी कार्यभार प्रबंधन के बहाने शृंखला चुनने में मनमर्जी नहीं कर पाएंगे।

श्रीलंका दौरे से पहले गंभीर और अगरकर ने संवाददाता सम्मेलन में कुछ कड़े फैसलों के बारे में बताया तो कुछ चीजों को इशारों में समझाया जिससे यह स्पष्ट हो गया कि भारतीय क्रिकेट में काफी कुछ नया होने वाला है। गंभीर और अगरकर की उपस्थिति शारीरिक रूप से भले ही प्रभावशाली न लगे लेकिन भारतीय क्रिकेट की जानकारी रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति जानता है कि यह दोनों पूर्व क्रिकेटर स्पष्ट और कड़े फैसले करने वालों में शामिल हैं जो आसानी से नहीं बदलते। इन दोनों का लक्ष्य अब 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए खाका तैयार करना है। उनके लिए कार्यभार प्रबंधन बड़ी चुनौती होगी लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि इस मामले में बल्लेबाजों और गेंदबाजों के लिए अलग नियम होंगे।



श्रीलंका दौरे से पहले पत्रकारों से बात करते गौतम गंभीर व अजीत अगरकर।

गंभीर से जब कार्यभार प्रबंधन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा मैंने पहले भी कहा है कि बुमराह जैसे खिलाड़ी के लिए कार्यभार प्रबंधन महत्वपूर्ण है। अगर आप बल्लेबाज हैं और अच्छी फॉर्म में हैं तो आपको सभी मैच खेलने चाहिए। माना जा रहा था कि वनडे और टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा तथा टीम के प्रमुख बल्लेबाज विराट कोहली श्रीलंका दौरे पर नहीं जाएंगे लेकिन उनकी उपस्थिति से स्पष्ट संकेत मिलता है की टीम प्रबंधन इन दोनों सीनियर खिलाड़ियों को अधिक से अधिक मैच खेलते हुए देखना चाहता है। गंभीर ने कहा रोहित शर्मा और विराट कोहली अब केवल दो प्रारूप में खेलेंगे, मुझे उम्मीद है कि वह अधिक से अधिक मैच खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसी तरह से चयन समिति के अध्यक्ष अगरकर ने हार्दिक पंड्या को टी-20 टीम का कप्तान नहीं नियुक्त किए जाने का कारण स्पष्ट किया। आप ऐसा कप्तान चाहते हैं जो सभी मैच खेलने की अधिक संभावना रखता हो। किसी सवाल का आपको इससे अधिक स्पष्ट जवाब नहीं मिल सकता। यही नहीं अब कप्तान के चयन में नेतृत्वकौशल ही नहीं साथी खिलाड़ियों की राय भी मायने रखेगी। अगरकर ने कहा सूर्य को कप्तान क्यों बनाया गया। क्योंकि वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो पिछले एक साल से अधिक समय से भारतीय ड्रेसिंग रूम का हिस्सा है। आपको ड्रेसिंग रूम से काफी फीडबैक मिलता है।

### लंबी चर्चा और फिटनेस को देखते हुए सूर्या को बनाया टी-20 का कप्तान : अगरकर



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरूष क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि सूर्यकुमार यादव को फिटनेस मापदंड और लंबे समय तक चली चर्चा के बाद टी-20 अंतर्राष्ट्रीय टीम का कप्तान बनाने का फैसला किया। श्रीलंका में सीमित ओवर शृंखला के लिए रवाना होने से पहले हुए संवाददाता सम्मेलन के दौरान अगरकर ने कहा किसी को कप्तान बनाने का फैसला आप रातों-रात नहीं ले सकते। हमने इस पर काफी विचार विमर्श किया और ड्रेसिंग रूम से भी फीडबैक लिया कि एक कप्तान के रूप में हम क्या-क्या गुण ढूंढ रहे हैं। हमारे लिए सबसे बड़ी बात यह थी कि हमारा कप्तान ऐसा होना चाहिए जो कि कभी भी मैदान में उतरने के लिए तैयार रहता हो। यह हमारी पहली शर्त थी। सूर्यकुमार के साथ आप पहले से ही जानते हैं कि फिटनेस कभी भी उतना बड़ा मसला नहीं रहा है। अगरकर ने सवालिया लहजे में कहा अगर हार्दिक अचानक से चोटिल हो जाते हैं तो हमारे पास कप्तानी के लिए कोई विकल्प नहीं बचता। रोहित के रहने से चीजें आसान थीं और हमारे पास विकल्प थे। ऐसा पहले भी हुआ है, जब हार्दिक अचानक से चोटिल हो गए हों और हमारे पास कप्तानी का कोई विकल्प ना बचा हो। इसलिए हम ऐसी स्थिति नहीं चाहते थे।

### कोहली से रिश्ता टीआरपी के लिए नहीं

**मुंबई।** भारत के नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को घोषणा की कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के साथ उनका बहुचर्चित रिश्ता उन दोनों के बीच है और यह टीआरपी के लिए नहीं है। गंभीर और कोहली अच्छे दोस्त नहीं रहे और यह आईपीएल में दोनों के बीच कई बार टकराव से स्पष्ट है। अब यह जोड़ी 27 जुलाई से श्रीलंका के टी-20 और एकदिवसीय दौरे से एक साथ काम करेगी। गंभीर ने कहा विराट कोहली के साथ मेरा रिश्ता हम दोनों के बीच है और यह टीआरपी के लिए नहीं है। हमने बहुत चर्चा की है और हर किसी के पास अपनी जर्सी के लिए लड़ने का अधिकार है।

### फिट रहे तो 2027 का विश्वकप खेल सकते हैं रोहित-कोहली: गौतम गंभीर

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के नए कोच गौतम गंभीर ने कहा कि फिटनेस बरकरार रहने पर रोहित शर्मा और विराट कोहली वर्ष 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में खेल सकते हैं। गंभीर ने मैं यह निश्चित रूप से कह सकता हूं कि दोनों में बहुत क्रिकेट शेष है। अभी चैंपियंस ट्रॉफी और ऑस्ट्रेलिया का बड़ा दौरा होना है और ये दोनों निश्चित रूप से वहां प्रदर्शन करने को उत्साहित होंगे। अगर उनकी फिटनेस बरकरार रहती है तो वह 2027 एकदिवसीय विश्वकप का भी हिस्सा हो सकते हैं।

# स्टिमक की नए कोच को चेतावनी बोले- भारत में यात्रा आसान नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने सोमवार को अपने उत्तराधिकारी मनोलो मार्केज को चेतावनी दी कि आगे की यात्रा आसान नहीं होगी। उन्होंने हालांकि इस पद के लिए स्पेन के पूर्व खिलाड़ी का समर्थन करते हुए कहा कि उनके पास अच्छा परिणाम देने की काबिलियत है। स्टिमक 1998 में विश्व कप के सेमीफाइनल तक का सफर तय करने वाली टीम के सदस्य थे।

स्टिमक ने ट्विटर पर लिखा प्रिय मनोलो, भारत का नया मुख्य कोच नियुक्त होने पर बधाई। यह यात्रा आसान नहीं होगी, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों के साथ आपका अनुभव बताता है कि आप 'ब्लू टाइगर्स' को अगले स्तर पर ले जाने के लिए सबसे उपयुक्त हैं। शुभकामनाए। मेरे दोस्त। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति की शनिवार को 55 साल के मार्केज को कोच नियुक्त किया। एआईएफएफ ने बताया कि मार्केज 2024-25 सत्र में एफसी गोवा के मुख्य कोच के रूप में अपनी भूमिका जारी रखेंगे। वह पूर्णकालिक आधार पर राष्ट्रीय टीम का कोच बनने से पहले दोनों जिम्मेदारियों को एक साथ संभालेंगे।

# ओलंपिक से चोट के चलते हटीं वोंड्रोसोवा

**पेरिस।** तोक्यो ओलंपिक की टेनिस रजत पदक विजेता मार्केटा वोंड्रोसोवा हाथ की चोट के कारण सोमवार को पेरिस खेलों से हट गईं।

चेक गणराज्य की 25 साल की यह खिलाड़ी पिछले साल गैरवरीय रहते हुए विंबलडन चैंपियन बनीं थीं। वह 2019 में फ्रेंच ओपन की उपविजेता रही थी। वोंड्रोसोवा को इस साल विंबलडन के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। वोंड्रोसोवा ने ओलंपिक से हटने के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि उनका ध्यान अब यूएस ओपन के लिए तैयार होने पर है, जो अगस्त के अंत में शुरू होगा।

# इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज को हराया

नॉटिंघम, एजेंसी



- रूट, ब्रूक और बशीर ने दिलाई इंग्लैंड को वेस्टइंडीज पर बड़ी जीत खेल इंग्लैंड विंडीज

जो रूट (122) और हैरी ब्रूक (109) के शतकों के बाद स्पिनर शोएब बशीर के 5 विकेट की मदद से इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 241 रन से हराकर तीन मैच की शृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की।

रूट ने अपने करियर का 32वां जबकि ब्रूक ने पांचवा शतक लगाया, जिससे इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में 425 रन बनाकर वेस्टइंडीज के सामने 385 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। वेस्टइंडीज की टीम इसके जवाब में 148 रन बनाकर आउट हो गई। बशीर ने 41 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 416 रन बनाए थे जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 457 रन बनाकर 41 रन की बढ़त हासिल की थी। बशीर ने तीन ओवर के अंदर किर्क मैकेंजी, कावेम हॉज और एलिक अथानाज को आउट करके वेस्टइंडीज को करारे झटके दिए। इंग्लैंड की तरफ से बशीर के अलावा क्रिस वोक्स और गस एटकिंसन ने दो दो जबकि मार्क वुड ने एक विकेट लिया। इंग्लैंड पहला टेस्ट मैच पारी और 114 रन से जीता था। इंग्लैंड ने तीन मैचों की शृंखला में अजेय बढ़त बनाई।

# श्रीलंका ने मलेशिया को रिकार्ड 144 रनों से हराया, अट्टापटू ने जड़ा शतक

दांबुला, एजेंसी

**महिला एशिया कप**

कप्तान चमारी अट्टापटू नाबाद (119) रनों की शतकीय पारी और उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने सोमवार को महिला एशिया कप के सातवें मुकाबले में मलेशिया को रिकार्ड 144 रनों से हरा दिया है।

185 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी मलेशिया की टीम का कोई भी बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सकी। मलेशियाई की ओर एलसा हंटर ने सर्वाधिक (10) रन बनाए। हालांकि इस दौरान आइना नजवा ने जाझारूपन दिखाया, लेकिन अन्य किसी बल्लेबाज ने उनका साथ नहीं दिया। आइना नजवा (9) रन बनाकर नाबाद रही। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंचा सका। श्रीलंकाई गेंदबाजों ने मलेशिया की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 40 रन पर समेट कर मुकाबला 144 रनों से जीत लिया।

टॉस जीतकर श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंका की टीम ने चमारी अट्टापटू की नाबाद (119) रनों की आतिशी पारी के दम पर मलेशिया को जीत के लिए 185 रनों का लक्ष्य दिया था। श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ही ओवर में विश्मी गुणरत्ने (एक) रन के रूप में पहला झटका लगा। इसके बाद कप्तान अट्टापटू ने हर्षिता समाराविक्रमा के साथ संभल कर बल्लेबाजी करे हुए दूसरे विकेट के लिये 64 रन जोड़े। चमारी अट्टापटू ने 69 गेंदों में नाबाद (119) रनों की शतकीय पारी खेली। श्रीलंका ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 184 रन का स्कोर खड़ा किया।

### नेपाल को बड़े अंतर से हराकर भारत को मिलेगी सेमीफाइनल की टिकट

**दाम्बुला।** पहले दो मैच में आसान जीत से आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए के मंगलवार को यहां होने वाले अंतिम मैच में नेपाल के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से और दूसरे मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 78 रन से हराया था। नेपाल अपने पहले मैच में अमीरात को हराने में सफल रहा था लेकिन दूसरे मैच में उसे पाकिस्तान से 9 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था। भारत का सेमीफाइनल में जगह बनाना तय लग रहा है जबकि पाकिस्तान ने पिछले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके अपने रन रेट में काफी सुधार किया है।

# विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप में हारीं भारतीय टीमें

**नई दिल्ली।** भारत के लड़कों और लड़कियों की टीम को ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय लड़कों की टीम दक्षिण कोरिया से 1-2 से जबकि लड़कियों की टीम त मलेशिया से समान अंतर से हार गईं। लड़कों के वर्ग में युवराज वाधवानी ने सेओजिन ओह को 3-2 से हराकर भारत को जीत के साथ शुरुआत दिलाई लेकिन पिछले सप्ताह व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतने वाले शौर्य बावा को चार करीबी गेम में रजत पदक विजेता जू यंग ना से हार का सामना करना पड़ा। निर्णायक मुकाबले में कुन किम ने अरिहंत केएस को पराजित किया। लड़कियों के वर्ग में शमीना रियाज के व्हिटनी विल्सन से हारने के बाद अनाहत सिंह ने थानुसा उथ्रियन के खिलाफ कड़े मुकाबले में 3-2 से जीत दर्ज की, लेकिन आगे के मुकाबले में हार गईं।

## बॉलीवुड हलचल




# सिंघम के प्रदर्शन के 13 साल सिंघम अगेन की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार रोहित शेट्टी ने अपनी सुपरहिट फिल्म सिंघम की 13वीं सालगिरह के खास मौके पर खास पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग पूरी हो गई है। अजय देवगन और रोहित शेट्टी बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय अभिनेता-निर्देशक जोड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने साथ में कई सफल फिल्में दी हैं। दोनों इन दिनों बहुप्रतीक्षित फिल्म सिंघम अगेन के लिए तैयारी कर रहे हैं। रोहित ने अपनी फिल्म सिंघम की 13वीं वर्षगांठ पर अपने और अजय देवगन के रिश्ते का जश्न मनाने के लिए एक खास वीडियो जारी किया है। रोहित शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर एक खास वीडियो पोस्ट किया।वीडियो में लिखा गया है, आज हमने सिंघम के 13 साल पूरे कर लिए हैं और किस्मत का जादू देखते हैं। आज हम अजय सर के साथ सिंघम अगेन की शूटिंग भी पूरी कर रहे हैं। बतौर डायरेक्टर यह उनकी 13वीं फिल्म है, लेकिन यह सफर 90 के दशक में शुरू हुआ था, जब मैं उनके अंडर में काम कर रहा था। 33 साल बाद भी हम मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। इस दीवाली सिनेमाघरों में मिलते हैं। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है सिंघम के 13 साल, भाईचारे के 33 साल<bha>@</bha>अजयदेवगन #सिंघमअगेन।

# जाह्नवी की फिल्म उलझ का गाना शौकन रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म उलझ का गाना शौकन रिलीज हो गया है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुधांशु सरिया की फिल्म उलझ के ट्रेलर पर शानदार प्रतिक्रिया मिलने के बाद, निर्माताओं ने जान्हवी कपूर, गुलशन देवैया पर फिल्माया गाना शौकन रिलीज कर दिया है। शौकन शाश्वत सचदेव द्वारा रचित और निर्मित है और इसमें जुबिन नौटियाल, नेहा कक्कड़ और शाश्वत सचदेव की आवाज हैं। कुमार ने इस गाने के बोले लिखे हैं। शौकन सोनी म्यूजिक इंडिया के यूट्यूब पेज और सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। जान्हवी कपूर ने कहा, मैं हमेशा से नेहा के गानों की फैंस रही हूं, और शौकन में पहली बार उनके साथ काम करना मेरी विश लिस्ट से हटकर है। यह गाना अविश्वसनीय रूप से उत्साहवर्धक है और आपको डांस फ्लोर पर जाने के लिए मजबूर कर देगा। यह हॉट, ग्लैमरस और ग्रूवी है। मुझे लगता है कि शाश्वत, जुबिन और नेहा ने एक और बेहतरीन कृति बनाई है। नेहा कक्कड़ ने कहा, जुबिन के साथ शौकन गाना एक शानदार अनुभव था। इस धमाकेदार गाने के लिए शाश्वत को बधाई। शौकन सिर्फ एक पार्टी नंबर नहीं है, यह एक वाइब है। मैं अपने फैंस द्वारा इस गाने को सुनने और बीट्स पर थिरकने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### यूएई में प्रदर्शन पर तीन बांग्लादेशियों को उम्रकैद

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात की एक अदालत ने दर्जनों बांग्लादेशियों को अपने देश की सरकार के खिलाफ यहां प्रदर्शन करने पर कारावास की सजा सुनाई है। इनमें से तीन को उम्रकैद की सजा दी गई है। सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम की खबर के मुताबिक अबू धाबी की संघीय अपीलीय अदालत ने रविवार को 53 बांग्लादेशियों को 10-10 साल कारावास, एक बांग्लादेशी को 11 साल कारावास और तीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने इन बांग्लादेशियों को सजा पूरी होने के बाद देश से निष्कासित करने का भी आदेश दिया है।

### अमेरिका में सामूहिक गोलीबारी में 3 की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के प्रांत मिसिसिपी में सामूहिक गोलीबारी में तीन लोग मारे गए और 16 अन्य घायल हो गए। डब्ल्यूटीवीए टीवी चैनल ने स्थानीय पुलिस के हवाले से बताया है कि वारदात इंडियनोला शहर में हुई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए। मृतकों की उम्र 19 साल थी। फिलहाल, कोई संदिग्ध नहीं होने के कारण चश्मदीद गवाहों से पूछताछ की प्रक्रिया जारी है।

### यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद प्रोफेसर बर्खास्त

**हांगकांग।** चीन के एक शीर्ष विश्वविद्यालय ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगने के बाद सोमवार को एक प्रोफेसर को बर्खास्त कर दिया। एक दिन पहले ही एक स्नातक छात्रा ने प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था और अपने आरोपों के समर्थन में कुछ ऑडियो रिकॉर्डिंग साझा की थी। इसे लेकर व्यापक स्तर पर लोगों ने रोष व्यक्त किया था। वांग डी नाम की छात्रा ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'वीबो' पर 59 मिनट लंबा एक वीडियो जारी कर कहा कि वह चीन के रेनमिन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स में डॉक्टरेट कार्यक्रम में अध्ययन कर रही हैं। वांग ने आरोप लगाया कि उनके पर्यवेक्षक ने उनका यौन शोषण किया है।

### रूसी पत्रकार को सेना के दुष्प्रचार के आरोप में सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार द्वारा वित्तपोषित 'रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी' की रूसी मूल की अमेरिकी पत्रकार अलसु कुरमाशेवा को रूस की अदालत ने गोपनीय सुनवाई करके रूसी सेना के खिलाफ दुष्प्रचार करने का दोषी करार दिया और साढ़े छह साल कारावास की सजा सुनाई। कुरमाशेवा को काजान शहर की अदालत ने दोषी करार दिया। इसी दिन रूसी शहर येकातेरिनबर्ग की अदालत ने वॉल स्ट्रीट जनरल के संवाददाता इवान गेरश्कोविच को जासूसी करने का दोषी करार देते हुए 16 वर्ष कारावास की सजा सुनाई थी। अमेरिका ने इस फैसले को राजनीति से प्रेरित करार दिया था।

### झेलम के स्लीपर कोच के ब्रेक जाम, चिंगारी निकली

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर और झांसी के बीच आज दोपहर झेलम एक्सप्रेस की एक बोगी के ब्रेक जाम होने से उसमें चिंगारी निकलने लगी। यह चिंगारी आग पकड़ती उससे पहले ही ट्रेन स्टाफ ने ट्रेन को रुकवाकर अग्निशमन यंत्र से उस पर काबू पाया। जानकारी के मुताबिक ग्वालियर से झांसी की ओर जा रही झेलम एक्सप्रेस 11078 अप जैसे ही सिथौली संदलपुर के बीच पहुंची तो उसकी स्लीपर एस टू बोगी के पहिये के ब्रेक ब्लाक जाम होने से उसमें चिंगारी और धुआं निकलन लगा। इसकी जानकारी कुछ यात्रियों ने ट्रेन स्टाफ को दी, जिसके बाद तत्काल झेलम एक्सप्रेस को रोका गया।

# पिछले साल भारत में 1.92 करोड़ विदेशी पर्यटक आए

नई दिल्ली, एजेंसी

- संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दी जानकारी

पर्यटन मंत्रालय के अनुसार पिछले साल कुल 1.92 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आए, जो 2021 में कोरोना वायरस महामारी के समय आए 10.54 लाख विदेशी नागरिकों से काफी अधिक हैं।

संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में 2021 से 2023 तक भारत आए विदेशी यात्रियों का आंकड़ा दिया। आंकड़ों के अनुसार, 2023 में 1,92,45,817 विदेशी पर्यटक आए थे। यह संख्या 2022 में 85,87,562 और 2021 में 10,54,642 थी।



दिल्ली में भी विदेशी पर्यटकों की संख्या में इजाफा देखा गया। 2021 में 1,00,178 विदेशी नागरिकों ने राष्ट्रीय राजधानी की यात्रा की थी और 2023 में यह संख्या बढ़कर 18,28,116 हो गई। इसी तरह, गोवा में विदेशी पर्यटकों का आगमन 2021 के 22,128 से बढ़कर 2023 में 4,52,692 बार हुआ।

# हिंसक प्रदर्शनों के बाद स्थिति शांत, इंटरनेट सेवाएं अब भी ठप

ढाका, एजेंसी

**बांग्लादेश में हिंसा**

- सैन्यकर्मी राजधानी ढाका और अन्य क्षेत्रों में गश्त करते देखे गए

बांग्लादेश में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद सरकारी नौकरियों में आरक्षण घटाने के उच्चतम न्यायालय के फैसले से स्थिति शांत होने के बावजूद लगातार पांचवें दिन इंटरनेट सेवाएं ठप रहीं और सरकार ने सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया। देश में कुछ ही दिन पहले देखते ही गोली मारने के आदेश के साथ कर्फ्यू लगा दिया गया था और सैन्यकर्मी राजधानी ढाका और अन्य क्षेत्रों में गश्त करते देखे गए।

देश में पुलिस और मुख्य रूप से छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं। प्रदर्शनकारी 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम लड़ने वाले (पूर्व) सैनिकों के रिश्तेदारों के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। कम से कम चार स्थानीय समाचार पत्रों में बताया गया है कि हिंसा में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं। बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने रविवार के अपने फैसले में कहा कि 93 प्रतिशत सरकारी नौकरियां योग्यता आधारित प्रणाली के आधार पर आवंटित की जाएं। पांच प्रतिशत 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भाग लेने वालों के परिजनों तथा अन्य श्रेणियों के लिए दो प्रतिशत सीटें आरक्षित रखी जाएं।



बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सड़कों पर बाड़ लगाते सुरक्षा बल।

रविवार रात को कुछ छात्र प्रदर्शनकारियों ने सरकार से इंटरनेट सेवाएं बहाल करने का आग्रह किया। भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के समन्वयक हसनत अब्दुल्ला ने बताया कि जिस पूर्ण बंद के आह्वान को उन्होंने पिछले सप्ताह लागू करने का प्रयास किया था, उसे अब वापस ले रहे हैं। उन्होंने कहा, "लेकिन हम 'डिजिटल कार्रवाई' को रोकने और इंटरनेट सेवाएं बहाल करने के लिए 48 घंटे का समय दे रहे हैं।" अब्दुल्ला ने यह भी कहा कि वे चाहते हैं कि सरकार कर्फ्यू खत्म करे और सुनिश्चित करे कि देश दो दिनों के भीतर सामान्य स्थिति में वापस आ जाए।

### कोलकाता-ढाका मैत्री एक्सप्रेस सेवा स्थगित

**कोलकाता।** कोलकाता को बांग्लादेश की राजधानी ढाका से जोड़ने वाली 'मैत्री एक्सप्रेस' की सेवाओं को परिचालन संबंधी कारणों से मंगलवार तक स्थगित किया गया है। यह निर्णय बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर हो रहे हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच आया है। इन हिंसक प्रदर्शन में अब तक 100 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन की सेवाएं शनिवार से ही बंद कर दी गई हैं। इसके अतिरिक्त कोलकाता-खुलना-कोलकाता बंधन एक्सप्रेस भी रविवार को रद कर दी गई।

# अब बाइडन की जगह हैरिस का चुनाव अभियान चलाएगी रैपिड रिस्पॉन्स टीम

## 'एक्स' पर बाइडन के प्रचार अभियान दल के खाते का नाम कमला एचक्यू किया

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनाव मैदान से हटने और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के नाम का अनुमोदन करने के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बाइडन के प्रचार अभियान दल के खाते का नाम बदलकर 'कमला एचक्यू' कर दिया गया है। इसे कमला हैरिस के राष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार के तौर पर समर्थन करने के लिए बड़ा कदम माना जा रहा है।

प्रचार अभियान दल अपने संदेशों को प्रसारित करने और प्रतिद्वंद्वियों के हमलों का जवाब देने के लिए इस खाते का इस्तेमाल करता है। 'सीएनएन' ने बताया कि बाइडन-हैरिस अभियान के लिए 'एक्स' पर सोशल मीडिया त्वरित प्रतिक्रिया खाते 'बाइडन एचक्यू' का नाम बदलकर आधिकारिक रूप से 'कमला एचक्यू' कर दिया गया है। बाइडन के फैसले के बाद डेमोक्रेटिक कन्वेंशन नियम समिति




बाइडन द्वारा अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के बाद एक महिला व्हाइट हाउस के बाहर उनका आभार जताते हुए।

बुधवार को नामांकन की रूपरेखा पर चर्चा करेगी।

59 वर्षीय कमला हैरिस बड़े अमेरिकी राजनीतिक दल की पहली अश्वेत महिला और उपराष्ट्रपति हैं। वहीं बाइडन का समर्थन मिलने के बाद कमला हैरिस ने कहा कि वह सम्मानित महसूस कर रही हैं। अब वह डेमोक्रेटिक पार्टी का नामांकन मिलने के बाद जीतने के लिए काम करेंगीं।

बाइडन के 5 नवंबर को व्हाइट हाउस बाहर होने के फैसले के बाद डेमोक्रेटिक कन्वेंशन रूल्स कमेटी बुधवार को नामांकन को लेकर चर्चा करेगी। कमेटी के सह उपाध्यक्ष और गर्वनर टिम वॉल्ज और डेमोक्रेटिक पार्टी के लिआ ड्रौटी ने कहा कि नए उम्मीदवार के चयन की जिम्मेदारी कमेटी है। यह पारदर्शी, साफ और व्यवस्थित होगा। इस विचार को प्रस्तुत करने की प्रक्रिया व्यापक और निष्पक्ष होगी।

**ट्रंप को लेकर मस्क से भिड़े भारतवंशी अरबपति**

### खोसला ने पूर्व राष्ट्रपति को बताया- झूठा और धोखेबाज

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदवारी को लेकर अरबपति टेक कारोबारी एलन मस्क और भारतीय-अमेरिकी उद्यम पूंजीपति विनोद खोसला के बीच जुबानी जंग छिड़ गई। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में खोसला ने ट्रंप को एक ऐसा रिपब्लिकन नेता करार दिया, जिसमें कोई कोई नैतिकता नहीं है, जो झूठ बोलता है, धोखा देता है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म, अपमान करता है और उनके जैसे प्रवासियों से नफरत करता है। खोसला ने कहा कि उनके लिए ट्रंप जैसे व्यक्ति का समर्थन करना बहुत मुश्किल है। खोसला की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए मस्क ने कहा कि ट्रंप आपसे नफरत नहीं करते हैं। अलबत्ता, वह आपको पसंद करते हैं। उनसे मिलिए और अपने बारे में उनके विचार जानिए।

### ओबामा ने बाइडेन की तारीफ की, हैरिस पर चुप्पी साधी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने राष्ट्रपति पद की दौड़ से पीछे हटने के राष्ट्रपति जो बाइडन के फैसले की रविवार को प्रशंसा की। हालांकि राष्ट्रपति चुनावों के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार के रूप में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के नाम का तत्काल समर्थन करने से परहेज किया। पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने एक बयान में कहा कि आने वाले दिनों में हम अज्ञात रास्तों से गुजरेंगे, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी पार्टी के नेता एक ऐसी प्रक्रिया बनाने में सक्षम होंगे, जिससे एक उत्कृष्ट उम्मीदवार उभरकर सामने आएगा।

## नेपालः भूस्खलन के कारण नदी में डूबी बसें, 25 शव बरामद

**काठमांडू।** नेपाल में गत 12 जुलाई को भूस्खलन के कारण कुछ बसें नदी में बह गई थी और उसके बाद से अब तक 25 यात्रियों के शव बरामद किए गए हैं, जबकि 37 अन्य लापता हैं। एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि बसों में यात्रा करने वाले लोगों की संख्या पहले 65 बताई गई थी, लेकिन सत्यापन के बाद इसे संशोधित कर 62 कर दिया गया। चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्रदेव यादव ने कहा, "तीन यात्री तैरकर नदी से बाहर निकलने में सफल रहे, जबकि 25 के शव बरामद किए गए हैं।" उन्होंने बताया कि अन्य लोगों और दो बसों का अभी भी पता नहीं चल पाया है।

# इमरान की पार्टी के सूचना सचिव रऊफ गिरफ्तार

इस्लामाबाद, एजेंसी

- हसन रऊफ के खिलाफ अभी आरोप स्पष्ट नहीं

पाकिस्तान पुलिस ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सूचना सचिव रऊफ हसन को पार्टी के केंद्रीय सचिवालय पर सोमवार को छापेमारी के बाद गिरफ्तार कर लिया।


शुरुआत में यह चर्चा थी कि पीटीआई के चेयरमैन गौहर अली खान को भी गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, पार्टी प्रवक्ता जुल्फी बुखारी ने खान की गिरफ्तारी की खबर को खारिज कर दिया, जबकि हसन की गिरफ्तारी की पुष्टि की। यह स्पष्ट नहीं है कि हसन के खिलाफ क्या आरोप हैं। हसन पर कुछ सप्ताह पहले अज्ञात लोगों ने हमला किया था, जिससे उनके चेहरे पर चोटें आई थीं।

पार्टी ने एक्स पर एक पोस्ट में हसन की गिरफ्तारी की निंदा की और इस्लामाबाद पुलिस की आलोचना की। पार्टी ने कहा कि यह शर्मनाक है कि इस्लामाबाद पुलिस इस देश के हर कानून का पूरी तरह से मजाक बना रही है और उसकी अवहेलना कर रही है। पीटीआई नेता खुर्रम शेर जमां ने दावा किया कि पुलिसकर्मी पार्टी के कार्यालय से दस्तावेज और उपकरण जब्त कर रहे हैं।

# कुछ लोग नहीं चाहते कश्मीर में शांतिः अब्दुल्ला

श्रीनगर, एजेंसी

- नेकां अध्यक्ष ने भारत-पाक के 'कुछ' लोगों पर लगाए आरोप



जम्मू-कश्मीर के जम्मू संभाग में आतंकवादी हमलों में वृद्धि के बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारत और पाकिस्तान में कुछ लोग हैं, जो जम्मू-कश्मीर में शांति नहीं चाहते हैं। फारूक ने सोमवार को श्रीनगर में मीडिया से कहा, "मैं समझता हूं कि जम्मू-कश्मीर में हिंसा जारी रहने से उनकी खिचड़ी पकती है।"

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा "यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि दोनों देशों में ऐसे लोग हैं जो जम्मू-कश्मीर में शांति नहीं देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, "लोग शांति से रहना चाहते हैं और इसे कायम रखने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। स्थिति बिगड़ने पर जम्मू संभाग की पर्वतीय श्रृंखला में स्थिति से निपटने के लिए 7000 से अधिक सैनिकों को बुलाया गया है।" उन्होंने कहा कि हम कितना भी चिल्लाएं, कुछ नहीं होगा।

# ट्रंप पर हमले को खुफिया सेवा प्रमुख ने सबसे बड़ी चूक माना

वाशिंगटन, एजेंसी

- कई सांसदों ने खुफिया प्रमुख चीटल से इस्तीफा देने या राष्ट्रपति द्वारा उन्हें बर्खास्त करने की मांग की



अमेरिका की खुफिया सेवा की निदेशक किंबरली चीटल ने कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या का प्रयास किया जाना दशकों में एजेंसी की सबसे बड़ी चूक है।

चीटल ने सोमवार को संसद में अपनी पेशी के दौरान सांसदों को बताया, "13 जुलाई को हमसे चूक हुई।" उन्होंने कहा कि वह इस महीने की शुरुआत में पेनसिल्वेनिया में ट्रंप पर हुए हमले में एजेंसी से हुई चूक की पूरी जिम्मेदारी लेती हैं। रैली के दौरान 20 वर्षीय युवक ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप की हत्या का प्रयास करते हुए उनपर गोली चलाई थी। इस मामले में सुरक्षा चूक को लेकर चीटल के इस्तीफे की मांग की जा रही है।

थॉमस मैथ्यू क्रुक्स नामक युवक ने पास की इमारत की छत पर चढ़कर गोली चलाई, जो ट्रंप के कान में लगी, जबकि और दो अन्य उपस्थित लोग गोलीबारी में घायल हो गए थे। सांसद इस बात से हैरान हैं कि बंदूकधारी ट्रंप के इतने करीब कैसे पहुंच गया। गृह मंत्री एलेजांद्रो मेयरकास ने घटना को चूक बताया है, जबकि कई सांसदों ने चीटल से इस्तीफा देने या राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा उन्हें बर्खास्त करने की मांग की है। खुफिया सेवा ने कहा है कि चीटल इस्तीफा नहीं देना चाहतीं। अब तक उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं बाइडन और मेयरकास का समर्थन हासिल है।

## बोलीविया में सड़क हादसे में 22 लोगों की मौत

**ला पॉज।** बोलीविया के पटाकामाया शहर और उत्तरी चिली के टैम्बो क्वेमाडो शहर के बीच एक राजमार्ग पर बस और ट्रक की टक्कर में 22 लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। यह राजमार्ग बोलीविया और चिली को जोड़ता है। अल जजीरा ने पुलिस के हवाले से बताया कि 14 मृतकों की पहचान कर ली गई है।

दुर्घटना में मारे गए लोगों में चिली का एक नागरिक भी शामिल है। बस चिली की ओर जा रही थी। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि एक कार को ओवरटेक करने की कोशिश में ट्रक गलत लेन में प्रवेश कर गया था। इसके बाद ट्रक एक बस से टकरा गया। बोलीविया में हर साल सड़क दुर्घटना में लगभग 1,400 मौतें होती हैं। इसकी वजह वहां की लचर ट्रांसपोर्ट व्यवस्था भी है।

# हरियाणाः कड़ी सुरक्षा के बीच नूंह में ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा संपन्न

नूंह (हरियाणा), एजेंसी

पिछले साल हिंसा से प्रभावित हुई ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा सोमवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां शुरू हुई। यात्रा नल्हड़ महादेव मंदिर से शुरू हुई, जहां से श्रद्धालु फिरोजपुर झिरका स्थित झिर मंदिर पहुंचे। यात्रा का मार्ग करीब 80 किलोमीटर लंबा है।

यात्रा शुरू होने से पहले बड़ी संख्या में महिलाएं पूर्वाह्न करीब 11 बजे यहां भूतेश्वर मंदिर से नल्हड़ महादेव मंदिर पहुंचीं। तिरंगा चौक पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इससे पहले सुबह, यात्रा में भाग लेने वाले कई भक्त नल्हड़ मंदिर के लिए रवाना होने से पहले गुरुग्राम के सेक्टर 10 में राधा कृष्ण मंदिर में एकत्र हुए। हरियाणा सरकार ने यात्रा के मद्देनजर नूंह जिले में सुरक्षा बढ़ा दी गई और



ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा की शुरुआत से पहले नूंह के नल्हड़ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़। ● एजेंसी

उसने मोबाइल इंटरनेट एवं एक साथ कई लोगों को एसएमएस भेजने की सेवाओं को 24 घंटे के लिए निलंबित करने का रविवार को आदेश दिया।

पिछले साल 31 जुलाई को नूंह में विश्व हिंदू परिषद की शोभा यात्रा पर भीड़ द्वारा हमला किए जाने के बाद हुई झड़पों में दो होमगार्ड और गुरुग्राम की एक मस्जिद के एक मौलवी समेत छह लोगों की मौत हो गई थी। अधिकारियों के अनुसार, इस बार यात्रा के दौरान पुख्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिले में पुलिस और अर्धसैनिक बलों के 2,000 से अधिक कर्मियों को तैनात किया गया है।

## अमरनाथ यात्राः जम्मू से 3,281 तीर्थयात्रियों का 25वां जत्था रवाना

**जम्मू।** जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से 3,281 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रविवार तड़के रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 111 वाहनों में सवार 3,281 तीर्थयात्रियों के 25वें जत्थे ने तड़के 2 बज कर 55 मिनट पर भगवती नगर आधार शिविर से आगे की यात्रा शुरू की। सीआरपीएफ के जवानों ने जत्थे को सुरक्षा मुहैया कराई।

अधिकारियों के मुताबिक, जत्थे में शामिल 1,979 तीर्थयात्री अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे मार्ग से अमरनाथ गुफा मंदिर जाने के लिए पहलगाम पहुंचेंगे, जबकि बाकी 1,302 तीर्थयात्रियों ने गांदेरबल जिले में 14 किलोमीटर के अपेक्षाकृत छोटे, लेकिन कठिन बालटाल मार्ग को यात्रा के लिए चुना है।

# इजराइल ने गाजा के एक हिस्से को खाली करने का दिया आदेश

गाजा पट्टी, एजेंसी

- हमास के खिलाफ एक घातक अभियान शुरू करने की योजना बना रही सेना

इजराइली सेना ने सोमवार को गाजा पट्टी में उस हिस्से को खाली करने का आदेश दिया, जिसे उसने मानवीय क्षेत्र घोषित किया था। सेना ने कहा कि वह हमास के आतंकवादियों के खिलाफ एक अभियान शुरू करने की योजना बना रही है, जो इस क्षेत्र में छिपे हुए हैं और इसका इस्तेमाल इजराइल की ओर रॉकेट छोड़ने के लिए किया है। इस इलाके में मुवासी मानवीय क्षेत्र का पूर्वी हिस्सा शामिल है, जो दक्षिणी गाजा पट्टी पर स्थित है।

इस महीने की शुरुआत में, इजराइल ने कहा था कि उसका अनुमान है कि कम से कम 18 लाख फलस्तीनी अब मानवीय क्षेत्र में हैं। उसने भूमध्य सागर के साथ लगते लगभग 14 किलोमीटर (8.6 मील) की दूरी के हिस्से को मानवीय क्षेत्र घोषित किया था। संयुक्त राष्ट्र तथा मानवीय समूहों का कहना है कि इस क्षेत्र का ज्यादातर इलाका अब अस्थायी शिविरों से घिरा हुआ है, जहां साफ-सफाई तथा चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है।

यह घोषणा गाजा में संघर्ष विराम की मांग को लेकर हो रही नाजुक वार्ता के दौरान की गई है। अमेरिका और इजराइली अधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि संघर्ष विराम को लेकर एक समझौता होने के करीब है।

## आईएएस पूजा खेडकर की मां को न्यायिक हिरासत में भेजा

**पुणे।** पुणे जिले की एक अदालत ने भूमि विवाद को लेकर कथित तौर पर कुछ लोगों को बंदूक दिखाकर धमकाने के आरोप में गिरफ्तार परिवीक्षाधीन आईएएस पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

सोमवार को पुलिस हिरासत खत्म होने के बाद मनोरमा को प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पिछले साल पुणे की मुलशी तहसील के धडवाली गांव में एक भूमि विवाद को लेकर मनोरमा द्वारा कुछ लोगों को कथित तौर पर बंदूक का भय दिखाकर धमकाने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने उनकी और उनके पति दिलीप खेडकर की तलाश शुरू कर दी थी।

**पहली बार ...** रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ने तस्वीरों को किया जारी

# न्यूट्रॉन तारे के जेट की तस्वीर कैमरे में कैद, अंग्रेजी के 'एस' जैसी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचारः वैज्ञानिकों को पहली बार न्यूट्रॉन तारे के जेट की तस्वीर कैमरे में कैद करने में सफलता मिली है। यह जेट बगीचे में स्प्रे करने वाले फुहारे (स्प्रिंकलर) की तरह है। रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ने तस्वीरों को जारी किया है।



तारों की महिमा अपरंपार है। हमारा मध्यम आकार का तारा यानी सूर्य हमारे पूरे सौर मंडल का संचालन करता है, तो समझ सकते हैं कि बड़े विशाल तारों की दुनिया कैसी होती होगी और ब्रह्मांड में किस तरह से अपना वर्चस्व रखते होंगे, जिनके बारे में हम एक तिनका जितनी ही जानकारी हासिल कर सके हैं। इन्हें पूर्णरूप से समझने के लिए न जाने अभी और कितना समय लगेगा। खगोलीय दुनिया से जुड़े लोगों का कहना है कि हम जितनी भी जानकारी ग्रह नक्षत्रों की जुटाते हैं, उससे कई गुना अधिक जिज्ञासा बढ़ जाती है।

बता दें कि आधुनिक खगोल विज्ञान का अतीत चार सौ साल पुराना है। इस अंतराल में हमारी जानकारी क्षणिकमात्र है। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ब्रह्मांड को जानने के लिए अभी कितना लंबा समय और लगेगा।

बहरहाल, चार सदी के बाद न्यूट्रॉन तारे के जेट की पहली तस्वीर देखने को मिली है। बेहद अजीब, किसी गार्डन में पानी का छिड़काव करने वाले फुहारे की तरह है। इस न्यूट्रॉन तारे का आकार अंग्रेजी शब्द 'एस' के समान है। यह जेट सर्किनस एक्स-1 बाइनरी स्टार सिस्टम का हिस्सा है। फुहारे की तरह स्प्रे करने के पीछे कारण तारे के चारों ओर गर्म गैस के कंपन करना है। जिस कारण वह दिशा बदलता है।

रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ने विगत 16 जुलाई को यह मूल लेख प्रकाशित किया है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के खगोलविदों की टीम ने दक्षिण अफ्रीका स्थित रेडियो दूरबीन से यह कामयाबी हासिल की। खोजकर्ता खगोलविदों का कहना है कि उन्होंने पहले ब्लैक होल के चारों ओर जेट के साथ पूर्वता तो देखी थी, लेकिन न्यूट्रॉन सितारों के साथ नहीं देखा था।

यह न्यूट्रॉन तारा बाइनरी सिस्टम सर्सिनस एक्स-1 में स्थित है, जो पृथ्वी से 30,000 प्रकाश वर्ष से अधिक दूर है। इसका निर्माण एक विशाल महादानव तारे के मूल से हुआ था, जो स्टोनहेंज के निर्माण के समय ही नष्ट हो गया था। यह इतना घना है कि इसके एक चम्मच पदार्थ का वजन माउंट एवरेस्ट के बराबर है।

### न्यूट्रॉन तारा व ब्लैक होल में अंतर

**नैनीताल :** न्यूट्रॉन तारे व ब्लैक होल ब्रह्माण्ड के राक्षस के समान हैं। ये तब बनते हैं, जब ब्रह्मांड के सबसे बड़े तारे अपने ही गुरुत्वाकर्षण के कारण खत्म हो जाते हैं। ब्लैक होल काफी अधिक विशाल होते हैं। केवल उनके गुरुत्वाकर्षण प्रभावों के माध्यम से ही उनका पता लगा सकते हैं। न्यूट्रॉन तारों को उनकी सघनता के बावजूद सीधे देख सकते हैं। न्यूट्रॉन तारे ब्रह्मांड में सबसे चरम वस्तुओं में से कुछ हैं और इनका आंतरिक भाग लगभग पूरी तरह से न्यूट्रॉन से बना होता है।